www.anantgyaan.in

सूर्योदय 6:59 सूर्यास्त 6:11

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 6.6 न्यू | 16.08 अधि |
| धर्मशाला | 7.02 न्यू | 21.00 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 72050 .38 |
| निफ्टी | 21910 .80 |
| सोना 62,070 | चांदी 72,717 |

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार



धर्मशाला | शुक्रवार, 16 फरवरी 2024 | 4 फाल्गुन, विक्रमी संवत 2080 वर्ष 1, अंक 59 कुल पृष्ठ 14 मूल्य : 5 रुपए |

रोहित-जडेजा ने शतक जड़कर भारत के नाम किया पहला दिन... पेज 14

## घृत श्रृंगार में गढ़धनोरा महादेव केशकाल छत्तीसगढ़ के दर्शन



**मंडी।** महाशिवरात्रि महोत्सव के कारज शुरू होने के 7वें दिन बाबा भूतनाथ के स्वयंभू शिवलिंग पर धृत श्रृंगार में गढ़धनोरा महादेव केशकाल छत्तीसगढ़ का स्वरूप उकेरा गया। धनोरा को कर्ण की राजधानी कहा जाता है। गढ़ धनोरा में 5वीं सदी के प्राचीन मंदिर विष्णु एवं अन्य मूर्तियां व बावड़ी प्राप्त हुई है। यहां केशकाल ओलों की खुदाई पर अनेक शिव मंदिर मिले हैं। यहां एक टीले पर कई शिवलिंग हैं और यह गोबरहीन के नाम से प्रसिद्ध है। यहां महाशिवरात्रि के अवसर पर विशाल मेला लगता है। केशकाल की पवित्र पुरातात्विक भूमि के नारना में अद्भुत शिवलिंग और पिपरा के जोड़ा शिवलिंग की बड़ी मान्यता है। क्षेत्रवासी गढ़धनोरा महादेव केशकाल का दर्शन कर भाव विभोर हो गए।

# बजट सत्र: अली खड्ड योजना के विरोध में भाजपा का वॉकआउट

## रणधीर बोले- बिलासपुर को हिंदुस्तान और पाकिस्तान की सीमा बना देना उचित नहीं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

प्रदेश विधानसभा बजट सत्र के दूसरे दिन प्रश्नकाल के बाद बिलासपुर की सीमा पर अर्की की अली खड्ड योजना पर विपक्ष ने नियम 67 के तहत स्थगन प्रस्ताव पर सारा काम रोककर चर्चा मांगी और हंगामा किया। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने चर्चा की अनुमति नहीं दी, तो भाजपा विधायक दल ने नारेबाजी करते हुए सदन से वॉकआउट कर दिया। भाजपा विधायक रणधीर शर्मा ने सदन में प्रश्नकाल के बाद नियम 62 में चर्चा मांगी गई थी, लेकिन अनुमति नहीं मिली।

विधानसभा अध्यक्ष ने इस तरह से मामला नहीं उठाने के लिए रोका, तो रणधीर शर्मा ने कहा कि उन्हें पुलिस की लाठी से चोट लगी है। यहां पर मामला नहीं उठाएंगे तो कहां उठाएंगे।



### सरकार के खिलाफ की नारेबाजी

सोलन-बिलासपुर की सीमा पर बन रही कीकर-नवगांव जल परियोजना लेकर हुई हिंसा के विरोध में भाजपा विधायकों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान भाजपा विधायक रणधीर शर्मा अपनी जख्मी अंगुलियों को दिखाते नजर आए।

### आदेश के बाद भी चला है काम

रणधीर ने शर्मा ने कहा कि अली खड्ड विवाद को लेकर जब वह आंदोलनकारियों से बात करने जा रहे थे तो डीएसपी ने रोका और लाठीचार्ज किया और उन्हें खुद भी चोटें आई हैं। बिलासपुर को हिंदुस्तान और पाकिस्तान की सीमा बना देना उचित नहीं है। बहुत सी धाराएं लगाई गई हैं। डकैती तक की धाराएं लगाई गई हैं। किसने डकैती की है? ऐसी धाराएं प्रधानों और चुने हुए प्रतिनिधियों पर लगाया जाना उचित नहीं है। उपमुख्यमंत्री और सीएम काम रोकने के आदेश दे रहे हैं, लेकिन मना करने के बावजूद वहां काम चला हुआ है।

### हर्षवर्धन बोले-महत्वपूर्ण है मामला

**हाइड्रोलॉजिस्ट** की रिपोर्ट के बिना ही इतनी बड़ी योजना बनाई जा रही है। अंबुजा कंपनी ने पैसा दिया है तो लोगों को लगता है कि इसी कंपनी के लिए पानी जा रहा है। गर्मियों में पानी की दिक्कतें आती हैं। योजनाएं बंद हो जाती हैं। यह जिद्द क्यों पकड़ी गई है। स्कीम बनाना बंद करें और एफआईआर बंद करें। उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि यह एक महत्वपूर्ण मामला है। ठेकेदार अपनी मर्जी से काम कर रहा होगा। वह नहीं चाहते कि क्षेत्र के लोगों के बीच तनाव हो। स्पीकर ने कहा कि इस मामले को शुक्रवार को लगाया जाएगा। इस पर भाजपा सदस्यों ने सदन में नारेबाजी की। विपक्ष इस पर चर्चा के लिए अड़ा रहा और सदन से वॉकआउट कर गया। हालांकि कुछ देर बाद फिर सदन में लौट आए।

### पूर्व विधायक दीनानाथ के निधन पर शोक प्रकट

**दूसरे** दिन की बजट सत्र की कार्यवाही शुरू होते ही पूर्व विधायक दीनानाथ गौतम के निधन पर शोक प्रकट किया। इसके बाद प्रश्नकाल शुरू हुआ। सुबह कार्यवाही शुरू होने से पहले नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर व भाजपा विधायक नारेबाजी करते हुए सदन में गए।

# चुनावी बॉन्ड स्कीम असंवैधानिक, सुप्रीम कोर्ट का फंडिंग पर सरकार को झटका

## कहा- दान देने वाले लोगों के नाम चुनाव आयोग को बताए एसबीआई


**एजेंसी, नई दिल्ली**



**सुप्रीम** कोर्ट ने इलेक्टोरल (चुनावी) बॉन्ड को असंवैधानिक करार दिया है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय बेंच ने दूरगामी परिणाम वाले इस ऐतिहासिक फैसले में भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को छह वर्ष पुरानी योजना में दान देने वालों के नामों की जानकारी निर्वाचन आयोग को देने के निर्देश दिए। जानकारी में यह भी शामिल होना चाहिए कि किस तारीख को यह बॉन्ड भुनाया गया और इसकी राशि कितनी थी। साथ ही पूरा विवरण छह मार्च तक निर्वाचन आयोग के समक्ष पेश किया जाना चाहिए।

चुनाव आयोग 13 मार्च तक यह जानकारी अपनी वेबसाइट पर प्रकाशित करें। अभी जो बॉन्ड कैश नहीं हुए हैं राजनीतिक दल उसे बैंक को वापस करें। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह संविधान की ओर से प्रदान की गई सूचना के अधिकार और बोलने व अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार का उल्लंघन है।

### इलेक्टोरल बॉन्ड से मिला दान




- छह मार्च तक निर्वाचन आयोग के समक्ष पेश करें पूरा विवरण
- जो बॉन्ड कैश नहीं हुए, उन्हें राजनीतिक दल बैंक को वापस करें।

### पीएम मोदी को देना चाहिए इस्तीफा: सुब्रमण्यम स्वामी



**सुप्रीम** कोर्ट के फैसले के बाद बीजेपी नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा है। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के बाद पीएम मोदी से इस्तीफा देने की मांग की है। सुब्रमण्यम स्वामी ने 'एक्स' पर लिखा कि मुझे लगता है कि मोदी को इस्तीफा देने के लिए कहना चाहिए क्योंकि चुनावी बॉन्ड पागलपन भरा विचार था और एक बड़ा घोटाला बन गया, जिसने भ्रष्टाचार से लड़ने के भाजपा के दावे को नुकसान पहुंचाया। पार्टी की खातिर मोदी को इस्तीफा दे देना चाहिए।



### मोदी की भ्रष्ट नीतियों का एक और सबूत: राहुल

**राहुल** गांधी ने एक्स पर एक पोस्ट के जरिए कहा कि चुनावी बॉन्ड स्कीम नरेंद्र मोदी की भ्रष्ट नीतियों का एक और सबूत आपके सामने है। बीजेपी ने इलेक्टोरल बॉन्ड को रिश्वत और कमीशन लेने का माध्यम बना दिया था। आज इस बात पर मुहर लग गई है।

### विपक्षी गठबंधन को झटका

## जेएंडके में नेशनल कॉन्फ्रेंस लड़ेगी अकेले चुनाव : फारूक

**नई दिल्ली।** विपक्षी गठबंधन को लोकसभा चुनाव 2024 से पहले एक और बड़ा झटका लगा है। जम्मू-कश्मीर की पार्टी नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि पार्टी अपने बलबूते पर अकेले चुनाव लड़ेगी। इससे पहले दिल्ली-पंजाब में 'आप' और पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी अकेले चुनाव लड़ने का ऐलान कर चुकी है।



नेशनल कॉन्फ्रेंस पार्टी के नेता उमर अब्दुल्ला ने कहा कि हमारे साथ एनडीए का कोई वास्ता नहीं है, न ही हम आगे जाकर एनडीए के साथ आएंगे। इसकी कोई गुंजाइश नहीं है, जहां तक विपक्षी गठबंधन को छोड़ने की बात है तो मैं साफ कर दूं कि विपक्षी गठबंधन के पास पहले से ही तीन सीटें हैं, हमारा मकसद आज भाजपा को रोकना है। कांग्रेस के साथ सीट बंटवारे को लेकर अभी कोई चर्चा नहीं हुई है। अगर विपक्षी गठबंधन का मकसद एक-दूसरे को कमजोर करना है, तो हम इस पर बात कर सकते हैं, लेकिन गठबंधन का मकसद भाजपा को कमजोर करना है, तो नेशनल कॉन्फ्रेंस को कमजोर करके आपको क्या मिलेगा।

## न्यूज शॉर्ट्स

### ईडी रिमांड पूरा होने के बाद हेमंत सोरेन को भेजा जेल



**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की 13 दिनों की रिमांड अवधि खत्म होने पर वीरवार को ईडी कोर्ट में पेश किया। ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत ने उन्हें न्यायिक हिरासत में 22 फरवरी तक के लिए बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार भेज दिया। अब उनकी पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए होगी।

### हथियार-गोला-बारूद के साथ आतंकी का सहयोगी गिरफ्तार



**श्रीनगर।** कुपवाड़ा जिले के लालपोरा इलाके में हथियारों और गोला-बारूद के साथ एक आतंकवादी सहयोगी को सुरक्षाबलों ने गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गुंडिमाचेर ब्रिज पर कुपवाड़ा पुलिस, सेना ने संयुक्त नाका लगाया। चेकिंग के दौरान लालपोरा से गुंडमाचेर की ओर आ रहे एक व्यक्ति की संदिग्ध गतिविधि देखी गई। जवानों ने उसे पकड़ लिया। गिरफ्तार व्यक्ति ने अपना नाम रफीक अहमद गनी और लालपोरा का निवासी बताया। बैग से एक पिस्तौल, पिस्तौल मैगजीन, 10 राउंड, दो हथगोले और एक मोबाइल फोन बरामद किया गया।

### टीएमसी सांसद मिमी चक्रवर्ती ने दिया इस्तीफा



**कोलकाता।** 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले पश्चिम बंगाल में संदेशखाली की हिंसा के मुद्दे पर घिरी ममता बनर्जी को बड़ा झटका लगा है। पार्टी की सांसद मिमी चक्रवर्ती ने नाराजगी के बाद अपना इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने अपना इस्तीफा ममता बनर्जी को भेजा है। अभिनय से राजनीति में आई चक्रवर्ती नाराज बताई जा रह रही हैं।

## टॉप स्टोरीज

शराब के शौकीनों को झटका, प्रति बोतल सेस बढ़ाएगा एमसी ...पेज 4

लोकसभा चुनावों को लेकर कांग्रेस नेता शांत ...पेज 6

किसानों ने निकाला तोड़, 10 रुपए की पतंग से मार गिराया लाखों का ड्रोन ...पेज 14


## पंजाब में रेल ट्रैक जाम, हरियाणा के सात जिलों में 17 तक इंटरनेट बैन

**एजेंसी, अंबाला**

**पंजाब** के किसानों के दिल्ली कूच का वीरवार को तीसरा दिन है। फसलों के लिए एमएसपी की गारंटी समेत बाकी मांगें पूरी कराने के लिए वह हरियाणा के शंभू बॉर्डर पर डटे हुए हैं। हरियाणा पुलिस ने सात लेयर की बैरिकेडिंग और आंसू गैस के गोले छोड़कर तीन दिन से किसानों को रोका हुआ है।

हरियाणा से लगते पंजाब की खनौरी और डबवाली बॉर्डर भी तीन दिन से बंद हैं। किसानों ने आज पंजाब के छह जिलों में 12 बजे से 4 बजे तक रेल रोको आंदोलन किया। तीन घंटे तक पंजाब के कई इलाकों में टोल नाके फ्री कर दिए। वहीं, हरियाणा के सात जिलों में इंटरनेट बैन 17 फरवरी की आधी रात तक बढ़ाया गया है।

### सीएम खट्टर बोले- यह तो सेना के आक्रमण जैसा माहौल



**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि किसानों ने तो सेना के आक्रमण जैसा माहौल बना दिया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार से मांग है कि दिल्ली जाना हर किसी का लोकतांत्रिक अधिकार है, लेकिन उसका मोटिव भी ध्यान में रखना चाहिए। आज भी उन लोगों की वीडियो सामने आ रही हैं।

### टिकरी बॉर्डर पर आवाजाही बंद

**नई दिल्ली।** किसानों के 'दिल्ली चलो' आंदोलन के चलते तीसरे दिन भी दिल्ली-हरियाणा के बीच दो प्रमुख सीमाओं पर वाहनों की आवाजाही बंद है, जबकि राष्ट्रीय राजधानी में महत्वपूर्ण स्थानों पर दंगा रोधी सुरक्षाकर्मी तैनात किए हैं। हरियाणा से लगी दो सीमाएं-टिकरी और सिंघू बॉर्डर बंद हैं।

### हिमाचल में रोचक हुआ राज्यसभा का चुनाव, भाजपा ने राज्यसभा के लिए दिया उम्मीदवार

## हर्ष महाजन के मैदान में उतरने से बदले सियासी मायने

**अरविंद शर्मा, शिमला**

**हिमाचल** प्रदेश से राज्यसभा की एकमात्र सीट पर होने वाले चुनाव को लेकर भाजपा ने आज अपना उम्मीदवार चुनाव मैदान में उतार दिया है। भाजपा ने हर्ष महाजन को राज्यसभा का उम्मीदवार बनाया है। हर्ष महाजन ने वीरवार को विधानसभा में भाजपा अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर की अगुआई में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।

भाजपा की ओर से हर्ष महाजन को मैदान पर उतारने से अब सियासी मायने काफी बदल गए हैं। ऐसे में कांग्रेस खेमे में भी चुनाव को लेकर हलचल तेज हो गई है। हर्ष महाजन की कांग्रेस के कई विधायकों से अच्छे तालमेल बताए जा रहे हैं, वहीं कांग्रेस के कई विधायक पहले से सरकार से नाराज चल रहे हैं। इसके चलते राज्यसभा सीट के लिए होने वाले चुनाव में और भी गर्माहट दिखाई दे रही है। वहीं, हर्ष महाजन ने भी यह दावा किया है कि वह जीत के लिए ही मैदान में उतरे हैं और वह यह चुनाव जरूर जीतेंगे। हर्ष महाजन ने कहा कि भाजपा ने उन्हें पूरा मान सम्मान दिया है और वह इस मान सम्मान ने लिए भाजपा शीर्ष नेतृत्व व प्रदेश के भाजपा पदाधिकारियों का भी आभार जताते हैं। (अनंत ज्ञान)



राज्यसभा के लिए नामांकन भरते भाजपा प्रत्याशी हर्ष महाजन।

### कांग्रेस खेमे में खलबली

**हर्ष** महाजन के नामांकन भरे जाने के बाद कांग्रेस खेमे में भी खलबली मची हुई है। कांग्रेस को अपने नाराज विधायकों को 27 फरवरी तक अपने साथ रखने को लेकर रणनीति बनाई जा रही है। हर्ष महाजन के कांग्रेस विधायकों से बेहतर संबंध भी कांग्रेस खेमे में हलचल मचाए हुए हैं, ऐसे में राज्यसभा की सीट के लिए होने जा रहे चुनाव जरूर दिलचस्प हो रहे हैं।

### बिंदल, जयराम और हर्षवर्धन की तिकड़ी बिगाड़ सकती है समीकरण

**भाजपा** अध्यक्ष डॉ, राजीव बिंदल, पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर व हर्षवर्धन की तिकड़ी के सक्रिय होने से कई सियासी मायने लगाए जा रहे हैं। कांग्रेस सरकार से नाराज चल रहे विधायकों को यह तिकड़ी आगामी सियासी पारी खेलने को लेकर अपनी नई रणनीति तैयार कर रही है। बिंदल ने भी हर्ष महाजन की जीत को लेकर दावा किया है। उन्होंने कहा कि चुनाव मिलकर लड़ा जाएगा। वहीं, पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि हमारा काम करने का एक तरीका है और कई विधायक इस बार पीड़ा को लेकर गुजर रहे हैं, ऐसे में उन्हें अपनी अंतरात्मा की आवाज सुननी चाहिए। जब कोई उम्मीवार मैदान में उतरता है, तो वह जीत के लेकर ही मैदान में आता है। जयराम ने कहा कि भाजपा जो भी निर्णय करती है, सोच-समझकर ही करती है। उन्होंने कहा कि हर्ष महाजन हमारे पुराने साथी हैं और उन्हें राजनीति का लंबा अनुभव है। उन्होंने कहा कि हिमाचल बहुत छोटा राज्य है, यहां राज्यसभा की चार सीटे हैं। कांग्रेस से हिमाचल से कोई नेता होता तो बहुत अच्छा होता, लेकिन यह कांग्रेस पार्टी का निर्णय है।

### अव्यवस्था शिमला शहर में 500 लीटर डैड माइलेज में चल रही एचआरटीसी की बसें

# एचआरटीसी को रोजाना लग रही 40 हजार की चपत

**जय ठाकुर, शिमला**

**हजारों** करोड़ रुपए के घाटे की मार झेल रहे हिमाचल पथ परिवहन निगम (एचआरटीसी) में अफसरशाही की अव्यवस्था के कारण निगम का घाटा लगतार बढ़ता जा रहा है।

आलम यह है कि निगम के लोकल डिपो की रोजाना 25 से 30 बसें डेड माइलेज में चल रही हैं, जिसके चलते निगम को प्रतिदिन करीब 30 से 40 हजार की चपत लग रही है। एचआरटीसी की बसें पुराने बस अड्डे से रोजाना ढली के लिए केवल मात्र डीजल भरवाने के लिए जा रही हैं।

बसों में केवल डीजल भरवाने के लिए ही इन्हें अतिरिक्त 30 से 35 किलोमीटर घुमाया जा रहा है, जिसके चलते निगम के राजस्व को तो चपत लग ही रही है। वहीं, शहर में जाम की समस्या भी बढ़ती जा रही है। (अनंत ज्ञान)




### समयसारिणी का नहीं हो रहा पालन

**बसों** को गंतव्य स्थान तक भेजने में भी समयसारिणी का अनुपालन नहीं हो पा रहा है, जिससे जनता को परेशान होना पड़ रहा है। निगम की बसों में हालांकि बाईपास स्थित पंप पर ही बसों में तेल भरवाया जाता है, लेकिन यहां पर इन दिनों बसों में पूरा डीजल नहीं डाला जा रहा है। निगम के ढली स्थित पंप पर ही ऐसे में बसों को भेजना बस अड्डा इंचार्ज की मजबूरी बन गई है।

### एचआरटीसी प्रबंधन नहीं ले रहा कोई सबक

**निगम** में कार्य कर रहे करीब 12 हजार से अधीक कर्मचारियों सहित सेवानिवृत्त कर्मचारियों की करोड़ों रुपए की देनदारियां लंबित हैं, लेकिन निगम प्रबंधन इससे कोई भी सबक नहीं ले रहा है। निगम में अव्यवस्थाओं के आलम के चलते रोजाना घाटा और अधिक बढ़ रहा है।

### आने-जाने में ही लग जाते हैं दो घंटे

**निगम** की बसों को पुराना बस अड्डे से ढली जाने के लिए करीब दो से तीन घंटे अतिरिक्त लग जाते हैं, जिससे चालक-परिचालकों का समय बर्बाद हो रहा है। वहीं, इतनी बसों के शहर में संचालन से जाम जैसी स्थिती भी बनी रहती है। इन दिनों शिमला शहर में विधानसभा सत्र के चलते पहले से जाम की समस्या बनी हुई है। ऐसे में इस जाम में प्रबंधन की लापरवाही और भी भारी पड़ रही है।

## इमरान ने उमर अयूब को पीएम पद के लिए चुना

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान जेल में हैं। उनके समर्थन वाले निर्दलीय उम्मीदवार सबसे ज्यादा जीते हैं। हालांकि उनके पास बहुमत नहीं है। इमरान जेल में हैं, जहां से बैठे-बैठे उन्होंने पीटीआई की ओर से पीएम पद के उम्मीदवार के नाम का ऐलान किया।



इमरान खान ने उमर अयूब खान को पीएम और मियां असलम को पंजाब के मुख्यमंत्री पद के लिए पार्टी के उम्मीदवार के रूप में चुना है। नेशनल असेंबली के पूर्व स्पीकर असद कैसर ने यह जानकारी दी है।

### शरद गुट को स्पीकर का झटका

## अजीत पवार गुट ही असली एनसीपी, विधायक अयोग्य नहीं

**एजेंसी, मुंबई**

**महाराष्ट्र** विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने फैसला किया कि अजीत पवार गुट ही 'असली एनसीपी' राजनीतिक पार्टी है। निर्णय विधायी बहुमत के कारक पर आधारित था।



छह महीने से अधिक समय तक चली सुनवाई के बाद चुनाव आयोग ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के विवाद का निपटारा किया और अजीत पवार के नेतृत्व वाले गुट के पक्ष में फैसला सुनाया। लगातार आयोग के समक्ष दोनों पक्ष अपनी-अपनी दलीलें रख रहे थे। अब चुनाव आयोग के बाद महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने यह फैसला अजीत पवार के पक्ष में सुनाया है। एनसीपी पिछले साल जुलाई में विभाजित हो गई थी, जब अजित पवार के नेतृत्व वाले एक गुट ने महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ भाजपा-शिवसेना सरकार में शामिल होने के लिए अपने चाचा और एनसीपी के संस्थापक शरद पवार के खिलाफ बगावत कर दी थी। इसके बाद दोनों गुटों ने पार्टी के नाम और चुनाव चिह्न पर अपना दावा पेश किया था।

महापौर ने नगर निगम शिमला का 247.44 करोड़ रुपए का वार्षिक बजट किया पेश ▶ दो घंटे 1 मिनट तक चला बजट भाषण ▶ 11:17 मिनट पर हुआ शुरू और 1:18 मिनट पर हुआ समाप्त

# शराब के शौकीनों को झटका, प्रति बोतल सेस बढ़ाएगा एमसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

नगर निगम शिमला का वर्ष 2024-25 के लिए 247.44 करोड़ रुपए का वार्षिक बजट वीरवार को बचत भवन में पेश किया गया। सूबे के कांग्रेस शासित नगर निगम का यह बजट महापौर सुरेंद्र चैहान की ओर से पेश किया गया।

इस बजट में कई बड़ी घोषणाएं की गई। वहीं, शिमला में शराब के शौकीनों को झटका लगा है। निगम ने शराब की प्रति बोतल पर दो से 10 रुपए सेस बढ़ाने का निर्णय लिया है। इसको लेकर निगम सरकार से मांग करेगा। वहीं, निगम बाहरी राज्यों से राजधानी में आने वाले वाहनों से ग्रीन फीस भी वसूलेगा। इससे निगम को हर साल 10 करोड़ की आय होगी। इसके अलावा बजट में कई घोषणाएं की गई हैं, जिसमें शहर में पार्किंग, सड़कों को चौड़ा करने, कुतों के आतंक से निजात दिलाने की बात कही गई है। शिमला में आवारा कुतों की गणना करवाई जाएगी। आवारा कुतों की नसबंदी और पंजीकरण किया जाएगा। इस बजट में यह भी एक बड़ी बात है कि शिमला शहरवासियों पर किसी भी प्रकार का अतिरिक्त

- बाहरी राज्यों से आने वाले पर्यटकों से वसूली जाएगी ग्रीन फीस, एमसी को हर साल 10 करोड़ की होगी आय
- शहरवासियों पर किसी भी प्रकार का अतिरिक्त शुल्क-कर नहीं लगाया और न ही बढ़ाया

शुल्क-कर नहीं लगाया गया है और न ही बढ़या गया है। निगम शिमला द्वारा कारपोरेट सोशल रिसपौंसिब्लिटी के अंतर्गत एसजेविएनएल और रैड क्रास सोसायटी के सहयोग से दूध, दहीं व लस्सी के खाली पैकिट इक्ट्ठा करने के लिए अभियान का शुभारंभ किया गया है, जिसके अंतर्गत 50 किलो दूध, दहीं व लस्सी के खाली पैकेट को इक्ट्ठा करने वाले वार्ड को एक लाख रुपए की राशी ईनाम के तौर पर दी जाएगी। इससे शिमला को स्वच्छ व साफ रखने के दृष्टिगत प्लास्टिक मुक्त करने में भी सहयोग मिलेगा। बजट भाषण 2 घंटे 1 मिनट तक चला। ठीक 11:17 मिनट पर शुरू हुआ और 1:18 मिनट पर समाप्त हुआ।




नगर निगम का वार्षिक बजट प्रस्तुत करने जाते निगम महापौर सुरेंद्र चौहान व उपमहापौर उमा कौशल। (फोटो-प्रदीप कुमार)



नगर निगम का वार्षिक बजट प्रस्तुत करने से पहले पार्षदों से मिलते महापौर सुरेंद्र चौहान।



वार्षिक बजट प्रस्तुत करने से पहले प्रतियां दिखाते महापौर सुरेंद्र चौहान, उपमहापौर उमा कौशल।

## जानिए, कहां-कहां खर्च होगा बजट



महापौर ने कहा कि राजस्व व्यय में कुल 110.79 करोड़ का खर्च होना है और वहीं पूंजीगत व्यय में कुल 136.45 करोड़ का खर्च होना है। पूंजीगत व्यय के अंतर्गत विभिन्न विकासात्मक योजनाओं जैसे निगम के भवनों, पार्किंग, सड़कों, नाले-नालियों के निर्माण, लाइट लगवाने, दफ्तर के फर्नीचर आदि पर 89.07 करोड़ रुपए खर्च होने हैं। स्मार्ट सिटी के अंतर्गत 11.82 करोड़ रुपए खर्च होंगे। बायोमिथेलेशन प्लांट के निर्माण के लिए 12 करोड़ रुपए खर्च होंगे और इसके अलावा 23.40 करोड़ अन्य कार्यों के लिए खर्च होंगे, निर्माण सामग्री खरीदने के लिए भी 15 लाख रुपए की राशि खर्च की जाएगी। इसके अतिरिक्त राजस्व व्यय में कर्मचारियों की तनख्वाह, भत्ते आदि, निगम के दफ्तरों के व्यय जैसे बिजली, टेलीफोन आदि, लोन की ब्याज, निगम द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रम आदि पर कुल 110.79 करोड़ खर्च होना है।



नगर निगम के वार्षिक बजट के प्रस्तुत किए जाने के दौरान उपस्थित पार्षद।

## बुजुर्गों को घर से निशुल्क जांच सैंपल की मिलेगी सुविधा

बजट में बुजुर्गों के घर से निशुल्क जांच सैंपल सुविधा शुरू की जाएगी। शहर के बुजुर्गों के ब्लड सैंपल टेस्ट के लिए घरों से निशुल्क लिए जाएंगे। इससे बुजुर्गों को टेस्ट के लिए अस्पताल नहीं दौड़ना पड़ेगा।

## भाजपा पार्षदों ने बताया निराशाजनक बजट

भाजपा के पार्षदों ने इस बजट को निराशाजनक बताया है। भाजपा पार्षद सरोज ठाकुर ने कहा कि बजट में कुछ नया नहीं है। स्मार्ट सिटी के कामों का ही जिक्र किया गया है। बजट से पहले सभी पार्षदों से सुझाव लेकर वार्डों की प्राथमिकताएं पूछी जाती थी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ है। इस दौरान महापौर के साथ कुछ समय बहसबाजी भी हुई। वहीं, भाजपा पार्षद बिट्टू पान्ना ने कहा कि निगम ने आपदा से कोई सबक नहीं सीखा है। आपदा से निपटने का बजट में कोई प्रावधान नहीं है। यह बजट पूरी तरह निराशाजनक है।

## 15 इलेक्ट्रिक कूड़ा वाहन खरीदेंगे, कई वार्डों में 24 घंटे पानी

निगम नए 15 इलेक्ट्रिक कूड़ा वाहन खरीदेगा। कूड़े की जिन गाड़ियों की 15 वर्ष की अवधि से अधिक का समय हो गया है, उसे अनुपयोगी घोषित कर ऑक्शन की जाएगी। कई सेवाएं ऑनलाइन की जाएंगी। इसी साल से शहर के कई वार्डों में 24 घंटे पानी की आपूर्ति मिलेगी। शहर के वार्डों में आरआरआर सेंटर खुलेंगे। इसमें लोग पुराने कपड़े, जूते, किताबें दे सकेंगे व पानी के चश्मों का इस्तेमाल होगा।

## निगम के बजट की अन्य बड़ी घोषणाएं

- शिमला शहर में आम लोगों की सुविधा के लिए तीन थेमेटिक पार्क बनाए जाएंगे।
- शिमला शहर को होर्डिंग मुक्त करवाने के दृष्टिगत माल रोड व सर्कुलर रोड पर डिजिटलाईजेशन स्क्रीनें लगेंगी।
- शहर में मैटरों सर्विलैंस केंद्र खोले जाएंगे, जिससे सर्विलैंस प्रोग्राम शहर में और शहर के आसपास क्षेत्रों में महामारी फैलाने वाली बीमारियों की निगरानी करेगा।
- वाहनों की बढ़ती संख्या व बाहरी राज्य से आने वाले वाहनों की सुविधा के लिए 2000 वाहनों को पार्क करने की सुविधा मिलेगी।
- शहर के विभिन्न नालों को किया जाएगा चैनेलाइज
- शहरवासियों को प्रदान की जा रही सेवाओं जैसे संपत्ति कर, पानी, सीवरेज, भवन नक्शे, लाइसेंस आदि की एक ही युनिक्यू आईडी बनाई जाएगी।
- शहर विभिन्न स्थानों पर पांच ई-चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जाएंगे।
- निगम द्वारा सब्जी मंडी में लगभग 130 करोड़ रुपए की लागत से यूनिट माल बनाया जाएगा। वार्डों में भूमि की उपलब्धता अनुसार नवयुवकों को डिजीटल लाइब्रेरी की व्यवस्था उपलब्ध करवाने की प्रस्तावना है।
- जन्म व मृत्यू पंजीकरण का पुराना रिकॉर्ड वर्ष 1870 से मई 2015 तक डिजीटाईजेशन किया जाएगा।
- लोक निर्माण विभाग के माध्यम से 130 करोड़ रुपए की लागत से शिमला शहर के सर्कुलर रोड चौड़े किए जाएंगे। इससे जाम से निजात मिलेगी।
- अखिल भारतीय स्थानीय स्वशासन संस्थान द्वारा शिमला में सफाई निरिक्षक से संबंधित प्रतिखण केंद्र खोला जाएगा।
- आगामी वित्त वर्ष में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को कौशल विकास कार्यक्रमों के माध्यम से जूट बैग क्रॉफटिंग, जैविक फाइल फोल्डर आदि के बारे में प्रशिक्षित किया जाएगा, जिससे महिलाओं के लिए स्थायी आजिविका के अवसर उपलब्ध होंगे।
- सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए पायलेट प्रोजेक्ट के तहत 10 छोटी सफाई मशीने खरीदी जाएंगी।
- सफाई कर्मचारियों व गारबेज कुलैक्टरों की सुरखा के दृष्टिगत सफाई उपकरण व घर-घर से कूड़ा उठाने के लिए गारबेज बैग, दस्ताने, मास्क, जूते और अपर एंड लोअर उपलब्ध करवाने के लिए बजट में प्रावधान किया गया है।
- सभी 34 वार्डों में चेंजिंग रूम बनाए जाएंगे।
- आगामी वित्त वर्ष में 12 करोड़ की लागत से बायोमैथिनेशन प्लांट लगाया जाएगा।
- शहर में 10 नए शौचालय बनाए जाएंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### ग्यारहवीं विंटर एक्सपीडिशन रैली 17 से

**रोहडू।** माउंटेन गोट एक्सपीडिशन की ग्यारहवीं विंटर एक्सपीडिशन रैली 17 को शिमला से शुरू होने जा रही है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, लोक निर्माण विभाग मंत्री विक्रमादित्य सिंह व बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी इस दौरान रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। माउंटेन गोट एक्सपीडिशन के फाउंडर सुरज तायल और साश्वत गुप्ता ने बताया कि इस रैली में 80 के लगभग 4 वाए 4 गाड़ियां भाग लेगी। उन्होंने कहा कि यह रैली 17 को शिमला से शुरू होकर 24 फरवरी को लाहौल के जिस्पा में समाप्त होगी। आने वाले समय में इस तरह के आयोजन लाहौल स्पीति, शिमला व रोहडू में होते रहेंगे, जिससे प्रदेश में साहसिक गतिविधियों के साथ-साथ पर्यटन को भी पंख लगेंगे।

### ठियोग बाइपास पर 12.06 ग्राम चिट्टा बरामद

**ठियोग।** पुलिस थाना ठियोग की टीम द्वारा ठियोग बाइपास के पास गश्त एवं चैकिंग के दौरान 25 वर्षीय युवक से 12.06 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार योग बाइपास पर जब पुलिस गश्त कर रही थी। इस दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति नजर आया, जो पुलिस पार्टी के सामने से कुछ फेंक कर भागने की कोशिश कर रहा था। आरोपी परीक्षित धानी उम्र 25 वर्ष पुत्र-अजय धानी, को पकड़ने पर उसके पास से 12.06 ग्राम हेरोइन चिट्टा बरामद हुआ। डीएसपी योग सिद्धार्थ शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी के खिलाफ धारा 21 एनडी एंड पीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। आगे की कार्रवाई चल रही है।

### मुफ्त आयुर्वेदिक औषधियां की जाएंगी वितरित

**रिकांगपिओ।** किन्नौर जिले के पूह विकास खंड की पंचायत सुन्नम के पंचायत कार्यालय में 17 फरवरी तथा पंचायत पूह में 21 फरवरी को प्रातः 10 बजे आयुष विभाग किन्नौर द्वारा एक दिवसीय निशुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिला आयुष अधिकारी डॉ. इंदु शर्मा ने बताया कि चिकित्सा शिविर में चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टाफ का एक दल स्थानीय लोगों को विभिन्न प्रकार की ब्याधियों जिनमें नेत्र रोग, आमवात, बावासीर, जटिल, जीर्ण व असाध्य रोग शामिल रहेंगे उनकी निशुल्क चिकित्सा प्रदान करेगा। इसके अलावा लोगों को मुफ्त आयुर्वेदिक औषधियां भी वितरित की जाएंगी।

### संजय टेबल टेनिस सिंगल में दूसरे स्थान पर

**रोहडू।** अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय प्रौद्योगिकी संस्थान प्रगति नगर गुम्मा के प्राध्यापक संजय काल्टा ने गोवा में आयोजित राष्ट्रीय टेबल टेनिस स्पर्धा सिंगल में दूसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि डबल में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। इस स्पर्धा का आयोजन सुपर मास्टर खेल परिषद ने गोवा में करवाया था।

### सिम्मी का शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय योगदान

**ठियोग।** अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा प्रदेश इकाई की बैठक प्रदेश अध्यक्ष कपिल शर्मा की अगुआई में ठियोग में संपन्न हुई। इस बैठक में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री की धर्मपत्नी सिम्मी के अचानक निधन पर शोक प्रकट किया गया तथा दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। इस अवसर पर अध्यक्ष कपिल शर्मा ने कहा कि हमने एक अच्छी शिक्षिका को खो दिया है और उनका शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय योगदान रहा है। इसके अतिरिक्त बैठक में शोक प्रस्ताव पास कर अशोक कुल परिवार के प्रति संवेदना प्रकट की गई और ईश्वर सिद्ध प्रार्थना की गई कि इस दुख की घड़ी में उनको इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। इस अवसर पर प्रदेश संरक्षक दीप राम शर्मा, राष्ट्रीय महामंत्री सीआर शर्मा, एसआर शर्मा, प्रदेश महामंत्री दीप राम शर्मा, प्रदेश खुद कोषाध्यक्ष शिवलाल शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### कॉलेज में जल्द हो ऑडिटोरियम की सुविधा

**रिकांगपिओ।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद रिकांगपिओ इकाई ने इकाई अध्यक्ष अरमान ठाकुर की अध्यक्षता में प्रतिनिधिमंडल महाविद्यालय की मांगों को लेकर उपायुक्त किन्नौर से मिले । रिकांगपिओ इकाई अध्यक्ष अरमान ठाकुर ने कहा कि किन्नौर में एक ही महाविद्यालय है। इस महाविद्यालय की समस्याओं को लेकर सरकार और प्रशासन कोई ध्यान नहीं देते हैं। कॉलेज की यह समस्याएं काफी समय से चली आ रही हैं। ठाकुर सेन नेगी ने कहा कि राजकीय महाविद्यालय में ऑडिटोरियम की सुविधा जल्द से जल्द हो। महाविद्यालय का अपना ऑडिटोरियम न होने के कारण महाविद्यालय में कार्यक्रम करने में छात्रों को समस्या आती हैं।

स्कूल प्रवक्ता संघ ने सुक्खू व शिक्षा मंत्री से विधानसभा में की मुलाकात

## सीएम राहत कोष में 1250000 दिए

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश स्कूल प्रवक्ता संघ के प्रतिनिधिमंडल ने राज्य अध्यक्ष लोकेंद्र नेगी की अगुआई में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर से विधानसभा में मुलाकात की।

इस प्रतिनिधि मंडल में प्रदेश महासचिव संजीव ठाकुर वित सचिव राकेश भडवाल और समस्त जिला अध्यक्ष, महासचिव, संचालन समिति के सदस्य, राज्य



कार्यकारिणी के सदस्य के अतिरिक्त प्रदेश से लगभग 108 प्रवक्ताओं ने हिस्सा लिया।

स्कूल प्रवक्ता संघ ने मुख्यमंत्री राहत कोष में 1250000 रुपए आपदा प्रभावित लोगों के लिए प्रदान किए। इस दौरान राज्य अध्यक्ष ने स्कूल प्रवक्ता संघ की विशेष मांगों को मुख्यमंत्री के समक्ष रखा, जिसमें प्रधानाचार्य पदोन्नति कोटा 95रु5 के अनुपात में संशोधित करके प्रवक्ताओं की संख्या के आधार पर 95 प्रतिशत किया जाए। प्रवक्ता पदनाम में प्रवक्ता स्कूल न्यू के स्थान पर सभी को प्रवक्ता पदनाम किया जाए।

## दुर्गम क्षेत्र डोडरा-क्वार से दो मरीजों को एयरलिफ्ट कर पहुंचाया आईजीएमसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अगुआई में प्रदेश सरकार मानवीय मूल्यों और संवेदनाओं को विशेष अधिमान देते हुए लोगों को राहत पहुंचाने के लिए जिम्मेदारी से कार्य कर रही है।

मुख्यमंत्री के निर्देशों की अनुपालना करते हुए शिमला के दुर्गम डोडरा-क्वार क्षेत्र से दो मरीजों को इलाज के लिए हेलिकॉप्टर सेवा प्रदान कर शिमला पहुंचाया गया। इन्हें तत्काल चिकित्सा देखभाल की आवश्यकता थी। चिकित्सा सुविधा प्रदान करने के लिए छह वर्षीय श्रद्धा और 54 वर्षीय प्रमोद कुमार को एयरलिफ्ट किया गया। मुख्यमंत्री का हेलिकॉप्टर आज प्रातः 8:30 बजे डोडरा-क्वार से रवाना हुआ और दोनों मरीजों और उनके तीमारदारों को लेकर 9:10 बजे अनाडेल पहुंचा।

### श्रद्धा की मां ने जताया मुख्यमंत्री का आभार

मुख्यमंत्री के आदेशानुसार कार्रवाई करते हुए एडीएम (प्रोटोकॉल) और तहसीलदार सहित अधिकारियों ने तुरंत मरीजों को इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज शिमला में स्थानांतरित किया और यहां उपचार के लिए उन्हें भर्ती करवाया गया। श्रद्धा की मां ने आभार व्यक्त करते हुए इस आपातकालीन स्थिति के दौरान उनकी बच्ची को एयरलिफ्ट करने में त्वरित कार्रवाई के लिए मुख्यमंत्री का धन्यवाद किया।

## कांग्रेस की योजनाओं से हर वर्ग को मिली राहत



जुब्बल में अनुसूचित जाति विभाग जुब्बल-नावर-कोटखाई की बैठक में मौजूद लोग।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग जुब्बल-नावर-कोटखाई की मासिक बैठक अध्यक्ष मुन्नी लाल नरसेठ की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

इस बैठक में विभिन्न पंचायतों के चुने हुए जनप्रतिनिधि, पूर्व प्रधान, उपप्रधान, बीडीसी सदस्य, विभाग के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। मुन्नी लाल नरसेठ ने कहा कि कांग्रेस सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से समाज के हर वर्ग को राहत मिली है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग जुब्बल-नावर-कोटखाई 133 बूथ को मजबूत करने के लिए कार्य कर रही हैं।

## वाहन दुर्घटना में बीएसएनएल के टेलिकॉम टेक्नीशियन की मौत

**मनीष, ठियोग**

पुलिस थाना ठियोग में एक वाहन दुर्घटना का मामला दर्ज किया गया है, जिसमें बीएसएनएल विभाग के टेलिकॉम टेक्नीशियन की मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मदन लाल गांव रिचाना डाकघर वाकनाघाट कंडाघाट सोलन ने आरोप लगाया है कि वे एसडीओ रंजन कुमार, जेई आशीष एवं टेलिकॉम तकनीशियन संतराम के साथ गजेडी बाइपास के पास बगड़ू नाला पर आए थे।

उन्होंने अपने विभाग की अप्लाइड फॉर गाड़ी स्विफ्ट डिजायर



गजैडी के पास दुर्घटनाग्रस्त वाहन।

और बोलेरो मैक्स नंबर जेके 21 जे 6922 को सड़क के किनारे पार्क किया था। शाम करीब 6:20 बजे वह अपना काम खत्म कर अपनी कार में बैठने की तैयारी कर रहा था, तभी एक ऑल्टो के-10 कार नं एचपी 09 सी -5097 गलत दिशा में बहुत तेज गति से आया और छैला की ओर से आ रही सैंट्रो कार नंबर एचपी 10 बी-5416 से टकरा गया। इससे सेंट्रो कार सड़क किनारे खड़ी बोलेरो मैक्स से टकरा गई, जिससे संतराम को सिर और सीने में चोट लगी और वे वहीं गिर पड़े। उन्हें तुरंत विभाग की गाड़ी में डाला और उपचार के लिए ठियोग अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों द्वारा संतराम को मृत घोषित कर दिया। डीएसपी ठियोग सिद्धार्थ शर्मा ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि इस बयान के आधार पर पुलिस द्वारा धारा 279, 304ए आईपीसी के तहत मामला दर्ज किया गया है आगामी जांच की जा रही है।

## अभिषेक ने राज्यसभा के लिए भरा नामांकन

**शिमला।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता और वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने वीरवार को प्रदेश से राज्यसभा के लिए अपना नामांकन भरा। कांग्रेस हाईकमान ने सिंघवी को चौथी बार राज्यसभा भेजने के लिए प्रदेश से प्रत्याशी बनाया है। सिंघवी ने विधानसभा सचिवालय में नामांकन पत्र दाखिल किया।

- राज्यसभा भेजने के लिए प्रदेश से बनाया प्रत्याशी

इस दौरान सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू, प्रदेश प्रभारी राजीव शुक्ल व कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह मौजूद रहीं। नड्डा का हिमाचल से बतौर राज्यसभा सांसद छह साल का कार्यकाल दो अप्रैल को पूरा हो रहा है। इनकी जगह अब कांग्रेस से सिंघवी प्रदेश से राज्यसभा में जाएंगे।

**आवेदन** कौशल मुंगटा ने शिमला लोकसभा से कांग्रेस के टिकट के लिए किया आवेदन

## पार्टी का जो भी निर्णय होगा वो सर्वमान्य

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

जिला परिषद सदस्य व मीडिया पेनलिस्ट प्रदेश कांग्रेस कमेटी कौशल मुंगटा ने वीरवार को शिमला में पार्टी के समक्ष टिकट के लिए आवेदन किया। कांग्रेस में टिकट के लिए आवेदन का आखिरी दिन था।

मुंगटा ने कहा कि उन्होंने कांग्रेस में अपना सफर आठ वर्ष पूर्व एनएसयूआई से शुरू किया था, उसके बाद कांग्रेस की मातृ विंग सेवादल के अध्यक्ष रहे, तत्पश्चात् युवा कांग्रेस के निर्वाचित महासचिव व बाद में तीन वर्षों से प्रदेश कांग्रेस में मीडिया पेनलिस्ट के पद पर पार्टी में सेवाएं दे रहे हैं। जनता के आशीर्वाद से आज तक उनसे अधिक मतों से शिमला में



कौशल मुंगटा शिमला में कांग्रेस पार्टी के समक्ष टिकट के लिए आवेदन करते हुए।

कोई भी जिला परिषद का चुनाव नहीं जीता व मीडिया पेनलिस्ट के तौर पर भी वे लगातार अपनी पार्टी को मजबूती के साथ डिफेंड करते हैं। पेशे से वकालत से जुड़े मुंगटा राजनीतिक विज्ञान में पढ़ाई करके वर्तमान में रानीतिक का युवा चेहरा हैं। अपनी दो पुस्तकें लिख चुके मुंगटा प्रदेश के चुनिंदा युवा कवियों व लेखकों में भी शुमार हैं।

शिमला सीट पर बड़े-बड़े धुरंधर पिछले 15 सालों से लाखों वोटों से हारते आ रहे हैं, पिछली सीट भी कांग्रेस तीन लाख के बड़े अंतर से हारी है। पारिवारिक रूप से न उनके घर से कोई राजनीतिक व्यक्ति है व न ही वे किसी खास परिवार से आते हैं। उन्होंने नामंकन के बाद मीडिया से रू-ब-रू होते हुए कहा कि कांग्रेस को एक आम व गरीब परिवार के सक्षम लोगों की तरफ भी आज देखने की आवश्कता है।उनका कहना है की जनता के बीच रहने वाले उनके लिए लड़ने वाले व पार्टी के लिए भी सीना तान के खड़े होने वाले निर्वाचित व्यक्ति होने के नाते इस बार उन पर भी जरूर विचार करना चाहिए। मुंगटा का कहना है कि पार्टी का जो भी निर्णय होगा वो सर्वमान्य होगा, लेकिन पार्टी तक अपनी बात पहुंचाना प्रत्येक कार्यकर्ता का अधिकार है, जिसका वे इस्तेमाल कर रहे हैं।

## एचआरटीसी ओल्ड बस स्टैंड में सीवरेज पाइप जाम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राजधानी के पुराना बस अड्डे पर जहां रोजाना हजारों की संख्या जहां पर्यटकों सहित स्थानीय लोग अपने-अपने गंतव्य स्थान पर जाने के लिए बसों का इंतजार करते हैं वहां बीते कई दिनों से हिमाचल पथ परिवहन निगम की बिल्डिंग में बीते कई दिनों से सीवरेज पाइप ब्लॉक होने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

बस अड्डे के आस-पास के क्षेत्र में रोजाना सीवरेज की गंदगी के कारण बदबू फैली रहती है, जिससे वहां काम करने वाले निगम कर्मचारियों सहित आम जनता को भी परेशान होना पड़ रहा है। शौचाल्यों में सीवरेज की गंदगी भरी रहती है और इसकी बदबू से लोग रोजाना परेशान हो रहे हैं। इस संबंध में हालांकि निगम कर्मचारियों ने अपने आधिकारियों को भी कई मर्तबा शिकायत की, लेकिन कई दिन बीत जाने के बाद भी कोई कार्रवाई अम्ल में नहीं लाई जा रही है।

### मुख्य कार्यालय में की गई शिकायत

निगम की निचली मंजील में बने शौचाल्य कई दिनों से सीवरेज से भरे हैं और इन शौचालयों की साफ-सफाई को लेकर भी निगम प्रबंधन की ओर से कोई कार्य नहीं किया जा रहा है। निगम के बस अड्डा में कार्यरत कर्मचारियों ने लिखित में इस संबंध में मुख्य कार्यालय में शिकायत की गई है।

## न्यूज ब्रीफ

### एनएसएस शिविर में आपदा पर जागरूक किया

**नाहन।** डॉ. यशवंत सिंह परमार स्मारक राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नाहन द्वारा संचालित सात दिवसीय आवासीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर नौ से 15 फरवरी के बीच आयोजित किया गया। कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रेम राज भारद्वाज ने बताया कि इस वार्षिक शिविर में महाविद्यालय के 50 छात्र एवं 30 छात्राएं भाग ले रही हैं। उन्होंने बताया कि इस शिविर के छठे दिन 14 फरवरी को आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ से राजन कुमार शर्मा, आपदा प्रबंधन विशेषज्ञ ने सभी स्वयंसेवकों को विस्तृत रूप से आपदा प्रबंधन की तकनीकों, उनसे बचाव एवं महत्वपूर्ण आपातकालीन दूरभाष नंबरों के बारे में बताया। इसके साथ ही सांप के काटने, सीपीआर तकनीक, प्राथमिक स्वास्थ्य उपचार एवं आपदा प्रबंधन अधिनियम-2005 के बारे में भी विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रोफेसर पंकज चांडक तथा प्रो. लक्षिता, राष्ट्रीय सेवा योजना तथा अन्य लोग उपस्थित रहे।

### जरूरतमंद लड़की को दिया शादी का सामान

**नाहन।** समाज की सेवा में अग्रणी संस्था इनरव्हील क्लब नाहन के द्वारा आज कबीरा होटल में ऑफिशियल चेयरमैन के विजिट का आयोजन किया गया। इसमें जिला की अध्यक्ष सीमा कपूर ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। क्लब के सदस्यों ने इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान क्लब की ओर से नए प्रोजेक्ट लिए गए जिसमें एक जरूरतमंद लड़की को शादी का सामान दिया गया। इसके अलावा दो जरूरतमंद महिलाओं को सिलाई मशीन दी गइ तथा अन्य को 10 स्टीमर भी दिए। क्लब द्वारा अडॉप्टेड स्कूल में बच्चों को जूते दिए गए और बसंत पंचमी के उपलक्ष पर लड्डू भी बांटे गए। अनुभा गुप्ता ने रिपोर्ट में पिछले महीने में किए गए कार्यों का ब्योरा दिया। वहीं, क्लब की प्रधान राखी अग्रवाल ने आने वाले समय में क्लब के द्वारा किए जाने वाले प्रोजेक्ट के बारे में बताया। वहीं, अध्यक्ष सीमा के द्वारा इस कार्यक्रम की सराहना की गई। इस अवसर पर क्लब के सभी सदस्य मीनाक्षी, अलका गुप्ता, सुनीता, पूनम गुप्ता, शिवानी, प्रिया, वंदना, निर्मला गुप्ता, रचना गौतम, रचना गुप्ता, अनुभव गुप्ता, अलका गर्ग, मधुबाला, रेनू गोयल, सुनयना अग्रवाल व ममता अग्रवाल मौजूद रहे।

### जेईई मेन्स में अभय ने किया नाम रोशन

**नाहन।** जेईई मेन्स जनवरी सैशन-एक का रिजल्ट 12 फरवरी को घोषित हुआ। करियर अकादमी के 25 छात्रों ने जेईई मेन्स सैशन-1 की परीक्षा को उत्तीर्ण किया। अभय ने भौतिक विज्ञान में 100 परसेंटाइल, रसायन विज्ञान में 99.9 परसेंटाइल व सम्पूर्ण 98.33 परसेंटाइल प्राप्त कर करियर अकादमी का नाम रोशन किया है। इसके अलावा वैशाली शर्मा 96.29 परसेंटाइल, आशुतोष पवार 95.69 परसेंटाइल, आदित्य 93.21 परसेंटाइल , सार्थक 90.26 परसेंटाइल, प्रांजल तोमर 91.83 परसेंटाइल, विदुषी 91.19 परसेंटाइल, अवनी अग्रवाल 91.10 परसेंटाइल आदि सभी विद्यार्थियों ने करियर अकादमी का नाम रोशन किया। हालांकि जेईई मेन्स में यह एडमिशन का आधार नहीं है। जेईई मेन्स सैशन-2 का रिजल्ट संयुक्त कर फाइनल रिजल्ट घोषित किया जाएगा। करियर अकादमी के चेयरमैन एसएस राठी व प्रधानचार्या राजेश सोलंकी ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई दी तथा उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

### जवाहर नवोदय विद्यालय में मृदा प्रशिक्षण कार्यक्रम

**कुनिहार।** केंद्र सरकार की महत्वकांक्षी योजना स्वास्थ्य हेल्थ कार्ड के अंतर्गत पायलट प्रोजेक्ट ऑन स्कूल स्वायल हेल्थ प्रोग्राम के अंतर्गत प्रशिक्षण का आयोजन केंद्र सरकार द्वारा चयन किए विद्यालय जवाहर नवोदय विकास खंड कुनिहार जिला सोलन में किया गया। इस योजना का मुख्य उद्देश्य बच्चों को मृदा स्वास्थ्य व टिकाऊ कृषि के बारे जागरूक करना है। इस कार्यक्रम के माध्यम से जवाहर नवोदय विद्यालय विकास खंड कुनिहार के बच्चों को मिट्टी का स्वास्थ्य जांचने बारे प्रशिक्षण दिया गया। इस कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र कंडाघाट मृदा विशेषज्ञ डॉ. मीरा ठाकुर ने बच्चों को मृदा में पोषक तत्वों व मृदा के स्वास्थ्य संबंधी जानकारी उपलब्ध करवाई। मृदा परीक्षण अधिकारी डॉ. रितु सूद ने मृदा पोर्टल पर जवाहर नवोदय विद्यालय कुनिहार का पंजीकरण किया। इस अवसर पर खंड तकनीकी प्रबंधक आत्मा विकास खंड कुनिहार डॉ. सुदर्शन चंदेल, विद्यालय प्रधानाचार्य केके यादव व अन्य मौजूद रहे।

### लड़ोग विद्यालय में मनाई वसंत पंचमी

**अर्की।** उपमंडल अर्की के अंतर्गत राजकीय उच्च विद्यालय लड़ोग में मुख्याध्यापिका मनोरमा चड्ढा की अध्यक्षता में वसंत पंचमी पर्व पर सरस्वती पूजन एवं सरस्वती माता शोभायात्रा निकालते हुए नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत की गई। प्रातःकालीन सभा में सरस्वती माता का पूजन किया गया। इस दौरान भूपेंद्र कुमार शास्त्री ने वसंत पंचमी पर्व के महत्व पर प्रकाश डाला। मुख्याध्यापिका मनोरमा ने अपनी ओर से बच्चों को कॉपी, पेंसिल और अध्यापकों को पेन उपहार एवं प्रोत्साहन स्वरूप भेंट दिए। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यापक यशपाल वर्मा, भूपेंद्र कुमार शास्त्री, पवन कुमार, अरुण शर्मा, पूर्ण चंद, सरोज अतिबाला, प्रीति तथा चेतराम, बबली देवी सहित अन्य उपस्थित रहे।

### प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना समृद्ध भारतीय गुरु-शिष्य परंपरा का प्रतिबिंब : एडीसी

**नाहन/राजगढ़।** अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी एलआर वर्मा ने कहा है कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना समृद्ध भारतीय गुरु-शिष्य परंपरा का अनुसरण करने वाली महत्वपूर्ण रोजगारोन्मुखी राष्ट्रीय योजना है। इस योजना का उद्देश्य परंपरागत कार्यों और ग्रामीण कला को सुरक्षित एवं संरक्षित रखने के साथ ही ग्रामीण व्यवसायों को भविष्य में और अधिक लाभप्रद बनाना है। ग्रामीण स्तर पर इस प्रकार के विभिन्न परंपरागत व्यवसायों से जुड़े सभी लोगों को इस योजना का लाभ उठाने के लिए आगे आना चाहिए। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी एलआर वर्मा आज गुरुवार को नाहन में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय भारत सरकार और हिमाचल प्रदेश उद्योग विभाग के संयुक्त तत्वावधान में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत आयोजित कार्यशाला की अध्यक्षता कर रहे थे। कार्यशाला का संचालन एवं समन्वयन शैलेश कुमार सिंह, सहायक निदेशक, एमएसएमई विकास कार्यालय सोलन द्वारा किया गया।

### बच्चों ने देखा राजपुर चिकित्सालय का काम

**पांवटा साहिब।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला अंबोया के दसवीं और 12वीं के व्यवसायिक शिक्षा के बच्चों ने राजपुर अस्पताल का शैक्षणिक भ्रमण किया। स्कूल की शिक्षिका अलका के नेतृत्व में बच्चों ने यहां भर्ती मरीजों से भी बातचीत की और उनकी देखरेख, चोट लगने पर पट्टी बांधने और अन्य सभी प्रबंधन के तरीकों का प्रशिक्षण प्राप्त किया। अस्पताल प्रबंधन की ओर से डॉ. सूद और उनकी पूरी टीम ने अंबोया स्कूल का आभार जताया और कहा कि आसपास क्षेत्र के स्कूलों का उन्हें भरपूर सहयोग मिलता है। विद्यार्थियों ने भी इस दौरान खूब काम किया की मरीजों से बातचीत की।

### दिव्यांग बच्चों के लिए क्विज कंपटीशन का आयोजन

**सोलन।** सोलन में स्पेशल ओलंपिक चेतना एवं रोशनी संस्था ने दिव्यांग बच्चों के लिए क्विज कंपटीशन क्विज ज्ञान का आयोजन किया। कार्यक्रम में साई संजीवनी संस्थान के डायरेक्टर डॉ. संजय अग्रवाल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। क्विज कंपटीशन में 28 दिव्यांग प्रतिभागियों ने भाग लिया जिनमें से 8 बच्चों ने प्रतियोगिता में जीत हासिल की। क्विज कंपटीशन में विजेता प्रतिभागी फरवरी को बिलासपुर में आयोजित होने वाली फाइनल प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

### छात्रों ने सड़क सुरक्षा जागरूकता को निकाली रैली

**सोलन।** राजकीय महाविद्यालय सोलन में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन राजकीय महाविद्यालय सोलन के रोड सेफ्टी क्लब व राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में किया गया स इसके अंतर्गत महाविद्यालय के छात्रों द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली को महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रीता शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, इसके पश्चात छात्रों ने चिल्ड्रन पार्क सोलन में दो नुक्कड़ नाटकों की सहायता से लोगों को सड़क सुरक्षा नियमों से अवगत करवाया, इसी जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत ट्रैफिक पुलिस सोलन के एएसआई चंद्र मोहन शर्मा ने महाविद्यालय में छात्रों को विभिन्न सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी दी तथा छात्रों के प्रश्नों के उत्तर दिए।

### जपजीत और अंकिता बने मिस्टर व मिस फेयरवेल

**पांवटा साहिब।** बीकेडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान जपजीत सिंह मिस्टर फेयरवेल और अंकिता मिस फेयरवेल बनी। इस दौरान अक्षिता भंडारी को फेस ऑफ दी डे व सतप्रीत सिंह को बेस्ट पर्सनैलिटी के लिए चुना गया। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य यशपाल सिंह सैनी ने सभी विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा तथा उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

### कन्या इंटर कॉलेज में एंटी सेक्सुअल हरासमेंट कमेटी की बैठक

**पांवटा साहिब।** राजकीय आदर्श कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पांवटा में एंटी सेक्सुअल हरासमेंट कमेटी की मासिक बैठक आयोजित हुई। बैठक के बाद कमेटी के सदस्यों ने छात्राओं को इस विषय पर जागरूक किया।

छठी से जमा दो कक्षा तक की छात्राओं ने इस जागरूकता अभियान में भाग लिया। इस दौरान उन्हें गुड टच और बैड टच के विषय में बताया गया। मासिक धर्म में स्वच्छता के विषय में भी समझाया गया। छात्राओं राधिका, ऋतु व आरुषि ने भी विद्यार्थियों की समस्याएं अध्यापिकाओं के समक्ष रखीं। प्रधानाचार्य डा. दीर्घायु प्रसाद ने बताया कि ऐसे कार्यक्रम आयोजित होते रहते हैं।

## ब्रिटिश दंपती से जुड़ी है यह प्रेम कहानी, नाहन के विला राउंड में मौजूद है कब्रगाह

# पति के साथ दफन होने को 38 साल तक किया मौत का इंतजार

**एसपी जैरथ, नाहन**

वेलेंटाइन-डे के मौके पर ऐसे अमर प्रेम की कहानी, जहां एक महिला ने अपने पति के साथ दफन होने के लिए करीब 38 साल तक मौत का इंतजार किया। ऐतिहासिक शहर नाहन से जुड़ी हुई है यह एक ऐसी अद्भुत व अमर प्रेम कहानी, जो आज अपने आप में मिसाल है।

नाहन में रियासत काल में एक अंग्रेज अफसर की पत्नी ने अपने पति की बगल में दफन होने के लिए 38 साल मौत का लंबा इंतजार किया। दरअसल यहां जिक्र लेडी लूसिया पियरसाल का हो रहा है।




राउंड विला नाहन। (फाइल फोटो)

रियासत काल में लूसिया अपने पति डॉ. इडविन पियरसाल के साथ यहां पहुंची थीं।

डॉ. इडविन पियरसाल का निधन हो गया। महाराजा ने डॉ. पियरसाल को मिलिटरी ऑनर के साथ ऐतिहासिक विला राउंड के उत्तरी हिस्से में दफन करवाया। यह जगह पियरसाल ने खुद चुनी थी और कहा था, उन्हें यहां दफनाया जाए। उस वक्त लूसिया 49 साल की थीं। लूसिया ने इच्छा जताई कि उनको भी उनके पति की कब्र के साथ ही दफन किया जाए। जानकारी के अनुसार डॉ. पियरसाल ने महाराजा के पास बतौर चिकित्सा अधिकारी अपनी सेवाएं दीं और 19 नवंबर 1883 में डॉ. इडविन का 50 साल की आयु में निधन हो गया था। परिवार के लोग लूसिया को वापस घर इंग्लेंड ले जाने चाहते थे, मगर पति की मौत के बाद लूसिया वापस इंग्लैंड नहीं गईं।

उन्होंने अपने अन्य परिवार के सदस्यों को भी छोड़ दिया। लूसिया अपने पति डॉ. पियरसाल से बेपनाह मोहब्बत करती थीं। ऐसे में लूसिया ने पति की बगल में दफन होने के लिए 38 साल मौत का इंतजार किया। 19 अक्तूबर 1921 को वह घड़ी आई, जब लूसिया का इंतजार खत्म हुआ और अपने पति को याद करते हुए उन्होंने दुनिया को अलविदा कह दिया।

लूसिया की अंतिम इच्छा पूरी करने के लिए महाराजा ने सम्मान सहित लूसिया को भी उसके पति डॉ. पियरसाल की कब्र की बगल में दफनाया। आज भी विला राउंड स्थित कैथोलिक कब्रगाह में इस पियरसाल दंपती के अमर प्रेम की कहानी बयां करती वास्तुकला से परिपूर्ण कब्रें आने-जाने वालों को आकर्षित करती हैं। (अनंत ज्ञान)

# मानपुरा में झुग्गियों में आग से हड़कंप, सात प्रवासी परिवार बेघर

## दमकल विभाग ने समय से आग पर काबू पाकर करीब 20 लाख की संपत्ति को जलने से बचाया

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

औद्योगिक क्षेत्र मानपुरा स्थित निजी भूमि पर बनी झुग्गियों में आग लगने से प्रवासी परिवार बेघर हो गए। सूचना मिलते ही दमकल विभाग नालागढ़ व बद्दी से गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। इस घटना में किसी तरह का जानी नुकसान नहीं हुआ, जबकि भूमि पर बनी सात झुग्गियां जलकर राख हो गईं।

जानकारी के अनुसार वीरवार सुबह करीब साढ़े छह बजे फायर डिपार्टमेंट को सूचना मिली कि झुग्गियों में आग लग गई है। एक झुग्गी में आग लगते ही परिवार अपनी जान बचाने को भागे और देखते ही देखते आग ने



मानपुरा में झुग्गियों में आग बुझने के बाद धुआं उठता हुआ।

भयंकर रूप ले लिया और सात झुग्गियां जलकर पूरी तरह राख हो गईं। इन झुग्गियों में प्रवासी परिवारों का पूरा सामान जलकर राख हो गया।

दमकल विभाग के अनुसार भूमि मालिक पवन कुमार ने अपनी जमीन को प्रवासी परिवारों को झुग्गियों के लिए दिया था, जिसमें पिछले काफी समय से सात परिवार रहते थे। इस घटना में 35 हजार रुपए का नुकसान हुआ, जबकि दमकल विभाग ने समय से आग पर काबू पाकर करीब 20 लाख की संपत्ति को जलने से बचाया। विभाग ने डेढ़ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

फॉयर आफिसर नालागढ़ जयपाल ने बताया कि सुबह सूचना मिलते ही गाड़ियां मौके पर पहुंच गई थीं और आग पर डेढ़ घंटे में काबू पाया।

इस घटना में सात परिवारों की झुग्गियां जल गई थी जबकि आसपास की 20 लाख की संपत्ति को जलने से बचा लिया गया। उन्होंने कहा कि आग लगने का कारण फिलहाल भ तक पता नहीं चल पाया है, जिसकी तफ्तीश की जा रही है।

### शूलिनी विवि रजिस्ट्रार को प्रतिष्ठित फेलोशिप




प्रो. पुरी को सम्मानित करते पंजाब एकेडमी ऑफ साइंसेज के पदाधिकारी।

**सोलन।** शूलिनी विश्वविद्यालय में विज्ञान संकाय के रजिस्ट्रार और डीन प्रो. सुनील पुरी को पंजाब अकादमी ऑफ साइंसेज की मानद फेलोशिप से सम्मानित किया गया। यह प्रतिष्ठित सम्मान उन्हें देश भगत विश्वविद्यालय, मंडी गोबिंदगढ़, पंजाब में आयोजित 27वीं पंजाब विज्ञान कांग्रेस के समापन समारोह में प्रदान किया गया। पंजाब एकेडमी आफ साइंसेज की मानद फेलोशिप उन व्यक्तियों को दी जाने वाली एक प्रतिष्ठित मान्यता है, जिन्होंने विज्ञान और शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। प्रो. सुनील पुरी ने कहा कि पंजाब एकेडमी ऑफ साइंसेज से मिली मान्यता से मैं बहुत सम्मानित महसूस कर रहा हूं। मैंने जो कुछ भी हासिल किया है, वह शूलिनी विश्वविद्यालय और विशेष रूप से हमारे चांसलर प्रोफेसर पीके खोसला के कारण है, जिनका मार्गदर्शन अमूल्य रहा है।

### नौणी विवि के वैज्ञानिकों को सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार



नौणी यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों को वाराणसी में सम्मानित करते आयोजक।

**सोलन।** डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी के वैज्ञानिकों ने बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी में जलवायु परिवर्तन और कृषि-पारिस्थितिकी तंत्र विषय पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में सर्वश्रेष्ठ पोस्टर प्रस्तुति पुरस्कार जीता है। हिमाचल प्रदेश में विभिन्न ऊंचाई पर उगने वाली पारंपरिक और नई सेब की किस्मों का फेनोथर्मल रिस्पॉन्स, शीर्षक वाला पेपर डॉ. एसके भारद्वाज, डॉ. हुकम चंद, मुस्कान नेगी, लेखिका परिहार और शालिनी शर्मा द्वारा लिखा गया था। सम्मेलन के दौरान डा. एसके भारद्वाज और डा. हुकम चंद ने यह पेपर प्रस्तुत किया। कुलपति प्रो. राजेश्वर सिंह चंदेल सहित सभी वैज्ञानिकों ने इस उपलब्धि के लिए टीम को हार्दिक बधाई दी।

### हिमुडा कर्मचारी से मारपीट के तीनों आरोपी गिरफ्तार

**परवाणू।** परवाणू में मंगलवार हिमुडा के कर्मचारी के साथ मारपीट करने वाले तीन आरोपियों को परवाणू पुलिस ने बुधवार शाम को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार परवाणू के सेक्टर-एक स्थित गोल मार्केट के पास हिमुडा का कर्मचारी शाम को करीब सात बजे अपने घर की ओर जा रहा था। इस दौरान तीन युवकों ने कर्मचारी से यह कहकर फोन मांगा कि उन्हें एक जरूरी फोन करना है। कर्मचारी ने जैसे ही फोन निकाला, एक युवक ने पीछे से उसके मुंह पर कपड़ा डाल दिया और एक युवक ने उसकी जेब से पैसे निकाल लिए। विरोध करने पर उन्होंने उसे नीचे गिरा कर मारा व भाग गए। बुधवार को कर्मचारी द्वारा परवाणू थाने में शिकायत दी गई, जिसके बाद पुलिस तुरंत जांच में जुट गयी। शाम होने तक पुलिस ने तीनों युवकों को हिरासत में ले लिया। युवकों की पहचान सचिन उम्र 20 वर्ष, विजय उम्र 18 वर्ष एवं हिमांशु 21 वर्ष की गई है। वीरवार को पुलिस द्वारा कार्रवाई के बाद तीनों आरोपियों को नालागढ़ कोर्ट में पेश करने के लिए ले जाया गया। डीएसपी प्रणव चौहान ने मामले की पुष्टि की है।

### जिला रेडक्रॉस सोसायटी की बैठक आयोजित

**सोलन।** डीसी सोलन मनमोहन शर्मा ने रेडक्रास समिति से अधिक से अधिक लोगों को रेडक्रॉस के साथ जोड़ने का आग्रह किया है ताकि पीड़ित मानवता की सहायता में कोई कमी न रहे। मनमोहन शर्मा वीरवार को यहां जिला रेडक्रॉस सोसायटी की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। डीसी ने कहा कि जिला रेडक्रॉस सोसायटी सोलन द्वारा वित वर्ष 2023-24 में 55 जरुरतमंद लोगों को लगभग दो लाख रुपए से अधिक की सहायता प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि रेडक्रॉस सोसायटी का कार्य निःस्वार्थ मानव सेवा करना है और जिला रेडक्रास सोसाइटी सोलन मानवता के प्रति समर्पण और सेवाभाव से निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित किए जाने वाले चिकित्सा शिविरों की जानकारी रेडक्रॉस सोसायटी से भी सांझा करने के निर्देश दिए ताकि ज़िला रेड क्रास सोसाइटी भी इन शिविरों में अपना सहयोग दे सके।

### भाजपा को चुनाव से पहले ही दिखने लगी हार : आनंद

**नाहन।** प्रदेश में लोकसभा की चारों सीटों पर अपनी हार को देखते हुए अब प्रदेश भाजपा बौखलाहट में है। कांग्रेस के सिरमौर जिला अध्यक्ष आनंद परमार ने यहां कहा कि प्रदेश भाजपा में गुटबाजी चरम पर आ चुकी है। वहीं, प्रदेश भाजपा जातीय सांप्रदायिकता के साथ सामाजिक सांप्रदायिकता को भी फैलाना शुरू कर दिया। उन्होंने कहा कि समाज में देव समाज, चिकित्सा वर्ग तथा व्यापार वर्ग का भी बीजेपी अब राजनीतिक इस्तेमाल कर रही है।



## मेयर सहित तीन पार्षदों के बयान कलमबद्ध

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

नगर निगम सोलन के मेयर चुनाव के लिए पार्टी व्हिप के खिलाफ मतदान करने के लिए दल बदल के आधार पर चार कांग्रेस पार्षदों को अयोग्य घोषित करने की शिकायत के मामले में मेयर उषा शर्मा सहित पूर्व मेयर पूनम ग्रोवर, डिप्टी मेयर राजीव कौड़ा और पार्षद अभय शर्मा ने डीसी सोलन मनमोहन शर्मा के समक्ष अपने बयान कलमबद्ध किए।

सभी ने डीसीसी अध्यक्ष और एक पार्षद की शिकायत को निराधार बताया। मेयर उषा शर्मा ने कहा कि पार्षद सरदार सिंह ठाकुर और संगीता ठाकुर की तरफ से झूठे आरोप लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि चार दिसंबर



डीसी के सामने अपने बयान कलमबद्ध कराते पूर्व मेयर पूनम ग्रोवर, डिप्टी मेयर राजीव कौड़ा और पार्षद अभय शर्मा

को मेयर व डिप्टी मेयर के चुनाव तय हुए थे, लेकिन उस दिन कोरम पूरा नहीं होने के चलते चुनाव सात जनवरी को हुए।

चुनाव प्रक्रिया शुरू होने तक पार्टी के अधिकृत पदाधिकारी के तरफ से चुनाव सम्बंधित कोई भी व्हिप जारी नहीं किया गया था। वहीं, पूर्व मेयर पूनम ग्रोवर ने कहा कि

**दावा-पार्टी ने चुनाव से पहले जारी नहीं किया था व्हिप**

पार्टी की तरफ से मेयर का नाम घोषित नहीं किए जाने के चलते उषा शर्मा ने मेयर का नामांकन किया था। चुनाव जीत के बाद स्थानीय विधायक व मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने मीडिया में कांग्रेस प्रत्याशी की ही जीत का दावा किया था। पूर्व डिप्टी मेयर राजीव कौड़ा और पार्षद अभय शर्मा ने कहा कि चुनाव में कांग्रेस के मेयर की जीत हुई है और सभी पार्टी से सच्चे सिपाही बनकर काम कर रहे हैं।

# सिरमौर के पांच अस्पताल और पांच स्कूल भवन होंगे मजबूत

**अनंत ज्ञान, नाहन/ राजगढ़**

सिरमौर जिले में आपदा प्रबंधन के तहत रेट्रोफिटिंग तकनीकी के माध्यम से जिला में 10 सरकारी भवनों को भूकंपरोधी बनाने के लिए चयनित किया गया है। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी एलआर वर्मा ने यह जानकारी आज नाहन में केंद्रीय भवन अनुसंधान संस्थान सीबीआरआई रूड़की, हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग तथा अन्य संबंधित विभागों की एक संयुक्त समन्वय समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रदान की है।

एलआर वर्मा ने कहा कि आज संपन्न हुई बैठक में सीबीआरआई तथा प्रदेश के लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने भवनों के निर्माण कार्य

**सीबीआरआई की टीम ने मैडिकल कॉलेज के भवन का किया निरीक्षण**

को शीघ्र आरम्भ करने, अन्य तकनीकी विषयों तथा इस पर होने वाले व्यय पर विस्तार से चर्चा की। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी ने केंद्रीय भवन अनुसंधान संस्थान रूड़की की ओर से इस बैठक में भाग लेने आए सीनियर टेक्निकल ऑफिसर आईए सिद्दिकीकी, टेक्निकल असिस्टेंट सुगम कुमार, सीनियर टेक्निकल हिमांशु शर्मा द्वारा रखे गए विभिन्न विषयों के शीघ्र कार्यान्वयन का आश्वासन दिया।

**14.34 करोड़ से 10 भवनों के ढांचें**

**होंगे सुदृढ़ :** अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी ने बताया कि जिन 10 भवनों को रेट्रोफिटिंग तकनीकी से मूजबूत करने के लिए चयनित किया गया है, इनमें पांच स्वास्थ्य संस्थान तथा पांच स्कूल शामिल हैं। उन्होंने कहा कि रेट्रोफिटिंग तकनीकी से इन भवनों को भूकंपरोधी तथा अन्य प्राकृतिक आपदा में सुरक्षित रखने के लिए भवनों के ढांचे को मजबूत करने पर 14 करोड़ रुपए की धनराशि खर्च की जाएगी। सीबीआरआई की टीम ने आज अपने प्रवास के दौरान लोक निर्माण और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ डॉ. यशवंत सिंह परमार मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में रेट्रोफिटिंग के माध्यम से सुदुढ़ होने वाले भवन का निरीक्षण भी किया। जिला राजस्व अधिकारी चेतन चौहान ने बैठक का संचालन किया।

### रेट्रोफिटिंग तकनीक वाले भवनों में ये शामिल

एलआर वर्मा ने कहा कि सर्वेक्षण के उपरांत जिन भवनों के ढांचे को रेट्रोफिटिंग तकनीकी से सुदृढ़ करने का निर्णय लिया है। इनमें सिविल अस्पताल पांवटा साहिब, सिविल अस्पताल सराहां, सिविल अस्पताल कफोटा, सिविल अस्पताल राजपुरा और नाहन अस्पताल शामिल हैं, जबकि शिक्षण संस्थानों में रावमापा पांवटा साहिब, शिलाई, राजगढ़, ददाहू और भगानी शामिल हैं।

**चुनौती** — नगर निगम सोलन : बजट में आय के साधन जुटाने की चुनौती

# पिछले वर्ष के बजट की अधिकतर योजनाएं अधर में

**आर मोहन चौहान, सोलन**

नगर निगम सोलन को वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट में आय जुटाने की चुनौती रहेगी। हालांकि नगर निगम अभी तक बजट के मुद्दों को तय नहीं कर पाई है। कारण है मेयर और डिप्टी मेयर चुनाव को लेकर पिछले दो महीने से चल रही खींचतान और आयुक्त का स्थानांतरण है। बहरहाल वित्तीय वर्ष के बजट को पेश करने में अभी समय लग सकता है।

शहर की जनता को पिछले तीन वर्ष से एक अच्छे बजट का इंतजार है क्योंकि पिछले वर्ष के बजट की अधिकतर प्रस्तावित योजनाएं अभी अधर में हैं, ऐसे में नगर निगम सोलन पर लोगों को राहत देने और आय के साधन जुटाने की चुनौती रहेगी। इस बार शहर में लगी एलईडी स्क्रीन से आय के साधन जुटाने का लक्ष्य है। इसी तरह होर्डिंग, पार्किंग और प्रॉपर्टी टैक्स से भी निगम की आर्थिक में सुधार होने की उम्मीद है।

**येलो लाइन पार्किंग बनेगी आय का साधन :** आय के साधन जुटाने के



> वित्तीय वर्ष के बजट के प्रावधानों का खाका जल्द तैयार किया जाएगा। बजट में आय के साधन बढ़ाने और वार्ड क्षेत्रों के विकास को धनराशि उपलब्ध करवाने का प्रयास रहेगा।
> **-उषा शर्मा, मेयर, नगर निगम सोलन।**

लिए वित्तीय वर्ष में वार्ड क्षेत्रों में छोटी पार्किंग, येलो लाइन पार्किंग बनाने का प्रस्ताव लाया जा सकता है। इसी तरह मुख्य पार्किंग का ऑनलाइन टेंडर कर डेढ़ से दो करोड़ रुपए की आय मिलने की संभावना है। इसी तरह नगर निगम अपनी चल संपत्तियों पर बाजार दर की औसत के मुताबिक किराया तय करेगा। इसमें मुख्यत: निगम की दुकानें, हॉल और लीज पर दी गई संपत्ति शामिल है। इससे भी निगम को 3.50 करोड़ आय हो सकती है।

**पार्कों के जीर्णोद्धार पर फोकस :** बजट में शहर के सौंदर्यीकरण के साथ पार्कों के जीर्णोद्धार पर फोकस किया जा सकता है। इसी तरह वार्डों में सामान्य कार्यो के अलावा मिनी पार्क और सेल्फी प्वाइंट निर्माण को बजट का प्रावधान किया जा सकता है। निगम ने गत वर्ष शहर में पुरानी हो चुकी पानी की पाइप लाइन को नए सिरे से बिछाने का प्रस्ताव पेश किया जाएगा। इसकी डीपीआर बनाने को निगम जल शक्ति विभाग को नोडल एजेंसी बनाया गया, पर धन राशि के प्रावधान के बावजूद योजना नहीं बनी। वित्तीय वर्ष में इसे दोबारा प्रस्तावित किया जा सकता है। (अनंत ज्ञान)

### प्रॉपर्टी टैक्स से आठ करोड़ की आमदनी का अनुमान

वित्तीय वर्ष में आय के साधन जुटाने के लिए पुराने मकानों की जगह नए मकानों के अलावा एनओसी से ज्यादा मंजिलें बनाने और नक्शे से अधिक मंजिलें बनाने पर अब नए सिरे से प्रॉपर्टी टैक्स लगाया जाएगा। इससे निगम को करीब आठ करोड़ रुपए की आमदनी का अनुमान है। इसके लिए शहर के करीब 12 हजार भवनों की मैनुअल मैपिंग की जा रही है।

### शराब और बिजली पर सेस भी विकल्प

निगम ने गत वर्ष के बजट में शहर में शराब के ठेकों से प्रति बोतल दो रुपए के बजाए पांच रूपए सेस लेने के प्रस्ताव को सरकार की मंजूरी का भेजा था, पर इसका लाभ नहीं मिल पाया। यदि सरकार से इसकी मंजूरी मिली तो निगम को प्रति वर्ष 75 लाख रुपए अतिरिक्त आय होगी, साथ ही स्ट्रीट लाइट पर प्रति यूनिट लगने वाले एक पैसा सैस में को 10 पैसा करने के प्रस्ताव को भी बजट में शामिल किया जा सकता है। इस निर्णय से 65 लाख रुपए की अतिरिक्त आय का अनुमान है।



## न्यूज ब्रीफ

### उद्घोषित अपराधी को किया गिरफ्तार

**धर्मशाला।** जिला के पुलिस थाना भवारना के तहत पुलिस ने एक उद्घोषित अपराधी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को पहचान अनूप कृष्ण निवासी थूरल के रूप में की गई है। एएसपी वीर बहादुर ने मामले की पुष्टि की है।

बोर्ड ने अनुपूरक परीक्षाओं का परिणाम किया घोषित

### पुनर्मूल्यांकन व पुनर्निरीक्षण का रिजल्ट आउट

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा सितम्बर में संचालित की गई दसवीं व जमा दो कक्षा की अनुपूरक परीक्षा, अतिरिक्त विषय, श्रेणी सुधार व डिप्लोमा धारक के जिन नियमित परीक्षार्थियों ने पुनर्मूल्यांकन व पुनर्निरीक्षण के लिए आवेदन किया था तथा दसवीं व जमा दो (राज्य मुक्त विद्यालय) कक्षा के जिन परीक्षार्थियों ने पुनर्मूल्यांकन व पुनर्निरीक्षण के लिए आवेदन किया था। उनका पुनर्मूल्यांकन व पुनर्निरीक्षण का परिणाम वीरवार को घोषित कर दिया गया है। ये जानकारी देते हुए हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष तथा उपायुक्त कांगड़ा हेमराज बैरवा बताया की सम्बन्धित परीक्षार्थी पुनर्मूल्यांकन व पुनर्निरीक्षण का परिणाम हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की वेबसाइट से प्राप्त कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए शाखाओं के दूरभाष नंबर 01892-242158 (पुनर्मूल्यांकन) व 01892-242122 (पुनर्निरीक्षण) पर संपर्क कर सकते हैं।

### एंप्ली थियेटर एवं फूड कॉर्नर से लैस होगा एचपीसीए

**धर्मशाला।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में सात मार्च से भारत और इंग्लेंड के बीच खेले जाने वाले टैस्ट मैच के लिए एचपीसीए तैयारियों में जुट गया है। स्टेडियम को और खूबसूरत बनाने के लिए स्टेडियम के अंदर एंप्ली थियेटर बनाया जा रहा है। इसमें हल्के म्यूजिक के साथ फब्बारे लगाए जाएंगे, ताकि दर्शकों का और मंनोरजंन हो सके। इसके अतिरिक्त दर्शकों की सुविधा के लिए फूड कॉर्नर बनाए जा रहे हैं, जिनका निर्माण कार्य जारी है। एचपीसीए प्रवक्ता संजय शर्मा ने बताया कि एंप्ली थियेटर और फूड कॉर्नर को निर्माण कार्य प्रगति पर है और मैच से पूर्व इसे पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि फूड कॉर्नर होने से दर्शक मैच के दौरान अथवा ब्रेक के समय अपनी पंसद का खाना ऑर्डर कर पाएंगे। फूड कॉर्नरस में नामी कंपनियों के साथ स्थानीय फूड विक्रेताओं को भी स्थान दिया जाएगा।

### लोहे के जाले बने सिरदर्द, हो सकता है बड़ा हादसा

**पपरोला।** नगर पंचायत बैजनाथ द्वारा करवाए जा रहे रास्ते के निर्माण की अव्यवस्था सामने आने लगीं हैं। पपरोला बाजार से खतरेहड़ की ओर जाने वाले रास्ते के बीचो बीच लोहे के जाले लगाए गए हैं। इन जालों में कई बार बच्चों के पर फंसने से दुर्घटना का शिकार हुए हैं। आज एक गाय के बछड़े का पैर फंस गया जिसे बड़ी मुश्किल से लोगों ने बाहर निकाला। हालांकि इस मशक्कत में बछड़े को गहरे घाव भी हुए। इस बारे नगर पंचायत अध्यक्ष कांता देवी का कहना था कि लोहे के जाले पानी की निकास नालियों के ऊपर लगाए गए हैं। इन जालों के ऊपर लोहे की जाली लगवाई जाएगी ताकि राहगीरों और जानवरों को कोई परेशानी न हो।

### आकाशवाणी धर्मशाला में किसान दिवस की धूम

**धर्मशाला।** आकाशवाणी धर्मशाला ने वीरवार को रेडियो किसान दिवस के अवसर पर एक विशेष रेडियो किसान प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया। इसमें मुख्य आकर्षण किसानों और विशेषज्ञ में कृषि से संबंधित सूचनाओं का आदान-प्रदान रहा। प्रश्नोत्तरी के लिए किसानों के तीन समूह बनाए गए थे, जिनके नाम सूरजमुखी फूल की विभिन्न किस्मों के ऊपर रखे गए थे। इन तीन समूहों के नाम ; वैलन्टाइन, रिंग ऑफ़ फायर और टेडीबिअर, रखे गए थे। हर समूह में एक एक उन्नत महिला किसान को शामिल किया गया। कार्यक्रम में किसानवाणी के प्रभारी और कार्यक्रम प्रमुख गेरिन्द्र सी. ठाकुर ने किसानों और विशेषज्ञ का स्वागत किया और साथ ही प्रश्नोत्तरी से संबंधित नियमो से अवगत करवाया।

### साक्षात्कार में 30 अभ्यर्थियों का हुआ चयन

**डरोह ।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गढ़ जमूला, सलियाना व शेरा ठाना में केंपस प्लेसमेंट ड्राइव के अंतर्गत सुजुकी मोटर गुजरात द्वारा वीरवार को विभिन्न मैकेनिकल व नॉन मैकेनिकल व्यवसाय में पास आउट अभ्यर्थियों के लिए लिखित व मौखिक साक्षात्कार का आयोजन किया गया, जिसमें कंपनी के वरिष्ठ प्रबंधक महेश राठौर एचआरवीएस की ओर से उपस्थित करुणानिधान व पवन श्रीवास्तव ने आज इस कैंपस को सफल बनाते हुए कहा कि कंपनी के साथ पहले से कार्यरत इस क्षेत्र के युवाओं की कार्यशैली प्रशंसनीय है। इस साक्षात्कार में 30 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। जिन्हें वेतन के रूप में 21500 रुपए मासिक कंपनी द्वारा भुगतान किया जाएगा, जिसमें मेडिकल, ईएसआई, ईपीएफ व अन्य कटौतियों के बाद 15251 रुपए नकद दिए जाएंगे। इस दौरान गढ़ जमूला के प्रधानाचार्य विनोद धीमान, सलियाना के प्रधानाचार्य अनुज शर्मा और शेराठाना के प्रधानाचार्य कीरत सिंह व स्टाफ मौजूद रहा।

### पीड़ित प्रतिकर योजना के तहत मिलता है मुआवजा

**धर्मशाला।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव शिखा लखनपाल ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण-राज्य सरकार द्वारा हिमाचल प्रदेश अपराध से पीड़ित प्रतिकर योजना 2018 तथा 2019 के तहत पीड़ित व्यक्ति को मुआवजा प्रदान किया जाता है। इसके तहत पीड़ितध्पीड़िता को मुआवजा देने के लिए ट्रायल कोर्ट सेक्शन 357 ए, सब सेक्शन-2, सीआरपीसी के अंतर्गत सिफारिश कर सकता है या फिर पीड़ित व्यक्ति स्वयं ही जिला या राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण में मुआवजा के लिए आवेदन कर सकता है। इसके साथ ही जब प्राथमिकी दर्ज होती है तो हर केस में जहाँ मुआवजा उपलब्ध करवाने का प्रावधान है। वहीं, आवेदन के बावजूद मुआवजा नहीं मिला तो पीड़ित या पीड़िता राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सामने अपील कर सकते हैं। मुआवजा नहीं देने के ऐसे किसी आदेश के 90 दिन के भीतर प्राधिकरण में अपील करनी होगी। यदि मुआवजा लेने के बाद पीड़ितध्पीड़िता प्रॉसीक्यूसन केस में स्पोर्ट न करे, जानबूझ कर झूठी इंफॉर्मेशन देता या फिर झूठी गवाही देता है इन परिस्तिथियों में मुआवजा वापस लिया जा सकता है। इस बाबत अधिक जानकारी के लिए कांगड़ा स्थित धर्मशाला डीएलएसए के फोन नंबर 01892-222370 पर संपर्क करें।

## थमने का नाम नहीं ले रहे बैजनाथ पपरोला नगर पंचायत के विवाद

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**

बैजनाथ पपरोला नगर पंचायत में विवादों का थमने का सिलसिला लगातार चलता ही जा रहा है। यू कहे कि जब से बैजनाथ पपरोला नगर पंचायत का गठन हुआ है तब से विकास से ज्यादा यह नगर पंचायत आपसी विवादों के चलते ज्यादा चर्चाओं में रही है। अभी इसी महीने की एक तारीख को 11 पार्षदों वाली बैजनाथ पपरोला नगर पंचायत की अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए छह पार्षदों ने डीसी कांगड़ा के माध्यम से अविश्वास प्रस्ताव पेश किया है। इस अविश्वास प्रस्ताव का फैसला इसी महीने की 20 तारीख को होना बाकी है ।

अविश्वास प्रस्ताव लाने वाले छह पार्षदों अमित कपूर रितु देवी अनीता सूद राजन चौधरी, आशा कुमारी तथा राजेश कलेडी ने एसडीएम बैजनाथ के माध्यम से डीसी कांगड़ा को ज्ञापन देते हुए कहा है कि वर्तमान नगर पंचायत अल्पमत में आ चुकी है इसलिए इन्हें न कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय लेने का अधिकार है और न ही नए टेंडर लगाने का हक है। वर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष उपाध्यक्ष के विरुद्ध विरोध का बिगुल बजने वाले इन पार्षदों ने डीसी कांगड़ा को सोपे ज्ञापन में लिखा है की वर्तमान नगर पंचायत के पदाधिकारी कानून की धज्जियां उड़ाते हुए रास्तों के टेंडर लगा रहे हैं जो कि सरासर गलत है । नाराज पार्षदों का कहना है यह कार्य हाउस की बिना मंजूरी के ही लगाई जा रहे हैं जो कि नगर पंचायत अधिनियम के विरुद्ध है। इन्होंने डीसी कांगड़ा से मांग करते हुए कहा है की अति शीघ्र इस मामले में हस्तक्षेप कर उचित कार्यवाही की जाए । उधर नगर पंचायत की मौजूदा अध्यक्ष कांता देवी का कहना है कि वे अभी तक बैजनाथ पपरोला नगर पंचायत की अध्यक्ष है तथा जिन भी निर्माण कार्यों के टेंडर लगाए हैं वे सभी हाउस में पहले से ही पास है । कांता देवी ने कहा है कि लोकतांत्रिक प्रणाली में कुर्सी आती जाती रहती है परंतु उनके लिए जनहित के कार्य सबसे पहले है और इसी ही भावना से उन्होंने विकास कार्यों के टेंडर लगाए हैं। (अनंत ज्ञान)

### अवैध कब्जा करने पर सेना के एमईएस विभाग ने की बड़ी कार्रवाई, मचा हड़कंप

# शाहपुर बाजार में सेना ने चलाई जेसीबी, आधे से ज्यादा खोखे हटाए

**सुभाष मिंटू, कांगड़ा**


सेना के अधिकारियों से बातचीत करते हुए खोखादारक।


खोखे तोड़ती जेसीबी।

ग्राम पंचायत शाहपुर में बाजार के साथ बनी खोखा मार्केट पर सेना के एमईएस विभाग द्वारा बड़ी कार्रवाई की गई। वहीं, शाहपुर की यह खोखा मार्केट फोरलेन की जद में भी आ रही है। विभाग ने जेसीबी द्वारा आधे से अधिक खोखा मार्केट को हटा कर कब्जामुक्त कर दिया है। पठानकोट से सेना के एमईएस विभाग के कर्मचारी सेना के जवानों के साथ सुबह ही लगभग 11 बजे शाहपुर में पहुंच गए। वहीं, सुरक्षा के लिए सेना के जवानों सहित पुलिस भी मौजूद थी। सेना के एसडीओ ओंकार के अनुसार इन दुकानदारों को अवैध कब्जा हटाने के लिए कई बार नोटिस भी दिए गए थे और आज तक का वक्त कब्जा हटाने के लिए दिया गया था। सेना द्वारा कब्जा हटाते समय खोखा मार्केट के कई दुकानदार भी भड़क गए व इस कार्रवाई का विरोध करने लगें और स्थानीय प्रशासन द्वारा कुछ दिनों की मोहलत मांगी। उन्होंने प्रशासन से अपील की कि हमे कब्जा हटाने के लिए कुछ दिनों समय दिया जाए। इससे हम अपने कारोबार को कहीं और शिफ्ट कर सकें। इस दौरान एसडीएम करतार चंद की ओर से मौके पर नायब तहसीलदार शाहपुर राजेंद्र पठानियां को भेजा गया। जब तक सेना द्वारा कब्जा हटाने की कार्रवाई रोकी गई। तब तक आधे से अधिक खोखा मार्केट को हटा दिया गया था। मौका पर पहुंचे नायब तहसीलदार राजेंद्र पठानिया ने बताया की प्रशासन द्वारा खोखा मार्केट के दुकानदारों को कब्जा हटाने के लिए अब दस दिनों की मोहलत दी गई है । (अनंत ज्ञान)

## अनसोली गांव में फंदे से झूल कर व्यक्ति ने की आत्महत्या

**अनंत ज्ञान, गगल**

जिला के पुलिस थाना कांगड़ा के तहत एक व्यक्ति के फंदे पर झूल कर जान देने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार नंदेहड़ पंचायत के अनसोली गांव के 47 वर्षीय सुरेश कुमार पुत्र पूर्ण चंद ने पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

मृतक वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला अनसुई में चपरासी था। आरंभिक जानकारी के अनुसार मृतक अपनी रात्रि ड्यूटी को लेकर परेशान था। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस शव को फंदे से उतार कर कब्जे में ले लिया है तथा बयान लिए। परिजनों ने उक्त व्यक्ति की मौत को लेकर किसी भी प्रकार का शक नहीं जताया है। मृतक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए जेडएच धर्मशाला ले जाया गया है। इस को लेकर पुलिस ने थाना गगल में सीआरपीसी की धारा 174 के तहत मामला दर्ज किया गया है। उधर, डीएसपी कांगड़ा अंकित शर्मा ने मामले की पुष्टि की है। वहीं, जिला के पुलिस थाना कांगड़ा के तहत एक व्यक्ति के फंदे पर झूल कर जान देने का मामला सामने आया है।

### टेलीग्राम एप जॉब के नाम पर ठगे सात लाख

**धर्मशाला।** साइबर थाना धर्मशाला के तहत लाखों रुपए की ठगी का मामला दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार जिला चंबा के सलूणी तहसील के निवासी एक व्यक्ति ने अज्ञात लोगों पर 7,06,888 रुपए टेलीग्राम एप पर ऑनलाइन जॉब के नाम पर ठगे हैं। साइबर पुलिस थाना धर्मशाला में इसको लेकर भारतीय दंड संहिता की धारा 419 तथा 420 और आईटी एक्ट की धारा 66डी के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। एएसपी प्रवीण धीमान ने मामले की पुष्टि की है।

## हॉस्टल पर बिजली चोरी पर लगाया एक लाख 57 हजार रुपए का जुर्माना

**पंकज सोनी, ज्वालामुखी**

विद्युत मंडल ज्वालामुखी के अधिकारियों ने एक नामी शिक्षण संस्थान के हॉस्टल में दबिश दी। इस दौरान वहां अनाधिकृत स्त्रोतों से बिजली चोरी करने का आरोप सिद्ध हुआ।

विद्युत मंडल ज्वालामुखी के अधिशाषी अभियंता कर्णवीर सिंह पटियाल ने इस पर तुरंत कार्रवाई करते हुए संस्थान को एक लाख 57 हजार 729 रुपए का जुर्माना किया। विद्युत मंडल ज्वालामुखी के अधिकारियों ने विद्युत चोरी और अन्य अनियमितताओं को रोकने के लिए छेड़े गए सर्च अभियान के तहत आज विद्युत मंडल ज्वालामुखी के अधिशाषी अभियंता कर्णवीर सिंह पटियाल के नेतृत्व में विद्युत अधिकारियों और कर्मचारियों ने क्षेत्र के एक जाने-माने शिक्षण संस्थान के हॉस्टल में अचानक निरीक्षण किया और पाया कि वहां पर विद्युत संबंधी कई अनियमितताएं बरती जा रही हैं और अनाधिकृत स्त्रोतों से बिजली चोरी की जा रही है। इस पर अधिशाषी अभियंता ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संस्थान पर 157729 रुपए का जुर्माना लगाया है और शीघ्र ही इस राशि को विद्युत मंडल कार्यालय में जमा करवाने के निर्देश दिए।

## कुपोषण से बचाएंगे छह सप्लीमेंट

### कांगड़ा के बाद प्रदेश भर में शुरू होगी योजना, बच्चों को मिलेगा लाभ

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

प्रदेश में पहली बार शुरू पायलट प्रोजेक्ट के तहत अब प्रदेश के नौनिहालों को कुपोषण की समस्या से निजात मिल पाएगी। बताते चलें कि महिला एवं बाल विकास विभाग कांगड़ा तथा पालमपुर स्थित देश के नामी वैज्ञानिक संस्थान सीएसआईआर और आइएचबीटी जिला प्रशासन की अगुवाई में ये पहल करेंगे। इसको लेकर बाकायदा छह साल की आयु से कम के 914 बच्चों को चिन्हित किया जा चुका है। वहीं, बढ़िया पोषण के लिए जल्द ही उन्हें पोषक अनुपूरक वितरित किए जाएंगे। जानकारी के अनुसार मिशन भरपुर पहल के तहत ये नवाचार योजना शुरू की गई है। कुपोषण के शिकार कांगड़ा के बच्चों को सीएसआईआर-आइएचबीटी के तैयार किए गए छह सप्लीमेंट दिए जाएंगे तथा सप्ताह के छह दिनों में ये पोषण अनुपूरक उत्पाद हर दिन बदल-बदल कर दिए जाएंगे। सीएसआईआर-आईएचबीटी द्वारा विकसित ये उत्पाद 100 प्रतिशत प्राकृतिक, परिरक्षक-मुक्त और पारंपरिक ज्ञान पर आधारित हैं। इन उत्पादों में स्पिरुलिना पीनट बार, मल्टीग्रेन प्रोटीन मिक्स, प्रोटीन और फाइबर समृद्ध ऊर्जा बार, प्रोटीन समृद्ध मूंगफली मक्खन बार, आयरन- समृद्ध फल बार और प्रोटीन एवं फाइबर समृद्ध बाजरा कुकीज शामिल हैं। (अनंत ज्ञान)

### क्या कहते हैं अधिकारी

**इस** बारे में जानकारी देते हुए महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी अशोक शर्मा ने बताया कि प्रदेश में पहली बार हो रही इस पहल को सबसे बड़े जिला कांगड़ा में शुरू किया गया है, ताकि बच्चों को कुपोषण से बचाया जा सके। उन्होंने बताया कि जल्द ही ये उत्पाद विभाग के माध्यम से बच्चों को वितरित किए जाएंगे। परिणाम आने के बाद संभवत प्रदेश भर में इस प्रोजेक्ट के तहत काम किया जाएगा।

### 'लब मैशप' पहाड़ी लोकगीत रिलीज

**गरली ।** निबूंआ ब रुनझुनुआ पहाड़ी गाने पर अपनी महारत हासिल कर चुके गांब करियाड़ा स्थित पाईसा लोकगायक मोहित गर्ग का एक के बाद एक गाना हिट होता जा रहा है वहीं, अब लब मैशप पहाड़ी लोकगीत गुरुवार को उनके चैनल मोहित गर्ग ऑफिशिल पर रिलीज हो गया। वहीं, यह गाना रलीज होते ही दर्शक इसे काफी पंसद करने लगे है। पहाड़ी लोकगीतो के स्टार मोहित गर्ग ने बताया कि इस लव मैशप में रोमांटिक व पारंपरिक गानों का मैशप सुनने को मिलेगा। इसे संगीत में परमजीत पम्मी ने पिरोया है व इसका निर्देशन अखिल चौधरी द्वारा किया गया है। मेहित ने कहा कि हिमाचलवासी उनके इस प्रोजेक्ट को भी प्यार देंगे।

## ऋषि वैली स्कूल में सालाना समारोह की धूम

**राकेश डोगरा, डरोह**



ऋषि वैली स्कूल गढ़ बसदी में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया द्य विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति से उपस्थित जनों का मन मोह लिया।

इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में प्रो. डॉ. जेके शर्मा बद्दी यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर तथा उनकी धर्मपत्नी प्रो. डॉ. स्वर्णलता शर्मा ने शिरकत की। कार्यक्रम में बच्चों ने गणेश वंदना, भंगड़ा, नाटक, गिद्दा, देशभक्ति गीत, पहाड़ी नाटी व चुटकुले आदि से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। नौवीं, दसवीं कक्षा के लड़कों ने फौजी एक्ट प्रस्तुत करके काफी वाहवाही लूटी और उपस्थित जनों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। अंत में स्कूल के प्रिंसिपल रवि चौहान ने सभी अतिथियों, अभिभावकों का आभार व्यक्त किया और स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की तथा अन्य गतिविधियों की जानकारी भी दी । इस अवसर पर हिमाचल बोर्ड परीक्षा में मेरिट में रहे 17 बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। (अनंत ज्ञान)

### बैठक में पेंशनरों की समस्याओं पर की चर्चा

**बैजनाथ।** विद्युत बोर्ड पेंशनर्स फोरम बैजनाथ इकाई की मासिक बैठक आरआर राणा जिला अध्यक्ष कांगड़ा की अध्यक्षता में लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह बैजनाथ में आयोजित की गई। जिला अध्यक्ष ई आरआर राणा ने पेंशनरों को मंच की गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यहां हर कोई पेंशनभोगी है, उन्होंने सभी पेंशनरों से इसी प्रकार एकत्रित होते रहने का आग्रह किया। बैठक को इकाई सचिव बी एस राणा और इकाई अध्यक्ष के सी कटोच जगत सिंह नागमोड ने भी संबोधित किया। उन्होंने सरकार व बोर्ड प्रबंधन से 1/1/16 के बाद 31/1/22 जनवरी तक सेवानिवृत्त पेंशनरों का बकाया जारी करने का आग्रह किया। जिसे सरकार और बोर्ड प्रबंधन ने रोक दिया है। 31/1/22 जनवरी के बाद सेवानिवृत्त होने वालों को बोर्ड प्रबंधन और सरकार सब कुछ दे रही है। सरकार ने पेंशनभोगियों का जो 12 प्रतिशत डीए रोका है, उसे जारी किया जाए।

## आर्य कॉलेज नूरपुर के छात्रों को बताए सड़क सुरक्षा के नियम


कार्यक्रम के दौरान छात्रों को सम्मानित करने का दौर।

**अनंत ज्ञान, नूरपुर**

राजकीय आर्य महाविद्यालय नूरपुर के प्रांगण में सड़क सुरक्षा क्लब की ओर से सड़क सुरक्षा नियमों पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कुल 16 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया तथा महाविद्यालय के लगभग 100 विद्यार्थी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन सड़क सुरक्षा क्लब के सदस्यों डॉ. दिलजीत सिंह, प्रो. रीमा कुमारी, डॉ. सुरेश चौधरी, प्रो. सुरजीत सिंह, प्रो. शिवकुमार तथा डॉ. रोहित कुमार द्वारा किया गया ।

इस अवसर पर महाविद्यालय के कार्यकारी प्राचार्य प्रो. संजय जसरोटिया द्वारा विद्यार्थियों को संबोधित कर उन्हें सड़क सुरक्षा नियमों से संबंधित जानकारी दी व इसके बारे में जागरूकता फैलाने की आवश्यकता पर बल दिया । सड़क सुरक्षा क्लब के समन्वयक डॉ. दिलजीत सिंह द्वारा विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा क्लब की स्थापना, इसके उद्देश्यों, इसमें विद्यार्थियों की वार्षिक सदस्यता व आवश्यक भागीदारी तथा वर्ष भर की जाने वाली गतिविधियों के बारे में जानकारी दी गई।

इस प्रतियोगिता में सुनील व नाजनी द्वारा संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया गया। आरुषि ने दूसरा स्थान व तृतीय स्थान पर संयुक्त रूप से कनिका राणा व अंकित रहे।

### योजनाओं का लाभ पहुंचाना मेरी प्राथमिकता : अशोक शर्मा



**धर्मशाला।** महिला एवं बाल विकास विभाग में बतौर जिला कार्यक्रम अधिकारी सेवाएं दे रहे अशोक शर्मा के अनुसार पोषण व्यवस्था के प्रति लोगों में जागरूकता की कमी को दूर करना उनकी प्राथमिकता है। 1995 में बतौर स्टेटिकल एसिस्टेंट विभाग में अपनी सेवाएं शुरू करने वाले शाहपुर के अशोक शर्मा ने बतौर बाल विकास परियोजना अधिकारी चंबा, रैत तथा नूरपुर में सेवाएं देने के बाद जिला कार्यक्रम अधिकारी के रूप में लाहौल में सेवाएं देने के बाद 3 अक्तूबर 2022 को धर्मशाला में ज्वाईन किया था। उन्होंने कहा कि महिलाओं तथा बच्चों के पोषण तथा कल्याण से जुड़ी विभागिय योजनाओं को लाभार्थियों तक पहुंचाने के लिए वो हमेशा प्रयासरत्त रहते हैं ताकि इन योजनाओं के लाभ से कोई भी वंचित न रहे। उन्होंने बताया कि पोषण व्यवहार में जागरूकता की कमी को दूर करने के लिए जिला की हर आंगनवाड़ी में हर माह दो समुदाय आधारित कार्यक्रम आयोजित करवाए जा रहे हैं। इसके अलावा समय-समय पर बच्चों की ग्रोथ को भी मॉनिटर किया जाता है। उन्होंने बताया कि महिलाओं तथा बच्चों से संबंधित विभाग की योजनाओं का लाभ लाभार्थियों तक पहुंचाना उनका उद्देष्य है तथा कांगड़ा जिला में हर लाभार्थी को इसका लाभ मिल रहा है।

### जिला स्तरीय युवा संसद के लिए आवेदन आमंत्रित

**धर्मशाला।** जिला स्तरीय युवा संसद में भाग लेने के लिए नेहरू युवा केंद्र धर्मशाला द्वारा आवेदन मांगे गए हैं। जिला युवा अधिकारी विवेक कुमार ने बताया कि 18 से 25 वर्ष की आयु के युवा इसमें भाग ले सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 16 फरवरी 2024 है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 31 दिसंबर 2017 को मन की बात में 18 से 25 वर्ष आयु समूह के युवाओं से अपील की थी कि वह देश के नव निर्माण में सक्रिय प्रतिभागिता दर्ज करें। हम कैसा भारत चाहते हैं इस संबंध में न केवल अपने विचारों को व्यक्त करें, अपितु उसके लिए अपना योगदान भी दें।किसी भी अन्य जानकारी के लिए नेहरू युवा केंद्र के जिला कार्यालय के दूरभाष नम्बर 01892-224984 भी संपर्क कर सकते हैं।



**देहरा।** राजकीय महाविद्यालय ढलियारा मे गुरुवाार को एक विशेष कार्यक्रम आयोजित हुआ एनसीसी (प्रभारी) केयरटेकर कपिल सूद की अध्यक्षता मे आयोजित हुए इस कार्यक्रम में छह एचपी (आई ) कंपनी ऊना के सूबेदार सुनील कुमार के नेतृत्व में हबलदार सुमेश चंद और हबलदार मोहन कुमार आदि ने शिरकत की। उपरोक्त कालेज में प्रथम, द्वितीय व तृतीय वर्ष के छात्राओ की सी प्रैक्टिकल हेतु ऊना से आई कंपनी टीम द्वारा रायफल को चलाने चीता चाल दुश्मन से मुकाबला करते वक्त अगर जमीन पर रेंगते हुए गन को साथ लेकर चलना पड़े तो कैसे चलना है, फील्ड क्राफ्ट और बैटल क्राफ्ट आदि कई जरुरी बाते समझाई गई।

**चुनाव** कांग्रेस नेताओं ने अभी तक नहीं दिए कोई चुनावी संकेत

# लोकसभा चुनावों को लेकर कांग्रेस नेता शांत

**कपिल पंडित, धर्मशाला**



आगामी लोक सभा चुनावों के मद्देनजर राजनीतिक दलों ने अपने प्रत्याशियों के चयन के लिए माथापची शुरू कर दी है। हिमाचल प्रदेश के चार संसदीय क्षेत्रों के लिए प्रमुख राजनीतिक दल भाजपा और कांग्रेस चुनावी रणनीति में जुट गए हैं। दोनों राजनीतिक दलों ने प्रत्याशियों के चयन के लिए सर्वे शुरू कर दिया है और सर्वे के आधार पर टिकट आबंटन किया जाएगा।

कांगड़ा-चंबा संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस की बात करें तो कांग्रेस के पास कुछ ही गिने चुने चैहरे हैं और इन्ही में से कांग्रेस हाई कमान को चयन करना होगा। कांग्रेस नेताओं की ओर से लोक सभा चुनावों के लिए कोई स्पष्ट संकेत नहीं आया है। कांग्रेस हाईकमान किसी ऐसे चैहरे की तलाश में है जो स्थानीय मुद्दों पर भाजपा प्रत्याशी को टक्कर दे पाए। कांग्रेस प्रत्याशियों में सबसे आगे नाम धर्मशाला से विधायक सुधीर शर्मा का है। सुधीर शर्मा को स्मार्ट नेता के रूप में जाना जाता है, लोग उन्हें दूरदर्शी नेता मानते हैं। सुधीर शर्मा ने पूर्व में मंत्री रहते जिस तरह धर्मशाला विधानसभा क्षेत्र का कायाकल्प किया, इसी के चलते उनकी प्रशंसा दूसरी विधानसभा क्षेत्रों में भी हुई। इसके अतिरिक्त हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष रघुवीर सिंह बाली भी एक मजबूत प्रत्याशी साबित हो सकते हैं। रघुवीर सिंह बाली अपने दिवगंत पिता पूर्व मंत्री एवं दिग्गज नेता जीएस बाली के नक्शे कदम पर हैं और उनकी तूती न केवल नगरोटा बगवां बल्कि अन्य विधानसभा क्षेत्रों में भी बोलती है। कांग्रेस हाई कमान के पास अन्य विकल्पों में पूर्व मंत्री आशा कुमारी और हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष राजेश शर्मा भी शामिल हैं। कांग्रेस के स्थापित नेताओं ने अभी तक लोकसभा चुनावों में उतरने का कोई साफ संकेत नहीं दिया है जबकि भाजपा नेता अप्रत्यक्ष रूप से चुनाव लड़ने की हामी भर चुके है। (अनंत ज्ञान)

### शहीद स्मारक देखने कम पहुंच रहे सैलानी



**धर्मशाला।** पर्यटन नगरी धर्मशाला में इन दिनों पर्यटकों की आमद कुछ दिनों से काफी कम नजर आ रही है। यही कारण है कि पर्यटकों के आकर्षण के केंद्र शहीद स्मारक में काफी कम लोग पहुंच रहे हैं। पिछ्ले कई दिनों से 100 से कम सैलानी यहां पहुंच रहे हैं तथा यहां सन्नाटा पसरा नजर आ रहा है। बताते चलें कि धर्मशाला आने वाले सैलानी अक्सर शहीद स्मारक पहुंच कर यहां शहीद स्मारक के साथ युद्ध संग्रहालय में पहुंचते हैं तथा देश के लिए शहीद होने वाले जांबाज सैनिकों को नमन करते हैं। वहीं इन दिनों में काफी कम सैलानी यहां पहुंच रहे हैं। मार्च के माह में ही अब सैलानियों के यहां का ज्यादा संख्या में रूख करने की संभावना है।



राष्ट्रीय व्यवहार में हिंदी को काम में लाना देश की उन्नति के लिए आवश्यक है। –महात्मा गांधी



## चुनावी बॉन्ड स्कीम पर केंद्र सरकार को झटका

**सुप्रीम** कोर्ट ने केंद्र सरकार की चुनावी बॉन्ड स्कीम को रद्द कर तगड़ा झटका दिया है। शीर्ष अदालत ने एसबीआई को ऐसे दान देने वाले लोगों के नाम निर्वाचन आयोग को बताने की बात कहकर बैंक पर भी शिकंजा कस दिया है। 2017 के बजट में तत्कालीन वित्त मंत्री अरुण जेटली ने चुनावी बॉन्ड स्कीम पेश की थी, लेकिन इस योजना को इसी साल चुनौती दी गई थी। सुनवाई 2019 में शुरू हुई। 12 अप्रैल 2019 को सुप्रीम कोर्ट ने सभी राजनीतिक पार्टियों को निर्देश दिया कि वे 30 मई, 2019 तक एक लिफाफे में चुनावी बॉन्ड से जुड़ी सभी जानकारी चुनाव आयोग को दें। हालांकि, कोर्ट ने तब इस योजना पर रोक नहीं लगाई थी। बाद में दिसंबर, 2019 में याचिकाकर्ता एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉमर्स यानी एडीआर ने इस योजना पर रोक लगाने के लिए एक आवेदन दिया।

जेटली ने तब दावा किया था कि इससे राजनीतिक पार्टियों को मिलने वाली फंडिंग और चुनाव व्यवस्था में पारदर्शिता आएगी और ब्लैक मनी पर भी अंकुश लगेगा। दूसरी ओर इसका विरोध करने वालों का कहना था कि चुनावी बॉन्ड खरीदने वाले की पहचान जाहिर नहीं की जाती है, इससे ये चुनावों में काले धन के इस्तेमाल का जरिया बन सकते हैं।

इस स्कीम को बड़े कॉर्पोरेट घरानों को ध्यान में रखकर लाया गया है। इससे ये घराने बिना पहचान उजागर हुए जितनी मर्जी उतना चंदा राजनीतिक पार्टियों को दे सकते हैं। केवाईसी बॉन्ड खरीदने वाला एक हजार से लेकर एक करोड़ रुपए तक का बॉन्ड खरीद सकता है। इसे खरीदने वाले व्यक्ति को टैक्स में रिबेट भी मिलता है।

ये बॉन्ड जारी करने के बाद 15 दिन तक वैलिड रहते हैं, लेकिन अब सुप्रीम कोर्ट ने चुनावी बॉन्ड स्कीम पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। कोर्ट ने इस स्कीम को असंवैधानिक बताया है और आरटीआई का उल्लंघन करार दिया है। इससे राजनीतिक पार्टियों के समक्ष चंदे की उगाही का संकट पैदा हो गया है। अब जबकि लोकसभा चुनाव नजदीक आ रहे हैं तो ऐसे में सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला उनके लिए नई मुसीबत बन गया है। सियासी दल इस उधेड़बुन में लग गए हैं कि चुनाव लड़ने के लिए चंदा कैसे इकट्ठा करें। इस स्कीम के बंद होने से बहुत कुछ बदल जाएगा और चंदा लेने और देने वाले पर व्यापक असर पड़ेगा। चुनावी बॉन्ड से भाजपा चंदा एकत्र करने वाली सबसे बड़ी पार्टी है, जबकि कांग्रेस दूसरी नंबर पर है। भाजपा ने वित्त वर्ष 2022-23 में अपनी तिजोरी में 1,294 करोड़ रुपए चुनावी बॉन्ड से जोड़े।

भाजपा को चुनावी बॉन्ड से मिलने वाला पैसा कांग्रेस की तुलना में लगभग सात गुना था। कांग्रेस 2022-23 में महज 171 करोड़ रकम पार्टी फंड में जोड़ पाई, जबकि इसी पार्टी को उसके पिछले वित्त वर्ष में 236 करोड़ रुपए चुनावी बॉन्ड के मार्फत मिले थे। इसी तरह 2021-22 में भाजपा की जो आय 1,917 करोड़ थी, वह 2022-23 बढ़कर 2,361 करोड़ को पहुंच गई। दूसरी तरफ भाजपा की मुख्य प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस की कुल आय पिछले वित्त वर्ष में 452 करोड़ रह गई, जो 2021-22 में 541 करोड़ के करीब थी।

# साहित्य और इतिहास में ठाकुर राम सिंह का अतुलनीय योगदान

जयंती पर विशेष



लेखक : डॉ. मनोज डोगरा
प्राध्यापक, राजकीय महाविद्यालय बड़सर

**साहित्य** और इतिहास के क्षेत्र में बढ़ती उम्र और बीमारी के बावजूद भी जीवन भर ठाकुर राम सिंह एक योद्धा की तरह सक्रिय रहे। साहित्य के क्षेत्र में उन्हें कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा, लेकिन उन्होंने चुनौती को सहर्ष स्वीकार किया। भारत मां रूपी भारत की धरती अपने आप में पूरे विश्व से विलक्षण है। यहां की मिट्टी ही ऐसी है कि यहां ऐसी महान विभूतियां हुईं, जिन्होंने अपना सर्वस्व जीवन समाज व राष्ट्र के नाम समर्पित कर दिया।

ऐसी ही महान शख्सियतों में हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर में फरवरी सन 1915 में जन्में ठाकुर राम सिंह जी एक ऐसी अमर विभूति थी, जिन्होंने भारतीय इतिहास में हुए तथाकथित भ्रष्टाचार व कुरीतियों को मिटा कर सही भारतीय इतिहास को नए सिरे से रचने का बीड़ा खुद के कंधों पर उठाया था।

भारत में शिक्षा जगत में भारतीय इतिहास के सही और गलत होने पर जितनी बहस और चर्चा है, उतनी अन्य किसी विषय पर नहीं है, ऐसे में आवश्यक हो जाता है कि ऐसे महान पुरुषों व शख्सियतों के विषय में जाना जाए, जिन्होंने भारत के सच्चे इतिहास को खोजने व रचने में अपनी अग्रणी भूमिका अभिनित की हो। इस कार्य में ठाकुर राम सिंह जी का बहुत बड़ा योगदान रहा है।

ठाकुर जी ऐसे इतिहासविद हुए, जिन्होंने केवल इतिहास को पढ़ा ही नही, बल्कि गलत रचे इतिहास के पीछे छीपे सच्चे और वास्तविक इतिहास को जाना और स्वयं इतिहास गढ़ा भी। ठाकुर जी का जीवन एक नदी के प्रवाह जैसा रहा है। ठाकुर जी के साथ स्वर्गीय शब्द जोड़ना पीड़ा देता है। भगीरथ अपने तपोबल से गंगा को धरा पर लाए थे। ठाकुर जी के पास भी जो कुछ था, वह उन्होंने सारा देश समाज को समर्पित कर दिया। वह ऐसे व्यक्ति थे, जिनके बारे में बहुत सी बातें बताई जा सकती हैं। ठाकुर जी भारतीय सनातन परंपरा के विचार थे। इससे आगे बढ़कर वे इस परंपरा के व्यवहार थे। उनका हिंदू चिंतन उनके व्यवहार में उतरा था। ठाकुर जी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कुशल स्वयंसेवक व जमीन से जुड़े हुए ऐसे प्रचारक रहे, जिनके अंदर जो उग्रता थी, वह तोड़ती नहीं थी, बल्कि हम सबको उनसे जोड़ती थी। वह कार्य और व्यवहार के अनुरूप थी। असम का प्रसंग है कि ठाकुर जी को एक कार्यकर्ता ने कहा कि आप मेरा विषय बदल दो। ठाकुर जी का स्पष्ट उत्तर था, 'राम सिंह असम में विषय बदलने नहीं, व्यक्ति को बदलने के लिए आया हूं।' यह थी ठाकुर जी की कठोरता। हमें जिस दिशा की ओर बढ़ना है, उसके अनुरूप हमें अपने शरीर और चिंतन को बदलना है। विषय नहीं बदलना है, हमें बदलना है।

ठाकुर जी की भारतीय इतिहास दृष्टि इतनी दूरगामी थी कि ठाकुर राम सिंह जी भारत के गौरवमयी इतिहास के प्रति एक व्यापक और सूक्ष्म दृष्टिकोण रखते थे। उन्होंने अपने जीवन काल में भारत के इतिहास की पृष्ठभूमि तैयार कर विकृतिकरण के छदम दृष्टिकोणों के निराकरण के सुझाव प्रदान किए। वह स्वयं इतिहास के श्रेष्ठ छात्र थे और स्वाधीनता आंदोलन की प्रत्येक घटना के साक्षी थे। इसी कारण उन्होंने पराधीन भारत के इतिहासकारों द्वारा लिखे गए भारत के इतिहास के दृष्टिकोणों को तथ्यों सहित समाज के समक्ष रखा।


ठाकुर जी की मान्यता थी कि किसी भी राष्ट्र के निर्माण एवं उज्ज्वल भविष्य के उदय के लिए उस राष्ट्र के इतिहास का विशेष योगदान रहता है। विदेशी आक्रान्ता ग्रीक, मुसलमान रहे हो या अंग्रेज, वे इन तथ्यों को भली-भांति जानते थे कि यदि किसी राष्ट्र पर शासन करना हो तो उसके इतिहास को सर्वप्रथम नष्ट कर दो। ठाकुर राम सिंह जी जो इस बात पर बल देते थे कि काल, इतिहास की आत्मा है। भारत में काल की प्राचीन अवधारणा ही काल की वैज्ञानिक अवधारणा है।

ठाकुर राम सिंह जी काल की प्राचीन अवधारणा के अनुसार इतिहास लेखन के पक्ष में थे, उनका कहना था कि भारत ही ऐसा राष्ट्र है, जहां प्रकृति का इतिहास और मानव इतिहास काल के खंडों में विद्यमान है। उनका कहना था कि इतिहासकारों को इस पर बहुत सावधानी से तथ्य पूर्ण सामग्री संकलित कर इन दोनों पक्षों पर इतिहास लेखन करना चाहिए। इसी दृष्टिकोण से ठाकुर जी ने 197 करोड़ वर्षों के इतिहास लेखन का बीड़ा उठाया था।

ठाकुर जो ने इतिहास लेखन के लिए उन बिंदुओं को आधार रूप से स्वीकार किया, जिनमें भारत का गौरवमयी इतिहास युगों की वैज्ञानिक भारतीय कालगणना के अनुसार चार युगों में विभक्त है। ये बार युग देवयुग, ब्रह्मयुग, क्षात्रयुग और वर्तमान कलियुग कालगणना क्रम में व्यवस्थित है। वस्तुत: भारत के इतिहास का विषय गर्भ के संरचना काल के बिंदु से प्रारंभ होकर इस पृथ्वी पर प्रथम मानवोत्पति से अडवत् 197 करोड़ वर्ष का है। तथ्यों के उद्घाटन के साथ-साथ धीरे-धीरे यह बात प्रमाणित हो रही है कि मनुष्य जाति की आदि जननी भारत है क्योंकि विश्व के आदि मानव का प्रादुर्भाव भारत के सुमेरु पर्वत पर हुआ है। विश्व के संपूर्ण प्राचीन इतिहास की सामग्री भी भारत के पास है। ठाकुर जो उपर्युक्त इन बातों को प्रमाणों सहित कहते थे यहां वे प्रमाण थे जिनके आधार पर ठाकुर जी ने इतिहास लेखन के व्यापक दृष्टिकोण स्थापित किए। इन्हीं दृष्टिकोणों ने एक जीवंत संकल्प लेने के लिए ठाकुर जी को बाध्य किया और ठाकर जगदेव चंद स्मृतिशोध संस्थान की नींव पड़ी। ठाकुर राम सिंह जो भारतीय इतिहास और कालक्रम के प्रमाणों को भलि भांति समझते थे। उन्होंने आजीवन पाश्चात्य ईसाइयों मुस्लिम दरबारियों भारतीय साम्यवादी इतिहासकारों धर्म निरपेक्ष इतिहासकारों द्वारा खड़े किए गए कुदृष्ट सिद्धांतों का सदैव निराकरण किया। उन्होंने प्रमाण प्रस्तुत कर भावी पीढ़ी को सोचने के लिए सामग्री प्रस्तुत की। उन्होंने कई महत्वपूर्ण तथ्य संजोए थे, जो आज भी किताबों के रूप में प्रकाशित होकर आज की युवा पीढ़ी को अपनी इतिहास की जड़ को जानने का अवसर प्रदान करता है।

ऐसी सख्शियतों व उनके किए गए कार्यों को जानना आज समाज के लिए आवश्यक है। युवा पीढ़ी को इनके कार्य व विचार प्रेरणा प्रदान करते हैं। भारत के वास्तविक गौरवशाली इतिहास व भारतीय सभ्यता के गुमनाम तथ्यों को समाज के समक्ष लाने में इनका योगदान अविस्मरणीय है तथा इनके बनाए व दिखाए मार्ग पर आज ठाकुर जगदेव चंद शोध संस्थान नेरी, हमीरपुर उनके वास्तविक इतिहास को रचने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण कार्य वास्तविकत इतिहास को खोजने और रचने में संस्थान कर रहा है, ऐसे प्रेरणास्त्रोत व्यक्तित्व समाज के लिए प्रेरणादाई है। इनके विचार आज भी समाज में प्रासंगिक हैं तथा विचारों के माध्यम से ठाकुर राम सिंह जी सदैव अमर रहेंगे।

## नजरिया
# श्रीकृष्ण अप्रतिम सौंदर्य और लावण्य के आगार हैं



गिरीश्वर मिश्र
वर्धा विवि के पूर्व कुलपति

**श्रीकृष्ण** भाव पुरुष हैं। परब्रह्म के पूर्ण प्रतीक जो लीला रूप में अनुभवगम्य होते हैं। अक्षय स्नेह के स्रोत रस से परिपूर्ण श्रीकृष्ण इंद्रियों के विश्व में आनंद के निर्झर सरीखे हैं। उनका सान्निध्य चैतन्य की सरसता के साथ सारे जगत को आप्लावित और प्रफुल्लित करता है।

श्रीमद् भगवद गीता में विभूति योग की व्याख्या करते हुए श्रीकृष्ण खुद को ऋतुओं में वसंत घोषित करते हैं 'ऋतूनाम् कुसुमाकर'। श्रीमद् भागवत के दशम स्कंध में रास प्रवेश करते हुए उनकी निराली छवि कामदेव को भी लजाने वाली है। गोपियों के सामने भगवान श्रीकृष्ण अपने मुस्कराते हुए मुख कमल के साथ पीतांबर धारण किए तथा वनमाला पहने हुए प्रकट हुए। उस समय वह साक्षात मन्मथ यानी कामदेव का भी मन मथने वाले लग रहे थे।
श्रीकृष्ण अप्रतिम सौंदर्य और लावण्य के आगार हैं, तो काम को सौंदर्य के मानदंड की तरह रखा गया है। भारतीय संस्कृति में कामदेव की संकल्पना अत्यंत प्राचीन है। इच्छा और कामना की प्रतिमूर्ति के रूप में काम शब्द का प्रथम उल्लेख ऋग्वेद के नासदीय सूक्त में मिलता है जिसके ऋषि परमेष्ठी प्रजापति हैं, और देवता हैं परमात्मा। व्यक्त और अव्यक्त रूपों वाले कामदेव मन्मथ, अतनु, अनंग, कंदर्प, मदन, पुष्पधन्वा आदि कई नामों से जाने जाते हैं। उनको लेकर अनेक कथाएं और मिथक भी प्रचलित हैं। एक कथा यह है कि कामदेव ब्रह्मा के मन से जन्मे थे। कहते हैं वसंत पंचमी की तिथि पर कामदेव का धरती पर आगमन हुआ। वह धनुष बाण से सज्जित रहते हैं। गन्ने (यानी मधु!) से बने धनुष, भ्रमरों की पंक्ति वाली डोरी (प्रत्यंचा) और फूलों के बाण के साथ वह किसी को भी बेध सकते हैं। जहां सौंदर्य है, वहीं काम की उपस्थिति है, जैसे-यौवन, स्त्री, सुंदर पुष्प, गीत, पराग कण, सुंदर उद्यान, वसंत ऋतु, चंदन, मंद समीर आदि। आनंद, उल्लास, हर्ष, कामना, इच्छा, अभीष्ट, स्नेह, अनुराग आदि के भाव काम की ही अभिव्यक्तियां हैं। जीवन में काम केंद्रीय है और धर्म, अर्थ और मोक्ष के साथ उसे भी पुरुषार्थ का दर्जा मिला हुआ है।

वसंत या फागुन-चैत के साथ भारतीय नया वर्ष भी शुरू होता है। वसंत कुछ नया होने की और कुछ नया पाने की उत्कट उमंग है, जो प्रकृति की गतिविधि में भी प्रत्यक्ष अनुभव की जाती है ।

## अंदाज-ए-बयां
### चिंगारी

*भड़क उठी है चिंगारी, हुए*
*धमाके जोर से*
*अफरा-तफरी मच गई ,*
*गूंजा नभ शोर से।*

*रोजी रोटी की तलाश में,*
*आए बड़ी आस से*
*जान बचाने भाग रहे, ढूंढ*
*रहे राह छोर से ।*

*धुआं धुआं हुआ है ऐसा,*
*चीख रहे जोर से*
*स्याह हुए सपने, देखे हैं जो*
*पहले भोर से।*

*दम घुटने लगा, आती नहीं*
*प्राण वायु किसी ओर से*
*जान क्या होती, पूछिए,*
*कूदा जो छत की छोर से ।*

*बंद हुई कुछ आंखें, कुछ*
*तड़प रहे जोर-जोर से*
*है जो सुरक्षित, शुक्र*
*लंच टाइम का कर रहे*
*जोर से ।*

कवि
अनिल शर्मा नील

# जंक फूड का त्याग करें, आदर्श भोजन से सुडौल होगा समाज



लेखक : ठाकुर तारा
समाजशास्त्री, सुंदरनगर

**आधुनिकता** जंक फूड, फास्ट फूड की राह पर समाज को धकेल रही है। यह पाश्चात्य संस्कृति, जीवन शैली के खानपान के चार्ट में से एक शीघ्र प्राप्त तला भुना, भोज्य पदार्थ है, जो इस परिप्रेक्ष्य से संबंध रखता है। आज के समय में गांव, समाज में अभिभावक बच्चों की शिक्षा के ऊपर ज्यादा ध्यान दे रहे है। वह अपने बच्चों को खेतीबाड़ी, बाहरी खेलकूद, भागदौड़, मेहनत, पसीने से दूर रख तकनीकी मशीनी समाज का स्वचालित हिस्सा बना रहे हैं। इस कारण ग्रामीण क्षेत्रों की अधिकतर युवा पीढ़ी शहरों की तरफ पलायनवादी रवैये से अछूती नहीं है। बच्चे इस तब्दीली के कारण पीजी, आवासीय विद्यालय, कॉलेज व विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के आसपास देखा-देखी में फास्ट फूड, पिज्जा, बर्गर, तली भुनी मैदा युक्त चाट, भटूरे इत्यादि का जमकर सेवन कर रहे हैं। यह जंक फूड किसी भी नियत स्थान पर ऑनलाइन ऑर्डर बुक करके भी मंगवाया जा सकता है। ध्यान देने योग्य बात इस व्यंजन को बच्चे तो बच्चे महिलाएं, नौकरीशुदा, बीमार ग्रस्त बुजुर्ग भी खास पसंद करते हैं। इन तैलीय भोज्य पदार्थों का सेवन कर, हम बहुमूल्य स्वास्थ्य को विभिन्न प्रकार की बीमारियों का घर बना रहे हैं। इसमें अतिरिक्त तैलीय वसा से शरीर का मोटापा बढ़ना, थुलथुला बेडौल विकृत शरीर, दिल की बीमारियां, कोलेस्ट्रॉल, ट्राइगिलस्ट्राइड, आंत की बीमारियां, पेट संबंधित पाचन तंत्र के कमजोर होकर बीमार ग्रस्त होना, छोटी उम्र में ही सांस का फूलना, आंखों की दृष्टि बाधित होना, उच्च रक्तचाप, चिड़चिड़ा व्यवहार, सोचने की स्मरण क्षमता का क्षीण होना इत्यादि हम मुफ्त में मोल ले रहे हैं। जीभ को स्वादिष्ट लगने वाले ये शीघ्र उपलब्ध होने वाले गलत खानपान के ग्रहण करने से इस मोबाइल शुदा संचार क्रांति के नए युग में निष्क्रिय होकर कार्य करने वाले समाज में कम उम्र में ही अधेड़ दिखना गंभीर परिणामों में से एक है। हमारे पूर्वज घी खाते थे व उससे ज्यादा पसीना बहाते थे। वह संजोई हुई ऊर्जा के साथ घंटों खेत में मेहनत कर पसीने के रूप में शरीर के रोम छिद्रों के माध्यम से बाहर निकाल कर चर्बी व शरीर को मोटापे से ग्रस्त नहीं होने देते थे। इसके विपरित आज हम यह जंक फूड बिना मेहनत कर एक स्थान पर बैठकर, मोबाइल फोन का घंटों इस्तेमाल कर सिर्फ खाते जाते हैं। उसे पचाने के लिए शारीरिक श्रम, भागदौड़ कर पसीने के रूप में बाहर नहीं निकालते। इसके कारण पाचन तंत्र, तंत्रिका तंत्र हरकत में न आकर शरीर के भीतर जमी अतिरिक्त तैलीय वसा के कारण निष्क्रिय हो जाता है। आज मानव जितना शिक्षित, जागरूक होता जा रहा है, उतना ही अपने मंदिर रूपी शरीर पर ध्यान न देकर उसे धीमे जहर से युक्त कर आधी उम्र में ही प्राण पखेरू उड़ाने वाली बीमारियों को खुद संग्रहित कर रहा है। पाश्चात्य जीवन शैली से प्रेरित व युक्त तैलीय भोज्य पदार्थों का, जो हमारे जीवन को संकट में डालते हैं, इनका बहिष्कार समाज के हर प्लेटफार्म में होना चाहिए। साथ ही साथ मानवता को शारीरिक रूप से चुस्त दुरुस्त, लंबी स्वस्थ आयु को बरकरार रखना है तो जीभ की चटपटी चटोरी चपलता, स्वादिष्ट तैलीय भोज्य पदार्थों की आदत को हमेशा हमेशा के लिए त्यागना होगा। तभी हम एक स्वस्थ युवा पीढ़ी के रूप में मजबूत भारतीय समाज के आधार स्तंभ स्थापित करने में सफल होंगे।

# हिमाचल, उत्तराखंड में धिरवान बिरादरी का खास इतिहास



हेमराज राणा
स्वतंत्र लेखक, सिरमौर

**हिमाचल** प्रदेश में अगर हम विभिन्न बिरादरियों और भाईचारे पर प्रकाश डालने का प्रयास करें जो दंत कथाओं और बुजुर्ग बुद्धिजीवियों से मिलती जानकारी अनुसार मालूम होता है कि हमें इतिहास से अनेकों रोचक और ज्ञानवर्धक जानकारी प्राप्त होती है, जो आने वाली नई पीढ़ी को जानना बहुत जरूरी हो जाता है। इसमें हिमाचल प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में बसे बिरादरी और भाईचारे की जानकारी वर्तमान पीढ़ी को मिलती रहे, इसी परिप्रेक्ष्य में हम आज धिरवान बिरादरी के इतिहास और कुछ महत्वपूर्ण जानकारियों को साझा करने का प्रयास करेंगे। जानकारी अनुसार और बुद्धिजीवियों के अनुसार धिरवान बिरादरी की उत्पत्ति अथार्त आवागमन हुआ, वह राजस्थान के बिजनौर से हुई, जिस धिरवान बिरादरी में एक ऐसा शक्तिशाली व्यक्ति माना जाता था, जिसके चर्चे दूर-दूर तक फैले थे, तो वहीं जानकारी और डर के कारण तत्कालीन राजा को मालूम हुआ कि इस बिरादरी और समुदाय में एक इस प्रकार का अद्भुत शक्तिशाली व्यक्ति मौजूद है तो तत्कालीन राजा ने उस व्यक्ति को अपने पास बुलाया और कहा कि अगर आप एक तीर से तीन तोवे को बिंद डालेंगे तो मैं पूरा राज्य आपको दे दूंगा और अगर नहीं बिंद पाए तो आपकी हत्या की जाएगी। इसकी तिथि तत्कालीन राजा ने घोषित कर दी, क्योंकि राजा को डर था कि भविष्य में ऐसा अद्भुत शक्तिशाली व्यक्ति मेरे लिए और मेरे राज्य के लिए भी खतरे का कारण बन सकता है, तो अपनी गद्दी को सलामत रखने के लिए इस प्रकार के घटनाक्रम को अंजाम देने का प्रयास किया, तत्पश्चात उस शक्तिशाली व्यक्ति को उनके बिरादरी और भाईचारे लोगों द्वारा सचेत किया गया था कि आपके द्वारा तीन तोबे को बिंद पाना नामुमकिन है, तो उनके सुझाव अनुसार उस शक्तिशाली व्यक्ति को आगाह किया गया कि जब आप तीर चढ़ाएंगे तो हमारी तरफ देखना और तीर उन तीन तोबे की जगह एक पर लगाएं, जिनका इशारा तीर का तत्कालीन राजा पर होता है तो उस निर्धारित तिथि में एक भव्य प्रतियोगिता करवाई जाती है तो वह धिरवान बिरादरी के शक्तिशाली व्यक्ति भी अपने तमाम भाइयों के साथ पहुंच जाते हैं, तो जैसे ही प्रतियोगिता शुरू होती है तो वह व्यक्ति अपने उन भाइयों की तरफ देखता है तो उनका इशारा उस तीन तोबे की बजाय तीर को उस राजा पर चलाने के लिए होता है तो उस शक्तिशाली व्यक्ति द्वारा तीर उस राजा पर साध देता है, जिस राजा की तीर से मौत हो जाती है, तो तत्पश्चात राजा की हत्या करने के डर से कहां जाता है कि बिजनौर के वह तमाम धिरवान बिरादरी के लोग हिमाचल प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में बस गए, यहां देखने और समझने वाली बात यह भी है कि जिस इतिहास और धिरवान बिरादरी की चर्चा करने का प्रयास कर रहे हैं, वह इतिहास वर्तमान में तत्कालीन शक्तिशाली व्यक्ति की तरह आज दुनिया में खलबली मचाने वाले दलीप राणा उर्फ ग्रेट खली भी उसी धिरवान बिरादरी से ताल्लुक रखते हैं, जो इतिहास इस बात को और पुख्ता करता है कि इस बिरादरी में कितने-कितने शक्तिशाली व्यक्ति रहे हैं, तत्पश्चात बिजनौर से हिमाचल प्रदेश के जिला सिरमौर शिलाई विधानसभा के अंतर्गत गांव मिल्ला, मुनाणा, कमरूउ धिराईना (नैनीधार), दलीप राणा उर्फ ग्रेट खली का पैतृक गांव, टिकरी डसाकना (हरिपुरधार), मलयाना, (शिमला) चोग ताली (दिदोग) राजगढ़, बासपिल (उत्तराखंड) चुबाऊ (उत्तराखंड) बासपिल जो उत्तराखंड का प्रसिद्ध महासु मंदिर के बजीर भी है, जहां लगभग दो सौ घर बताए जाते हैं। इस प्रकार धिरवान बिरादरी की उत्पत्ति बिजनौर से बताई जाती है, जो हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के इन तमाम गांवों एवं क्षेत्रों में बस गए जो धिरवान बिरादरी विभिन्न क्षेत्रों में (राणा) के नाम से जाने जाते हैं तथा जिस भी क्षेत्र में धिरवान बिरादरी पाई जाती है, उन तमाम क्षेत्रों और गांवों के लोगों को आमजन राणा के नाम से जानते हैं, जहां हर व्यक्ति के नाम के पीछे राणा नाम का प्रयोग अधिकांश क्षेत्रों में किया जाता है। इस प्रकार धिरवान बिरादरी एक ताकतवर और शक्तिशाली विरादरियों में से एक मानी जाती है, अगर हम इतिहास और वर्तमान परिदृश्य पर प्रकाश डालने का प्रयास करें, तो वहीं धिरवान बिरादरी के तमाम लोगों द्वारा समय-समय पर आपसी भाइचारे को और मजबूत और प्यार सम्मान देने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से आना जाना लगा रहता है। इसमें कभी उत्तराखंड में बसे धिरवान बिरादरी के भाइयों को हिमाचल प्रदेश में बसे अपने भाइयों को आने का न्योता देते हैं तो कभी हिमाचल प्रदेश में बसे धिरवान बिरादरी को उत्तराखंड में बसे धिरवान बिरादरी के भाइयों द्वारा बुलावा भेजा जाता है जिसमें विभिन्न बाद्य यंत्रों के साथ भाइयों का गर्मजोशी के साथ स्वागत और अभिनंदन किया जाता है, तो वहीं स्थानीय देवी-देवताओं के प्रांगण और मंदिरों में अपने बिरादरी के लिए आशीर्वाद लिया जाता है, ताकि यह आपसी भाईचारा सदा बना रहे तो वहीं पर स्थानीय वेशभूषा, रीति-रिवाज और पहाड़ी संगीत के साथ आपसी भाईचारे को बढ़ाने का प्रयास किया जाता है, जो अन्य बिरादरियों के लिए भी एक खास पहल और भाइचारे को दर्शाता है। इस प्रकार हिमाचल और उत्तराखंड में धिरवान बिरादरी (राणाओं) का अपना एक खास इतिहास और शक्तिशाली विरादरियों में से एक माना जाता है।

# डिजिटल रिश्तों की डिजिटल नाराजगी, आज रिश्तों को बचाने की जरूरत

## ब्लॉगर



लेखक : लतेश भार्गव
शिक्षिका, मंडी (हिप्र)

यह कॉलम ब्लॉगर के लिए है। इस व्हाट्सऐप नंबर 9882400808 पर भेजें। ई-मेल editoranantgyaan@gmail.com

**एक** समय था, जब लोग हफ्तों हफ्ते अपने करीब जनों के घर रहने जाया करते थे। रात भर सभी बातें करते थे, सभी बच्चे मिलकर किसी एक के साथ मजाक किया करते थे। हंसी ठहाकों से घर गूंज उठता था। सभी औरतें रसोई में गाने गाती और काम किया करती थीं। इनके घर यह सब मेहमान इकट्ठा हुआ करते थे, वह भी दफ्तर से या तो जल्दी आ जाते थे या छुट्टी ही ले लिया करते थे और जो अंकल सबसे ज्यादा गप्पी हुआ करते थे, वह सभी बच्चों के चहेते होते थे।

जब घर में एक साथ इतने लोग इकट्ठा हुए हैं, तो किन्हीं दो लोगों के बीच में कभी कभी किसी बात पर मनमुटाव भी हो जाता था, पर बाकी लोग उन्हें एक करने की भरपूर कोशिश करने में लग जाते थे क्योंकि वे सभी जानते थे कि किसी एक के नाराज होने से उनकी मौज मस्ती में कोई न कोई कमी तो जरूर हो जाएगी। सब मिलकर उस विषय पर बातचीत करके मामले को संभालने की भरपूर कोशिश करते थे, पर आज वह समय नहीं रहा है आज न तो लोग अपने करीबियों से मिलते हैं, न ही रिश्ते उतने मजबूत रहे हैं। आजकल के रिश्ते तो डिजिटल हो गए हैं। लोग अक्सर घंटों सोशल मीडिया पर बिता देते हैं। दूसरों द्वारा पोस्ट की गई पोस्ट को अपने साथ जोड़ने की कोशिश करते रहते हैं। इस कोशिश में कभी पोस्ट अच्छा हुआ तो खुशी मिल जाती है और अगर पोस्ट अच्छी न हुई तो नाराजगी।

आज के लोग किसी से नाराज होते हैं, तो उनसे बात नहीं करते सोशल मीडिया पर एक पोस्ट डाल देते हैं या अपने व्हाट्सएप के स्टेटस पर उस इंसान के लिए एक स्टेटस डाल देते हैं, जो तब हटा दिया जाता है, जब इंसान उसे पढ़ लेता है, पर शायद हमें डिजिटल दुनिया को समझने की जरूरत है, जो जिंदा रिश्ते जो हमारे आसपास हैं, हमें उनकी कदर करना जरूरी है न कि अपने फॉलोअर्स कि जिनको हम जानते तक नहीं। मां बाप के पास शाम के कुछ पल गुजारने की जरूरत है, जिन्होंने अपनी जिंदगी के हर कदम पर हमारी सुख-समृद्धि के लिए कामना की है।

अपने परिवार को समय देने की जरूरत है, जो हमारे हर अच्छे-बुरे समय में साथ देते हैं, परंतु आजकल तो लोग अपना सारा समय दूसरों के द्वारा बनाए गए वीडियो रील को देखने में बिता देते हैं। जो शख्स हमारे सामने नहीं है, हम उसकी बातों के भाव नहीं समझ सकते क्योंकि जब हम आमने-सामने बात करते हैं, तो चेहरे के भाव होठों की मुस्कान हमें यह साफ-साफ बता देती हैं कि सामने वाला हमारे साथ मजाक कर रहा है, पर मोबाइल या कंप्यूटर पर बात करते हुए हम भाव नहीं समझ पाते और डिजिटल नाराज हो जाते हैं, फिर दौर शुरू हो जाता है, पोस्ट लाइक न करने का पोस्ट पर कमेंट न करने का और अपनी तरफ से अलग-अलग पोस्ट डाल कर नाराजगी व्यक्त करने का।

यह सब करके इंसान को सुकून तो शायद ही मिलता होगा, पर दिमागी परेशानी जरूर होती है। हमें एक बार रुककर यह सोचने और समझने की जरूरत है कि आखिर हम यह डिजिटल रिश्ते निभा क्यों रहे हैं? इस डिजिटल नाराजगी के चलते कई बार हम हास्य के पात्र भी बन जाते हैं। हमारी फ्रेंड लिस्ट के अन्य लोग हमारे पोस्ट से यह अंदाजा लगाने लग जाते हैं कि हमारी जिंदगी में चल क्या रहा है। कई बार किसी एक रिश्ते से नाराजगी जाहिर करने के चक्कर में हम कई और रिश्ते खराब कर बैठते हैं। डिजिटल दुनिया में कुछ भी लिखने से पहले हमें एक बार उसके प्रभावों के बारे में जरूर सोच लेना चाहिए। हमारी फ्रेंड लिस्ट में हर तरह के रिश्ते होते हैं। पारिवारिक रिश्ते व्यावहारिक रिश्ते व्यावसायिक रिश्ते। हमें इन सभी रिश्तों में तालमेल बिठाकर रखना चाहिए। कई बार हमारी फ्रेंड लिस्ट में हमारे घर के युवा बच्चे भी होते हैं, जो हमारे द्वारा की गई हर पोस्ट को देखते हैं। हमें इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि हम क्या लिख रहे हैं। कैसी रील बना रहे हैं और किसी को सबक सिखाने के चक्कर में हम अपने घर के बच्चों को क्या सिखा रहे हैं।

## यात्रा शुरू होने के इंतजार में

*हवाई अड्डे के विश्राम कक्ष*
*में बैठे हैं मौन*
*खूब सारे लोग*
*एक दूसरे से अपिरिचत*
*एक दूसरे से अनजान*
*गेट खुलने के इंतजार में*
*उद्घोषणा के इंतजार में*
*यात्रा शुरू होने के*
*इंतजार में*
*जहां गन्तव्य सभी*
*का एक है*
*लेकिन सब*
*खामोश से*
*चुपचाप*
*अपने अपने काम*
*में हैं व्यस्त*
*कोई मोबाइल के*
*पसोपेश में*
*चिपका हुआ बैठा है*
*तो कोई नींद के आगोश में*
*जकड़ा हुआ बैठा है*
*एकदम मौन*
*कभी कभार*
*गहरे सन्नाटे को तोड़ रही है*
*विदेशी सैलानियों की*
*हंसी ठठोली*
*हास परिहास*
*शेष सब*
*बैठे हैं मौन*
*अपनों से मिलने से पहले*
*का मौन*
*अपनों से बिछड़ने के बाद*
*का मौन*
*सुख दुख बांटने*
*का मौन*
*यात्रा का मौन*
*इन सब के बीच*
*भीड़ में अकेले*
*होने का भ्रम*
*जीवन का सारांश*
*बता रहा*
*हवाई अड्डे का विश्राम कक्ष*
*मन मस्तिष्क में*
*छोड़ रहा है कई*
*अनसुलझे प्रश्न*
*मौन प्रश्न*
*सन्नाटे को चीरते प्रश्न*
*जीवन के प्रश्न*
*यात्रा के प्रश्न*
*खुद से प्रश्न*
*समाज से प्रश्न*
*इन्हीं अनसुलझे प्रश्नों का*
*उत्तर ढूंढने*
*चलो जारी रखते हैं यात्रा*
*अनवरत यात्रा*
*जीवन की यात्रा*
*सांसारिक यात्रा।*



हेमांशु मिश्रा
अध्यक्ष, उपभोक्ता शिकायत निवारण आयोग धर्मशाला

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक विशाल धीमान द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# छतराड़ी स्कूल में अध्यापकों के पद खाली, पढ़ाई प्रभावित

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला छतराड़ी में अध्यापकों के 50 फीसदी से अधिक पद खाली होने के चलते बच्चों की पढ़ाई बुरी तरह से प्रभावित हो रही है। अध्यापकों की कमी के चलते यहां बच्चे पढ़ाई क्छोड़ने को मजबूर हो रहे हैं।

इस समस्या को लेकर अभिभावक व एसएमसी अध्यक्ष सहित ग्रामीणों का प्रतिनिधिमंडल प्रशासन स्थानीय प्रतिनिधियों व उपायुक्त चंबा से कई बार मिला और उन्हें इस समस्या को लेकर ज्ञापन सौंपा, लेकिन अभी तक समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। अभिभावकों व स्कूल प्रबंधन समिति का कहना है कि यहां पर पिछले कई सालों से अध्यापकों की कमी के कारण बच्चों की पढ़ाई बुरी तरह से प्रभावित हो रही है। स्कूल में अंग्रेजी, विज्ञान, समाजशास्त्र, शारीरिक शिक्षा अध्यापक, जीव विज्ञान के प्रवक्ता सहित लिपिक अधीक्षक का पद खाली चले हुए है। स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष संतोष कुमार ने कहा है कि यहां पर पिछले कई सालों से अध्यापकों की कमी चल रही है जिसके कारण बच्चों की पढ़ाई बुरी तरह से प्रभावित हो रही है। इस समस्या को लेकर कई बार स्थानीय प्रतिनिधि विधायक को प्रशासन को अवगत भी करवा चुके हैं लेकिन अभी तक इसका समाधान नहीं हुआ है। उन्होंने कहा है 15 दिनों के भीतर समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वह तमाम ग्रामीण व बच्चों को साथ में लेकर चंबा में हड़ताल पर उतर जाएंगे। शिक्षा उपनिदेशक प्यार सिंह चाडक ने कहा है कि स्कूलों की वैकेंसी को लेकर समय-समय पर उच्च अधिकारियों को अवगत करवा दिया गया है। अध्यापकों की भर्तियां शुरू हो गई है। उम्मीद करते हैं कि जल्द ही अध्यापकों की कमी दूर हो जाएगी।

# नगर परिषद कार्यालय के बाहर धरना

## विकास कार्यों व बजट को लेकर नगर परिषद अध्यक्ष व पार्षदों में ठनी, मनमर्जी से काम करने का जड़ा आरोप

**आरके रांगड़ा, चंबा**

नगर परिषद चंबा में विकास कार्यों के मंजूर करोड़ों रुपए के बजट मंजूरी से लेकर मनमर्जी से विकास कार्यों के टेंडर करवाने व उन्हें रद्द करवाने को लेकर नप अध्यक्ष व पार्षदों में ठन गई है। जिसका नजारा वीरवार को नगर परिषद चंबा कार्यालय परिसर के बाहर और भीतर देखने को मिला।

जहां नप चंबा कार्यालय के भीतर नगर परिषद अध्यक्ष नीलम नैय्यर, उपाध्यक्ष सीमा कश्यप व अन्य कुछ पार्षद अपने पर लगे आरोपों को मीडिया के समक्ष निराधार एवं बेबुनियाद बता रहे थे, तो वहीं दूसरी ओर नप कार्यालय के बाहर चार वार्डों के पार्षद धरने पर बैठने सहित नप चंबा विकास कार्यों में हो रही धांधलियों व एक तरफा निर्णयों से लेकर उनके वार्डों के विकास कार्यों को अनदेखा करने के आरोप लगा रहे थे। यहां तक गुस्साएं पार्षदों ने यह तक कह दिया कि जब तक व्यवस्था में सुधार नहीं होता है तब वह यूं ही बैठक व अन्य दिनों नप चंबा कार्यालय के बाहर धरना देते रहेंगे।

हरदासपुरा वार्ड पार्षद अंजू कुमारी, चौगान वार्ड पार्षद खालिद मिर्जा, उर्मिला जसरोटिया, सुल्तानपुर वार्ड पार्षद सीमा कुमारी, मनोनित पार्षद जीवन सलालिया, भावना गुलाटी का कहना है कि नगर परिषद हाऊस बैठकों में उनके वार्डों के कार्य शामिल तो किए जाते है, लेकिन उनके लिए बजट मुहैया नहीं करवाया जाता है। जो बजट मिलता भी है उसमें कार्य के नाम पर औपचारिकताएं ही करवाई जा रही है। उन्होंने कहा कि गत वर्ष करीब छह करोड़ का बजट मंजूर हुआ था लेकिन जब भी हाऊस में इस बात को उठाया जाता है तो टालमटोल कर दी जाती है। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में निम्न स्तर की सामग्री इस्तेमाल में की जा रही है।


नगर परिषद चंबा कार्यालय के बाहर धरने पर बैठे पार्षद।

जबकि सामग्री से लेकर निर्माण कार्य के टेंडर अपने चेहतों को देने का कार्य किया जा रहा है। चौगान वार्ड पार्षद खालिद मिर्जा ने कहा कि हाऊस द्वारा भेदभाव का खुलासा मोहल्ला कश्मीरी में स्पष्ट है। जहां निकास नालियों के निर्माण के लिए कई बार प्रस्ताव रखा गया, लेकिन उसे न मंजूर किया और कोई अहमियत नहीं दी। जिसके परिणामस्वरूप मोहल्ला कश्मीरी में भूस्खलन होने से कई परिवारों की निजी संपत्तियां व जिदंगियां आज भूस्खलन के मुहाने पर आ कर खड़ी हो गई हैं। जबकि नप चंबा स्ट्रीट लाइटों व सफाई के कार्य में अधिक मसरूफ है। उन्होंने कहा कि उक्त समस्त पार्षद कांग्रेस विचारधारा से जुड़ने के चलते भाजपा नेतृत्व वाली नगर परिषद चंबा जानबूझ कर ऐसे निर्णय ले रही है। (अनंत ज्ञान)

### बेबुनियाद हैं आरोप: नीलम नैय्यर



नगर परिषद अध्यक्ष चंबा नीलम नैय्यर ने बताया कि सहयोगी पार्षदों के आरोप एकदम बेबुनियाद है। हर वार्ड में विकास कार्य को हाऊस में अहमियत दी जाती है। जिसमें हरदासपुरा वार्ड में हाल ही में स्ट्रीट लाइटें लगवाई गई है। जबकि इसके अतिरिक्त मोहल्ला चौगान, पक्काटाला, सुराड़ा व सुल्तानपुर भी ओपन जिम सहित अन्य कार्य करवाए हैं। जहां तक रही पेबर की बात तो अच्छी गुणवत्ता युक्त पेबर गलियों के निर्माण कार्यों में लगेंगे। जबकि नप चंबा द्वारा पार्किंग, वेंडिंग जॉन मार्केट के कार्य आरंभ करवाए गए थे, लेकिन किसी व्यक्ति विशेष ने उस पर स्टे लेकर रोक लगवा दी है। इन दोनों विकास कार्यों के मामले न्यायालय में विचाराधीन है। जिन से जल्द ही स्टे हटवा लिया जाएगा। यदि किसी पार्षद को कोई अपत्ति है तो वह हाऊस की बैठक में अपनी बात रखें न कि कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन करे।

## न्यूज ब्रीफ

### ढांक से गिरने से बुजुर्ग की मौत

**चुवाड़ी।** पांव फिसलने से गांव टिपा के रायपुर पंचायत के बुजुर्ग की मौत हो गई। वहीं मामले की सूचना मिलते ही पुलिस थाना चुवाड़ी दल ने मौके पर पहुंच मामला दर्ज कर लिया है। जबकि शव को पोस्टमार्टम के सिविल हॉस्पिटल चुवाड़ी भेज दिया है। पुलिस द्वारा मृतक की पहचान रूपालु राम के रूप में की है। पुलिस ने प्रारंभिक जांच के तहत बताया कि रूपालु राम शौच जाने के लिए उठा। घर से बॉथरूम की लगभग 100 मीटर की दूरी होने के चलते अंधेरे में पांव फिसलने से वह झाड़ियों में गिर गया। रूपालु राम के घर से अचानक रात को गायब होने पर परिजनों ने उसकी तलाश आरंभ कर दी। जबकि परिजनों से इस बात का संज्ञान होने पर स्थानीय ग्रामीणों ने आस-पास उसे काफी ढूंढने का प्रयास किया। जब कहीं भी रूपालु राम का कोई सुराग नहीं मिला तो परिजनों ने पुलिस थाना चुवाड़ी में गुमशुदा की रिपोर्ट लिखाई। जिस पर पुलिस भी रूपालु राम की तलाश में जुट गई। लेकिन उसी दिन शाम रूपालु राम घर के साथ ही नीचे झाड़ियां में गिरा पाया गया। जिसे परिजनों ने उठाकर अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर पुलिस को मामले की सूचना दी। एसएचओ चुवाड़ी रमन चौधरी ने बताया की रूपालु राम के शव का पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाने सहित परिजनों के बयान दर्ज कर लिए है। प्रारंभिक जांच में मामला गिरने के कारण मौत होने का लग रहा है। शेष पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

### खड्ड में फिसलने से व्यक्ति की गई जान

**चुवाड़ी।** प्रधान ग्राम पंचायत टिक्करी ने पुलिस चौंकी सिहुंता को दूरभाष से सूचना दी कि एक व्यक्ति मृत अवस्था में देहर खड्ड टिक्करी पुल के नीचे गिरा है। मृतक की पहचान राज कुमार पुत्र कर्म चंद गांव व डा. टिक्करी तहसील सिहुंता उम्र 48 साल के रुप में हुई है। मृतक राज कुमार की प ी नीलमा देवी ने बताया कि उसके पति सुबह करीब पांच बजे उठकर रोजाना की तरह शौच आदि के लिए देहर खड्ड में चले गए। उसने कहा कि पति को खड्ड की ओर गए काफी समय हो गया था। जिस पर इसके देवर व बच्चों ने इसके पति की तलाश शुरू कर दी तो थोड़ी देर बाद इसके देवर काकू राम ने आकर इसे बताया कि भाई राज कुमार खड्ड में गिरा पड़ा है। जो हालात मौका, ब्यानात गवाहन से राज कुमार की मृत्यु खड्ड में पत्थर पर बैठ कर मुंह धोते समय अचानक पत्थर पर से फिसल कर पानी में गिर जाने के कारण होना पाई जा रही है। राज कुमार की मृत्यु पर किसी ने भी कोई शक जाहिर नहीं किया है। मृतक का पोस्टमार्टम समोट अस्पताल में करवाया गया और शव को परिजनों के हवाले कर दिया गया है।

### सिविल अस्पताल तक चलाया जाए विशेष वाहन

**डलहौजी।** प्रदेश सरकार ने सीएचसी डलहौजी को विशेषज्ञ डॉक्टर से नवाज दिया है



ऐसा करना सरकार के लिए काबिलेतारीफ है। क्षेत्र के लिए एक बड़ी उपलब्धि ऐसा होने से जहां डलहौजी में बाहरी लोगों का इलाज के लिएआवागमन बढ़ गया तो वहीं बाहरी लोगों के लिए कुछ समस्याएं भी सामने आ गई हैं। बता दें कि डलहौजी बस अड्डे से सिविल अस्पताल तक का तीन किलोमीटर का सफर एक मरीज को लेकर पैदल ही तय करना अत्याधिक कठिन हो जाता है। आम आदमी पार्टी के नेता एवं जिला सोशल मीडिया प्रभारी सोनू ठाकुर का कहना है कि लोगों की इस समस्या के लिए स्थानीय प्रशासन को बस अड्डा डलहौजी से अस्पताल तक एक विशेष वाहन चलाना चाहिए। जो हर किसी के बजट में हो जिसका किराया मुनासिब हो। स्थानीय टैक्सी वाले अस्पताल या एसडीएम कोर्ट तक का किराया लगभग तीन से चार सौ रुपए ले लेते हैं जिसका भुगतान करना गरीब परिवार के लिए मुश्किल हो जाता है। सोनू ठाकुर ने सरकार एवं प्रशासन से गुहार लगाई है कि गरीबों के समक्ष आ रही इस समस्या का जल्द समाधान किया जाए।

### बत्ती हट्टी के समीप पलटा ट्राला

**भरमौर।** पठानकोट-भरमौर नेशनल हाई-वे 154 ए पर वीरवार को देर शाम करीब आठ बजे एक ट्राला बत्ती हट्टी के समीप पलट गया। गनीमत यह रही कि हादसे में सवार चालक को मामूली चोंटे आई हैं। मौके पर तैनात स्थानीय लोगों ने तुरंत बाहर निकाल लिया। जानकारी के अनुसार करीब आठ बजे एक ट्राला बत्ती हट्टी के समीप निर्माणाधीन पुल के पास से गुजर रहा था कि अचानक रास्ता तंग व मोड तंग होने के कारण ट्राला सड़क से नीचे पलट गया। जिसके कारण कई घंटे तक सड़क सभी प्रकार के यातायात के लिए बंद रही।

# 1192 आंगनबाड़ी केंद्रों में 957 को भवन नहीं

## चंबा में किराये के भवनों में चलाया जा रहा है काम, विभाग है बेखबर

**एमएम डैनियल, चंबा**

हिमाचल प्रदेश के नन्हे बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा के साथ जोड़ने के लिए आंगनबाड़ी केंद्रों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। इसके बावजूद सरकार व संबंधी विभाग की आंगनबाड़ी केंद्रों के प्रति नजर अंदाजी से सरकार द्वारा आरंभ की गई आंगनबाड़ी केंद्र योजना उभीरती नजर नहीं आ रही है। राज्य के अधिकांश आंगनबाड़ी केंद्र अपने निजी भवनों में कम और किराये के भवनों में अधिक चल रहे है। जिसके चलते जहां नन्हे बच्चों की सुरक्षा दाव पर है, वहीं किराये के भवनों में आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों के लिए शौचालयों का अभाव भी खल रहा है। गौर हो कि जिला चंबा में वर्तमान में 1192 आंगनबाड़ी केंद्र स्वीकृत हैं। हैरानी की बात है कि सरकार ने लोगों की सुविधाओं व मांगों को ध्यान में रखते हुए इतनी अधिक संख्या में आंगनबाड़ी केंद्र खोल दिए हैं लेकिन अफसोस की बात है कि अभी तक पूरे जिला में महज 235 केंद्र ही विभाग के अपने भवन में चल रहे हैं जबकि 957 केंद्र किराये के भवनों में चल रहे हैं। ऐसे में इन केंद्रों में जाने वाले बच्चों की सुरक्षा को लेकर हमेशा अभिभावकों में असुरक्षा की भावना बनी रहती है। इसका मुख्य कारण यह है कि कुछ वर्ष पूर्व जिला के एक क्षेत्र में निजी भवन में चल रहे आंगनबाड़ी केंद्र में शिक्षा ग्रहण करने वाले कुछ बच्चों के साथ दुष्कर्म होने का मामला सामने आया था। यह बात अलग है कि जब यह घटना सामने आई थी तो उस दौरान जिला प्रशासन ने सभी निजी भवनों में चल रहे आंगनबाड़ी केंद्रों को निजी भवनों से हटाने के निर्देश जारी किए। इन आदेशों के चलते कुछ केंद्रों को तो निजी भवनों से हटाकर उनके क्षेत्रों में मौजूद स्कूलों के भवनों में स्थानांतरित किया गया बावजूद इसके आज भी 957 केंद्रों का किराये के भवन में चला होना चिंता की बात है। (अनंत ज्ञान)

### कहां कितने आंगनबाड़ी केंद्र




यदि जिला के आगंनबाडी केंद्रों के आंकड़ों पर नजर दौड़ाए तो जिला के सात विकास खंडों में चुवाड़ी में सबसे अधिक 199 आंगनबाड़ी केंद्र ऐसे हैं जो कि किराये के भवनों में चले हुए हैं। इसके साथ ही मैहला विकास खंड के 188 आंगनबाड़ी केंद्र, तीसा विकास खंड में 164, विकास खंड चंबा में 152, विकास खंड भरमौर में 114, विकास खंड सलूणी में 92 तो विकास खंड पांगी में 48 ऐसे आंगनबाड़ी केंद्र हैं। ये आंकड़े इस बात का आभास करवाते हैं कि निजी भवनों में चल रहे आगंनबाड़ी केंद्र कितने सुविधा एवं सुरक्षा युक्त है।

> विभाग द्वारा जिला में निजी व किराये के भवनों में चल रहे आगंनबाड़ी केंद्रों से सरकार व विभाग निदेशालय को अवगत करवा दिया गया है। जबकि 900 से अधिक किराये के भवनों में चल रहे आगंनबाड़ी केंद्रों के लिए निजी भवन मुहैया करवाने का प्रस्ताव भेजा है। जैसे सरकार या विभाग की और इस दिशा में निर्देश प्राप्त होंगे उसके अनुरूप आगंनबाड़ी केंद्रों की जिला में व्यवस्था करवा दी जाएगी।
>
> **-शशि ठाकुर, कार्यकारी अधिकारी, महिला बाल विकास कल्याण विभाग, चंबा।**

# बनीखेत में सड़क किनारे गाड़ियां पार्क कर रहे लोग

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

**पार्किंग न होने से करना पड़ रहा परेशानियों का सामना**

उपमंडल डलहौजी के अंतर्गत बनीखेत में इन दिनों पार्किंग की समस्या ने एक बार फिर से सिर उठाना शुरू कर दिया है। बताते चलें की क्षेत्र का सबसे अधिक व्यस्त रहने वाले बनीखेत बाजार में ज्यादातर लोगों के वाहन वहां स्थायी रूप से ही सड़क किनारे खड़े रहते हैं जिसको लेकर कई बार यातायात अवरूद्ध होने की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। बनीखेत बस अड्डा, सुर्खीगला, बैकुंठ नगर, मुख्य बाजार बनीखेत, कॉलेज रोड पद्दर में यहां वहां बेतरतीब खड़ी गाड़ियां अक्सर जाम की स्थिति उत्पन्न कर देती हैं। हालांकि स्थानीय पुलिस द्वारा मुस्तैदी बरतते हुए कई बार चालान भी किए जाते हैं परंतु उसके बावजूद इस समस्या का कोई स्थायी हल नहीं निकलता नजर आ रहा है। गौर करने वाली बात यह है कि क्षेत्र के कई होटलों के पास खुद की पार्किंग सुविधा भी नहीं है। पार्किंग को लेकर बनीखेत के कई होटल ग्राम पंचायत बनीखेत की पार्किंग का सहारा लेते हैं, लेकिन बनीखेत पंचायत पार्किंग की मौजूदा हालात किसी से छुपी नहीं है वह भी ज्यादातर भरी ही रहती हैं। पार्किंग को लेकर बनीखेत में हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं। इसके लिए स्थानीय लोगों ने प्रशासन व सरकार से मांग की है कि जल्द से जल्द पार्किंग की समस्या का हल किया जाए। बताते चलें कि कैबिनेट मंत्री विक्रमादित्य को डलहौजी दौरे के दौरान पार्किंग की समस्या से अवगत करवाया था किंतु अभी तक न तो सरकार की तरफ से ही कोई रुख साफ हो पाया है और न ही स्थानीय प्रशासन ने इस समस्या को लेकर कोई ठोस कदम उठाए हैं। स्थानीय लोगों की प्रशासन से गुहार है कि इस समस्या से उन्हें जल्द से जल्द छुटकारा दिलाया जाए।

# खरगट के तीन विद्यार्थी इंस्पायर प्रतियोगिता के लिए चयनित

**अनंत ज्ञान, चुवाड़ी**

**प्रधानाचार्य सतीश कुमार ने छात्रों को दी बधाई**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खरगट के तीन विद्यार्थियों का चयन जिला स्तरीय इंस्पायर प्रतियोगिता के लिए हुआ है। विद्यालय के रसायन विज्ञान के शिक्षक सुनील धीमान ने बताया कि इन विद्यार्थियों का चयन विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग नई दिल्ली द्वारा किया गया है।

इस प्रतियोगिता के लिए चयनित विद्यार्थियों को 10 हजार रुपए की राशि दी जाती है। जिसकी मदद से विद्यार्थी वैज्ञानिक मॉडल बनाते हैं और प्रतियोगिता में भाग लेते हैं। उन्होंने बताया कि विद्यालय के तीन विद्यार्थियों सातवीं कक्षा के दक्ष, आठवीं कक्षा की आरुषी और रतीशा का चयन हुआ है जोकि बहुत गर्व की बात है।

जिला चंबा से कुल 27 विद्यार्थियों का चयन हुआ है। इस सूचना से विद्यालय में खुशी का माहौल है। वहीं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खरगट प्रधानाचार्य सतीश कुमार ने चयनित विद्यार्थियों को सम्मानित किया और सभी अध्यापकों और विद्यार्थियों को इस उपलब्धि पर बधाई दी। वहीं उन्होंने आगामी प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु शुभकामनाएं भी दीं।


जिला स्तरीय इंस्पायर प्रतियोगिता के लिए चयनित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खरगट के स्टूडेंट।

# चंबा कॉलेज में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता आज से

**चंबा।** महाविद्यालय चंबा में दो दिवसीय 56वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आगाज 16 फरवरी से होगा। महाविद्यालय चंबा के प्राचार्य डॉ.विद्यासागर शर्मा ने बताया कि महाविद्यालय चंबा में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताएं 16 व 17 फरवरी को पुलिस ग्राउंड बारगाह में करवाई जा रही है। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता के आयोजन के लिए सभी प्रकार की तैयारियां कर ली गई हैं। इसमें प्रतियोगिता के पहले दिन 11 बजे शुभारंभ समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक जिला चंबा अभिषेक यादव रहेंगे। जबकि प्रतियोगिता के दूसरे दिन समापन समारोह का आयोजन व प्रतियोगिता में विजेता-उपविजेता रहे खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने जिला चंबा वासियों के आह्वान किया कि वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाएं।

# गंभीर बीमारियों से ग्रसित लोगों की सूची दें

## जिला परिषद अध्यक्ष डॉ. नीलम कुमारी के आशा वर्कर्स को निर्देश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

जिला परिषद अध्यक्ष डॉ.नीलम कुमारी ने वीरवार को परिषद के वख्तपुर वार्ड के तहत विभिन्न पंचायतों से संबंधित आशा कार्यकर्ताओं के साथ जिला परिषद कार्यालय के सभागार में आयोजित एक विशेष बैठक की अध्यक्षता की। डॉ. नीलम कुमारी ने बैठक में पंचायत वार्ड स्तर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा कार्यान्वित की जा रही विभिन्न योजनाओं के तहत किए जा रहे कार्यों की फीडबैक लेते हुए आशा कार्यकर्ताओं से अपने नाम के अनुरूप लोगों में विभागीय योजनाओं का कार्यान्वयन सुनिश्चित बनाने का आग्रह किया। डॉ.नीलम कुमारी ने कहा कि आशा कार्यकर्ताओं से मिली फीडबैक ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं के तहत आधारभूत संरचनाओं एवं संसाधनों को विकसित करने के लिए महत्वपूर्ण होगी। आशा कार्यकर्ताओं के साथ संवाद करते हुए जिला परिषद अध्यक्ष ने गंभीर बीमारियों से ग्रसित लोगों को सहारा जैसी महत्वाकांक्षी योजना से मिलने वाले लाभ को लेकर भी आवश्यक कदम उठाने को निर्देशित किया।


जिला परिषद कार्यालय के सभागार में आयोजित बैठक में मौजूद आशा वर्कर्स।

उन्होंने स्वास्थ्य उपकेंद्र स्तर पर सहारा योजना के लाभार्थियों की सूची उपलब्ध करवाने के साथ किसी भी कैटेगरी में शामिल नहीं होने वाले गरीब परिवारों के गंभीर बीमारियों से ग्रसित लोगों की सूची उपलब्ध करवाने को भी कहा। उन्होंने मानसिक तौर पर अक्षम बच्चों की सूची को भी तैयार करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने सभी आशा कार्यकर्ताओं से उन्हें कार्य के दौरान पेश आ रही समस्याओं की जानकारी हासिल की। बैठक में चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनुराधा, डॉ. पदमा सहित जटकरी, भड़ियां, बसोधन, कोलका, कुपाहड़ा, बख्तपुर, रठियार, ओडा, खजियार, मंगला, टपून, साच, द्रमन, सिंगी, रिंडा, कोहलडी इत्यादि ग्राम पंचायतों की आशा कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया।

# लोकसभा चुनाव का करेंगे बहिष्कार

## सड़क सुविधा न होने के चलते पंचायत जगत ने किया ऐलान

**ओपी शर्मा, भरमौर**

निर्वाचन क्षेत्र भरमौर की ग्राम पंचायत जगत के वार्ड दो ने सड़क सुविधा न होने को लेकर लोकसभा चुनाव के बहिष्कार का ऐलान कर दिया है। थोकला वार्ड के वार्ड मेंबर विक्रम जीत सहित दर्जनों ग्रामवासियों ने विभाग व सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा है कि पिछले कई वर्षों से कभी एक पार्टी की सरकार आती है कभी दूसरी पार्टी की सरकार आती है।

हर बार इन गांवों को सड़क सुविधा को लेकर आश्वासन मिले हैं, लेकिन सड़क का निर्माण नहीं हो पाया है। गौरतलब है कि 2021 में हुए लोकसभा उपचुनाव के दौरान भी यहां के वार्ड दो ने चुनाव का बहिष्कार किया था। जिसके बाद 2022 में विधानसभा चुनावों का भी यहां के लोगों ने बहिष्कार का ऐलान किया था, लेकिन आनन-फानन में प्रशासन व दोनों दलों के नेताओं ने यहां पर आकर तीन महीने के भीतर सड़क बनाने का आश्वासन दिया था। एक साल बीत जाने के बाद अभी तक इस सड़क का काम तक शुरू नहीं हुआ है। लिहाजा एक बार फिर से यहां के लोगों का सब्र का बांध टूट गया है और लोगों ने लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करने का मन बना लिया है। यहां पर 500 से अधिक की आबादी बिना सड़क के पिछले कई वर्षों से इंतजार कर रही है कि एक दिन इनका क्षेत्र भी सड़क सुविधा से जुड़ेगा। स्थानीय निवासी एवं वार्ड मेंबर विक्रम जीत, ललित कुमार,ओम प्रकाश, विपिन, नरेश, सुनील,अनु शर्मा, रवि शर्मा व केसर राम का कहना है कि विभाग ने इस सड़क के निर्माण से संबंधित इनसे जो भी कागज और दूसरी औपचारिकताएं मांगी थी वे पूरी कर दी गई है।

हालांकि इस सड़क निर्माण के दौरान आने वाली निजी जमीन को भी विभाग के नाम पर लोगों ने दान कर दिया है। बावजूद इसके अभी तक भी इस सड़क के लिए बजट का प्रावधान नहीं हो पाया है। कई सालों से सड़क सुविधा न होने के कारण लगातार परेशानियां झेल रहे ग्रामीण मजबूरन चुनाव का बहिष्कार करेंगे। (अनंत ज्ञान)

### जल्द किया जाएगा समस्या का समाधान

सहायक अभियंता गरोला भाल चंद ने कहा है की हो सकता है इस सड़क निर्माण के दौरान एफसीए का रोडा अटक रहा है, लेकिन अगर कागजी औपचारिकताएं पूरी हैं तो जल्द से जल्द इस रोड के लिए टेंडर करवा दिया जाएगा। लोगों को इस समस्या से निजात मिल जाएगी। उन्होंने कहा है कि अगर औपचारिकताएं पूरी नहीं भी होगी तो उन्हें भी प्राथमिकता के आधार पर पूरी करने की कोशिश की जाएगी।

**उम्मीद** — सरकार की नजर-ए-इनायत न होने पर मोहल्ला कश्मीरी वासियों ने जताया रोष

# सरकार के बजट मंजूरी पर टिकी पीड़ित परिवारों की निगाहें

**अनंत ज्ञान फॉलोअप**

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

चौगान वार्ड अधीन मोहल्ला कश्मीरी वासियों को भूस्खलन से प्रारंभिक राहत के रूप में जिला प्रशासन चंबा ने पग उठाना शुरू कर दिए हैं। जिसमें प्रशासन द्वारा भूस्खलन दंश झेल रहे कुछ पीड़ित परिवारों को राहत देते हुए उन्हें भूस्खलन के मुहाने से दूर बालू जनजातीय भवन में बेशक शिफ्ट किया जा रहा है, लेकिन इस राहत सहायता से पीड़ित परिवार संतोष व्यक्त नहीं कर रहे है। भूस्खलन के करीब पहुंच चुके मोहल्ला कश्मीरी पीड़ित परिवारों की निगाहें सिर्फ और सिर्फ सरकार के बजट मंजूरी पर जहां टिक गई है, वहीं पीड़ित परिवारों ने सरकार की नजर-ए-इनायत न होने पर अपने कदम उठाने के संकेत भी दबी जुवान में गत दिनों जिला प्रशासनिक अधिकारियों के समक्ष व्यक्त किए जा चुके हैं। जिसमें सबसे अहम आगामी एक-दो माह में लोकसभा चुनाव का दौर है। ऐसे में 53 वर्षों से भूस्खलन से मकानों से लेकर भूमि कटाव की क्षति का दंश झेलते आ रहे पीड़ित परिवार इस बार किसी भी हद तक गुजरने का अब मन बना चुके है।


भूस्खलन की चपेट में आए पीड़ित परिवार।

### पीड़ितों का कहना- सरकार को देंगे एक मौका

भूस्खलन के खतरे से जूझ रहे पीड़ित परिवारों में रमेश चंद, अमित पाल पुत्र रमेश चंद विक्टर मसीह, सैम मसीह पुत्र विक्टर मसीह, जॉन स्टीफन, सैमुअल स्टीफन पुत्र जॉन स्टीफन, प्रवीण आनंद, विशाल आनंद पुत्र स्व. आशा आनंद, परवेज डैनियल, मुन्नवर वेग मिर्जा, ताहीर मिर्जा पुत्र मुनव्वर वेग मिर्जा, डॉ. विशाल महाजन, सुरेश महाजन, कशेंद्र महाजन, अधिवक्ता उज्वल महाजन पुत्र कशेंद्र महाजन, रेखा देवी पत्नी स्व. कुलदीप कुमार, विलियम मसीह का कहना है कि राज्य सरकार को इस समस्या का स्थायी समाधान के लिए एक मौका अवश्य दिया जाएगा। जिसमें पीड़ित परिवारों के सदस्यों का एक प्रतिनिधिमंडल सदर विधायक नीरज नैय्यर की अगुआई में मुख्यमंत्री सुक्खू से राजधानी शिमला में शिष्टाचार भेंट करेंगे। हालांकि मोहल्ला कश्मीरी की भूस्खलन की समस्या का विषय जिला प्रशासन की ओर से उपायुक्त चंबा मुकेश रेप्सवाल मुख्यमंत्री के समक्ष रखने सहित उस पर अनुमानित खर्च साढ़े 19 करोड़ डीपीआर भी कर चुके है, लेकिन अभी तक राज्य सरकार की ओर से इस दिशा में कोई प्रतिक्रिया व्यक्त नहीं की गई।

### मंजूरी के लिए भेजा है बजट: डीसी

मोहल्ला कश्मीरी भूस्खलन क्षेत्र का उन्होंने स्वयं निरीक्षण किया है। जिसमें पीड़ित परिवारों की भूस्खलन रोकथाम की मांग एकदम जायज है। इस भूस्खलन के संदर्भ में सरकार को राहत कार्य करवाने के लिए लोनिवि से तैयार की गई डीपीआर अनुमानित बजट करीब साढ़े उन्नीस करोड़ को अंतिम मंजूरी के लिए भेजा गया है। जिस पर आगामी निर्णय लेना सरकार के अधिकार क्षेत्र का विषय है। आशा है कि सरकार की ओर जल्द मंजूरी प्राप्त हो जाएगी। फिलहाल सरकार के आदेशानुसार पीड़ित परिवारों को सुरक्षित भवनों में शिफ्ट किया जा रहा है।

# आयुर्वेदिक अस्पताल के नए भवन को मेडिकल कॉलेज ने किया खाली

## कोरोना के मरीज बढ़ने पर आयुर्वेदिक अस्पताल के भवन में बनाया था कोविड केयर अस्पताल

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

जिला आयुर्वेदिक अस्पताल हमीरपुर में बनाए गए नए भवन को अप्रैल 2020 में कोविड केयर अस्पताल बनाया गया था। उस समय कोरोना के मरीजों की बढ़ती संख्या को लेकर जिला प्रशासन ने आयुर्वेदिक भवन को कोविड केयर अस्पताल बनाने का फैसला लिया था। वर्ष 2021 तक यहां पर कोरोना पॉजिटिव मरीजों का इलाज किया गया। इसके बाद मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में ही कोविड केयर सैंटर बना दिया गया था।

मेडिकल कॉलेज में कोविड केयर सैंटर बनाने के बाद आयुर्वेदिक भवन में कोविड के समय उपयोग किया गया सामान रखा गया था जिसे मेडीकल कॉलेज प्रबंधन नहीं उठा रहा था। हालांकि जिला आयुर्वेदिक अस्पताल प्रबंधन ने इस बारे में उपायुक्त और मेडीकल कॉलेज प्रबंधन को इस बारे में कई बार इस भवन को खाली करने का आग्रह किया था। मेडिकल कॉलेज प्रबंधन का यही तर्क था कि जगह की कमी की वजह से सामान को नहीं उठाया जा सकता। अब मेडिकल कॉलेज में गायनी वार्ड की मुरम्मत करवाने के बाद जगह की कमी पूरी हो गई इसलिए मेडिकल कॉलेज ने जिला आयुर्वेदिक भवन से सामान उठाना शुरू कर दिया है। (अनंत ज्ञान)


मेडिकल कॉलेज के कर्मचारी सामान उठाकर ले जाते हुए।

### मेडिकल कॉलेज का दो साल का बिजली का बिल पेंडिंग

**कोविड** केयर अस्पताल बनाने के बाद मेडिकल कॉलेज हमीरपुर ने बिजली का बिल अदा नहीं किया है। मेडीकल कॉलेज हमीरपुर का 1,28,234 रुपए का बिजली का बिल पेंडिंग है, जिसे समय-समय पर विद्युत विभाग द्वारा दिया जाता रहा है। इस बारे में जिला आयुर्वेदिक अस्पताल के स्वास्थ्य अधीक्षक दिलीप सिंह ने बताया कि मेडिकल कॉलेज ने कोविड-19 के समय रखे सामान को उठाना शुरू कर दिया है। उन्होंने बताया कि अब इस भवन में पंचकर्मा और क्षारसूत्र के अलावा महिला और पुरुष वार्ड बनाए जाएंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### सुशील सोनी तीसरी बार बने जिला संयोजक


सुशील सोनी।

**हमीरपुर।** भाजपा के शीर्ष नेतृत्व से चर्चा करने के उपरांत व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजकों तथा जिला संयोजकों एवं सह संयोजकों की नियुक्ति की गई है। इसमें हमीरपुर जिला से सुशील कुमार सोनी को तीसरी बार जिला संयोजक बनाया गया है। उन्होंने अपनी इस नियुक्ति के लिए विजय बहल, अजय शर्मा, हरीश शर्मा, अजय रिंटू, धर्मेंद्र शर्मा, वेद प्रकाश, कमलेश परमार, प्यारे लाल, राकेश ठाकुर, आदर्श कांत का आभार व्यक्त किया है।

### भगवती स्कूल के बच्चों का किया टीकाकरण


बच्चों का टीकाकरण करते स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी।

**नादौन।** भगवती पब्लिक स्कूल जलाड़ी में बच्चों को सामुदायिक स्वास्थ्य विभाग नादौन द्वारा डीपीटी/टिटनेस का टीका करण किया गया, जिसमें कक्षा पहली, पांचवीं और दसवीं के बच्चों का टीकाकरण किया गया। प्रिंसीपल आरती कटोच ने बच्चों को बताया कि डीपीटी संयोजित टीकों की एक श्रेणी को संदर्भित करता है, जो मनुष्यों को होने वाले तीन संक्रामक रोगों डिप्थीरिया, पर्टुसिस (काली खांसी), और टिटनेस से बचाव के लिए दिए जाते हैं। यह तीनों बैक्टीरिया से होने वाली गंभीर बीमारियां हैं। डिप्थीरिया और पर्टुसिस एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैलती है, जबकि टिटनेस कट और घावों के माध्यम से शरीर में प्रवेश करता है और टीपीटी का टिटनेस और डिप्थीरिया से बचाव के लिये दिया जाता है।

### मवालघाट स्कूल में निपुण मेले का आयोजन

**नादौन।** राजकीय प्राथमिक पाठशाला मवालघाट में निपुण मेले का आयोजन किया गया, जिसमें निपुण मेले में आयोजित होने वाली विभिन्न गतिविधियां शारिरिक विकास, बौधिक विकास, गणित की पूर्व तैयारी, भाषा विकास, बच्चों का कोना आदि गतिविधियां करवाई गईं। पाठशाला में बच्चों ने और उनके अभिभावकों ने इस मेले मे बढ़-चढ़कर भाग लिया। यह कार्यक्रम कोहला स्कूल के मुख्यध्यापक बलवंत सिंह राणा की अध्यक्षता मे आयोजित किया गया। मेले के दौरान बच्चों के द्वारा करवाई गई गतिविधियों का विवरण दिया और यह बताया गया कि उनके बच्चों का विकास किस तरह से हो रहा है और क्या सीख रहें हैं और भविष्य में क्या करना चाहिए। इस अवसर पर उषा रानी, सुषमा देवी, राकेश कुमार, राजेंद्र कुमार भी उपस्थित रहे।

### डीएवी के पांच स्टूडेंट्स का जेईई मेन में उत्कृष्ट प्रदर्शन


जेईई मेन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्टूडेंट्स के साथ प्रधानाचार्य विश्वास शर्मा।

**हमीरपुर।** डीएवी पब्लिक स्कूल हमीरपुर के स्टूडेंट्स ने जेईई मेन की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर एक बार फिर अपनी योग्यता साबित की है और जेईई मेन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करके स्कूल को गौरवान्वित किया है। इस परीक्षा में नंदिका बातिश ने 95 प्रतिशत, कलश ने 94.21 प्रतिशत, तन्मय ने 90 प्रतिशत, सुजल ने 89 प्रतिशत और काव्या जस्वाल ने 86 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। प्रधानाचार्य विश्वास शर्मा ने सफलता के लिए स्टूडेंट्स की कड़ी मेहनत और माता-पिता और शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की और छात्रों को जेईई एडवांस में उनकी सफलता के लिए बधाई दी।

### योग राज ने संभाला एसएचओ भोरंज का कार्यभार



**भोरंज।** भोरंज उपमंडल के तहत थाना भोरंज में योग राज चंदेल ने बतौर एसएचओ पदभार संभाला लिया है। इससे पहले वे हमीरपुर लाइन में अपनी सेवाएं दे रहे थे। योगराज चंदेल कुल्लू और बिलासपुर जिला में बतौर एसएचओ और हमीरपुर विजिलेंस में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं। उन्होंने वर्ष 2010 में बतौर सब इंस्पेक्टर के पद पर नौकरी ज्वाइन की थी। कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने बताया कि नशे के कारोबार क्षेत्र में जड़ से खत्म करना उनकी प्राथमिकता है। इसके अलावा क्षेत्र के लोगों से यातायात नियमों का पालन करवाना भी प्रमुखता रहेगी और यातायात नियमों को तोड़ने वाले पर शिकंजा कसा जाएगा। इसके अलावा इन्होंने स्थानीय लोगो ने सहयोग की अपील की है।

### नादौन में प्रशिक्षुओं के साक्षात्कार 23 फरवरी को

**हमीरपुर।** सिरमौर जिले के कालाअंब में स्थित पायनियर एंब्रॉयडरीज कंपनी में प्रशिक्षुओं के 290 पदों और प्रशिक्षु सुपरवाइजरों के 10 पदों को भरने के लिए 23 फरवरी को सुबह 10.30 बजे उप रोजगार कार्यालय नादौन में साक्षात्कार लिए जाएंगे। जिला रोजगार अधिकारी सुरेंद्र कुमार ने बताया कि प्रशिक्षुओं के पदों के लिए 18 से 40 वर्ष तक की आयु के कम से कम आठवीं पास युवा पात्र होंगे, जबकि प्रशिक्षु सुपरवाइजर के पदों के लिए आवेदक स्नातक एवं टेक्सटाइल्स से संबंधित डिप्लोमाधारक होना चाहिए तथा उसके पास दो-तीन वर्ष का अनुभव भी होना चाहिए। प्रशिक्षु सुपरवाइजर को 15 हजार रुपए और प्रशिक्षु को 11,250 रुपए मासिक वेतन मिलेगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि अगर कोई युवा यह योग्यता रखता है और उसका नाम किसी भी रोजगार कार्यालय में पंजीकृत है, तो वह अपने मूल प्रमाणों तथा हिमाचली प्रमाण पत्र के साथ साक्षात्कार में भाग ले सकता है। अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 93558-02045 या जिला रोजगार कार्यालय के दूरभाष नंबर 01972-222318 पर संपर्क किया जा सकता है।

## डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा ने सुनीं लोगों की समस्याएं

**हमीरपुर।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा ने ग्राम पंचायत नाहलवीं के धन्वीं गांव में ग्रामीणों की समस्याओं के बारे में जाना। इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ कार्यकर्ता मेहर सिंह और वार्ड पंच ने डाक्टर पुष्पेंद्र वर्मा को गांव की समस्याओं के बारे में बताया। ग्रामीणों ने बताया कि गांव की मुख्य समस्या अवाहदेवी से झरनोट-हमीरपुर जाने वाली बस गांव के मध्य से न जाकर दूसरे सड़क से चली जाती है, जिससे चार गांव के लोगों को कोई भी फायदा नहीं हो रहा है। वार्ड पंच ने डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा से धनु गांव को आने वाली सड़क को पक्का करने और उसके साइड में पक्की निकासी की नाली निकालने के लिए भी आग्रह किया। इस अवसर पर डा. पुष्पेंद्र वर्मा ने कहा कि उनकी इन समस्याओं का निवारण जल्द ही कर दिया जाएगा।

## बस स्टैंड हमीरपुर में पैचवर्क का कार्य शुरू

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

बस स्टैंड हमीरपुर में जहां पर रूटों पर बसें खड़ी की जाती हैं वहां पर कई जगहों पर गड्ढे पड़ गए थे, जिससे बस चालकों और यात्रियों को समस्याओं का सामना करना पड़ता था। बस अड्डा प्रबंधन द्वारा इसके लिए छह लाख रुपए जारी किए थे। इस कार्य का टेंडर जारी होने के बाद वीरवार को बस स्टैंड में पैचवर्क का कार्य शुरू कर दिया है, जिसके लिए सात से आठ दिन का समय लगेगा।

**साढ़े छह लाख रुपए की राशि की थी स्वीकृत**

वीरवार को जेसीबी से बस स्टैंड के खराब होके चुके जगहों से उखाड़ना शुरू कर दिया है। बस स्टैंड की मरम्मत के लिए साढ़े छह लाख रुपए की राशि मंजूर हुई थी जिसके तहत गड्ढों की मरम्मत, चैंबरों की मरम्मत और रंग रोगन का कार्य किया जाना है। बस स्टैंड में पड़े गड्ढे आए दिन बस चालकों और यात्रियों के लिए परेशानी का सबब बने हुए थे। इसके अलावा बस स्टैंड परिसर में रंग रोगन भी किया जाएगा। बता दें कि वीरवार दोपहर को डीडीएम हमीरपुर राजकुमार पाठक और पीडब्ल्यूडी की टीम ने बस अड्डे का निरीक्षण किया और ठेकेदार को पैचवर्क का कार्य शुरू करने के निर्देश दिए। इस दौरान संबंधित ठेकेदार भी टीम के साथ मौजूद था। राजकुमार पाठक ने इसके उपरांत बस अड्डे में आ रही बसों और रूटों पर रवाना हो रही एचआरटीसी बसों के कंडक्टरों से बसों की फीडबैक भी ली। कंडक्टरों को बसों के साथ खड़े रहने और आवाज लगाने के भी निर्देश दिए, ताकि ज्यादा से ज्यादा यात्री निगम की बसों में सफर करें। इसके अलावा बस अड्डे में तैनात किए गए निगम कर्मचारियों को अड्डे में 10 मिनट से ज्यादा किसी भी बस को खड़ी न करने के निर्देश दिए हैं, ताकि अड्डे में जाम की स्थिति न बन सके। (अनंत ज्ञान)


बस स्टैंड हमीरपुर की मरम्मत का कार्य करती जेसीबी।

> बस स्टैंड के पैचवर्क के कार्य के लिए साढ़े छह लाख रुपए का बजट जारी किया गया है। उन्होंने कहा कि इस दौरान बसों की आवाजाही में थोड़ी बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा उन्होंने बस आपरेटरों से पैचवर्क कार्य के दौरान सहयोग की अपील की है।
> -राजकुमार पाठक, उपमंडलीय प्रबंधक हमीरपुर डिपो

## सीएम के आशीर्वाद से विकास कार्यों को मिला बल : निशांत शर्मा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**



मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा हमीरपुर शहर के लिए करोड़ों रुपए की नई योजनाओं को मंजूरी प्रदान की है। इनमें से कई कार्य आरंभ भी कर दिए गए हैं। नगर परिषद हमीरपुर के मनोनीत पार्षद निशांत शर्मा ने बताया कि इस समय नगर परिषद के विभिन्न वार्डों में लाखों रुपए के कार्य जारी हैं।

उन्होंने बताया कि हमीरपुर शहर का दिल कहे जाने वाले गांधी चैक के जीर्णोद्धार का कार्य शुरू हो चुका है। शहरवासियों, व्यापारियों और प्रतिदिन बाहर से बड़ी संख्या में आने वाले लोगों की सुविधा के लिए शहर में शौचालयों का जीर्णोद्धार प्राथमिकता के आधार पर करवाया जा रहा है, जिन पर लाखों रुपए खर्च किए जा रहे हैं, जबकि अन्य कार्यों की भी टैंडर प्रक्रिया चल रही है। निशांत शर्मा ने कहा कि शहर को बिजली के तारों के जाल से मुक्ति दिलाने तथा अंडरग्राउंड केबल बिछाने के लिए मुख्यमंत्री ने लगभग 20 करोड़ रुपए की एक महत्वाकांक्षी योजना को भी मंजूरी दी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने लंबे समय से लटके हमीरपुर बस अड्डे का निर्माण कार्य शुरू करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने इसके लिए दो करोड़ रुपए की पहली किश्त पहले ही जारी कर दी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के आशीर्वाद से शहर में विकास कार्यों को बल मिल रहा है।

## ब्रेक फेल होने से डिस्पेंसरी की दीवार से टकराई बस

**हमीरपुर।** एचआरटीसी डिपो बिलासपुर की घुमारवीं से अमृतसर जाने वाली बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। अघार क्षेत्र में पहुंचते ही बस की ब्रेक फेल हो गई, जिस कारण बस को डिस्पेंसरी की सुरक्षा दीवार के साथ टकराया गया। हालांकि यहां काफी उतराई है, लेकिन चालक ने सूझ-बूझ दिखाते हुए बस को सुरक्षा दीवार से लगाकर रोक लिया। हादसे के दौरान बस में बैठी सवारियों की चीखें भी निकल गई। हादसे में सुरक्षा दीवार टूट हो गई और बस को भी काफी नुकसान पहुंचा है।


ब्रेक फेल होने से डिस्पेंसरी की सुरक्षा दीवार से टकराई बस।

## ममता सरकार के खिलाफ गांधी चौक पर किया प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा द्वारा हमीरपुर के गांधी चौक पर पश्चिम बंगाल में हिंदू महिलाओं पर किए जा रहे अत्याचार को लेकर भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष वंदना योगी की अगुआई में धरना-प्रदर्शन किया गया है। इस मौके पर प्रदेश महिला मोर्चा उपाध्यक्ष शीतल व्यास, जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष अर्चना चौहान, भोरंज की पूर्व विधायक कमलेश कुमारी, हमीरपुर की पूर्व विधायक उर्मिल ठाकुर सहित कई कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रही।

वहीं वंदना योगी और शीतल व्यास ने बताया कि पश्चिम बंगाल में हिंदू महिलाओं पर बलात्कार और अत्याचार किए जा रहे हैं, लेकिन ममता सरकार आरोपियों को पकड़ने के बजाय, इसका विरोध करने वालों पर कार्रवाई कर रही है, जो कि गलत है।


ममता सरकार के खिलाफ गांधी चौक पर धरना-प्रदर्शन करती प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा।


करोट गांव में शिविर के दौरान महिलाओं-किशोरियों को मासिक धर्म की जानकारी देने के बाद स्टाफ के साथ।

### एस्पायर अकादमी के अमृत कौशल जेईई मेन के पहले चरण में हिमाचल के टॉपर

**हमीरपुर।** एस्पायर संस्थान ने अपना वर्चस्व कायम रखते हुए रखते हुए एक बार फिर एनटीए ने 13 फरवरी को जेईई मेन की पहले चरण की परीक्षा का परिणाम घोषित किया जिसमें एस्पायर अकादमी के अमृत कौशल ने 99.75 पर्सेंटाइल हासिल करके पूरे हिमाचल में पहला स्थान हासिल किया। इसके अलावा एस्पायर अकादमी के अन्य छात्रों ने भी परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन किया। एस्पायर एकेडमी के 132 छात्रों में से 53 छात्रों ने 90 से अधिक पर्सेंटाइल हासिल किए हैं और 65 छात्रों का देश के प्रसिद्ध कॉलेज आईआईटी और एनआईटी के लिए चयन संभव है। इस उपलब्धि के लिए संस्थान के निदेशक योगेंद्र मीना ने सभी विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को बधाई दी।

### आर्थिक कुप्रबंधन का शिकार हिमाचल सरकार : विनोद ठाकुर



**हमीरपुर।** आपदा के समय में धन के आवंटन में भारी अनियमितताएं हुई हैं और आपदा के नाम पर पैसे की बंदरबांट हुई है। यह बात भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता विनोद ठाकुर ने यहां जारी प्रेस बयान में कही। ठाकुर ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा भेजी गई 1730 करोड़ की राहत राशि भी पात्रों पीड़ित लोगों तक नहीं पहुंची। उन्होंने आरोप लगाया कि जबसे यह सरकार बनी है, तब से ही हर माह लगभग एक हजार करोड़ का लोन लिया जा रहा है, परंतु विकास कार्य पूर्णतः ठप हैं। आज चाहे किसान, मजदूर, नौजवान, महिलाएं व हर कोई अपने आपको ठगा हुआ महसूस कर रहा है।

### बिझड़ी में मापतोल यंत्रों का सत्यापन 17 तक

**बिझड़ी।** मापतोल विभाग द्वारा बिझड़ी बाजार में कैंप लगाया गया है। कैंप दौरान स्थानीय व्यापारी अपने नापतोल यंत्रों का सत्यापन करवा रहे हैं। यह कैंप 12 से 17 फरवरी तक लगाया जाएगा। कैंप के दौरान लगभग 250 व्यापारी अपने इलेक्ट्रॉनिक्स व मैनुअल कांटों का सत्यापन करवाएंगे। विभाग द्वारा साल में एक बार की जाने वाली सत्यापन की इस प्रक्रिया का लाभ व्यापारियों को घर बैठे मिल रहा है। मापतोल निरीक्षक नरेश ठाकुर का कहना है की व्यापारी अपने सत्यापन प्रमाण पत्र कैंप में आकर प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि यदि व्यापारी अपने माप तोल यंत्र को सत्यापित नहीं करवाते हैं और निरीक्षण के दौरान पकड़ा जाता है तो उसे जुर्माना किया जाएगा है।

### भूतपूर्व सैनिकों के बच्चे कर सकेंगे होटल मैनेजमेंट में डिग्री

**हमीरपुर।** भूतपूर्व सैनिकों के बच्चों के लिए आर्मी इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट एंड कैटरिंग टेक्नोलॉजी बेंगलुरु से होटल मैनेजमेंट में तीन वर्षीय या चार वर्षीय डिग्री करने का अवसर मिलेगा। जिला सैनिक कल्याण उपनिदेशक स्क्वाड्रन लीडर मनोज राणा ने बताया कि इस प्रतिष्ठित संस्थान में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में दाखिले के लिए भूतपूर्व सैनिकों के जमा दो पास बच्चे पात्र हैं। उन्होंने बताया कि तीन या चार वर्षीय डिग्री कोर्स में प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन पत्र और आवश्यक जानकारियां संस्थान की वेबसाइट एआईएचएमसीटीबैंगलोर.ऐजू.इन पर उपलब्ध हैं। अधिक जानकारी के लिए संस्थान की सहायक प्रोफेसर एजी प्रिया के मोबाइल नंबर 81237-65777, सहायक प्रोफेसर संजू कुमार के मोबाइल नंबर 97404-60564 व जिला सैनिक कल्याण कार्यालय के दूरभाष नंबर 01972-222334 पर भी संपर्क किया जा सकता है।

### भविष्य के लिए कड़ी मेहनत करने की जरूरत : डॉ. त्रिलोक

**हमीरपुर।** करियर प्वाइंट यूनिवर्सिटी के हरित ऊर्जा अनुसंधान केंद्र व नैनो टेक्नोलॉजी सेंटर ने मिलकर 'नैनोटेक्नोलॉजी के साथ हरित ऊर्जा में नवीनतक रुझान' विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस में मुख्य वक्ता के तौर पर आईटीआई दिल्ली के एसोसिएट प्रोफैसर डॉ. त्रिलोक सिंह भंडारी, शूलिनी ऊर्जा विज्ञान उत्कृष्टता प्रौद्योगिकी केंद्र के निदेशक प्रो. डॉ. श्याम सिंह ठाकुर, एमिटी सेंटर फॉर नैनोटेक्नोलॉजी एमिटी यूनिवर्सिटी गुड़गांव के प्रो. डॉ. अतुल ठाकुर उपस्थित हुए। मुख्य वक्ताओं ने दक्षता में एक आदर्श बदलाव और अगली पीढ़ी के सौर सेल की स्थिरता, नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों और उनकी संचयन तकनीकों आदि विषय पर अपना ज्ञान साझा किया और समाज और भविष्य के लिए संबंधित क्षेत्रों में कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। डॉ. इंदु शर्मा, डॉ. नरेश कुमार, डॉ. अजय शर्मा, शोधार्थीयों में श्वेता कौशल, निकेश ठाकुर, रवि कुमार, अंजलि व निशा ने कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष योगदान दिया।

**लंबे इंतजार की राहत**

**'स्टाफिंग पैटर्न' और वेबसाइट का इंतजार, दोनों का काम अंतिम चरण में**

# भर्ती आयोग इसी महीने होगा 'वर्किंग मोड' पर

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

लग रहा है अब राज्य चयन आयोग इसी महीने से फुल फॉर्म में आ जाएगा। नई भर्तियों का विज्ञापन भी जारी हो सकता है। वेबसाइट बनाने का काम जोर-शोर से चल रहा है।

फरवरी माह के अंत में भर्ती प्रक्रिया की इंतजार कर रहे लाखों युवाओं को राहत मिलने संभावना है, लेकिन इस बात पर निश्चित रूप में अभी ऊहापोह की स्थिति बरकरार है कि इसका अंदरूनी स्ट्रक्चर कैसा होगा? क्या नए कर्मचारियों की भर्ती होगी? या फिर आउटसोर्स स्टाफ इसका महत्वपूर्ण हिस्सा बनेगा। 14 माह से इस आयोग में अभी तक जो काम हुआ है, वह विजिलेंस और एसआईटी की टीमों के दरमियान रिकॉर्ड के लेन-देन तक सीमित रहा है। आयोग के मुख्य प्रशासक आरके पुरुथी को अब अतिरिक्त रूप में अध्यक्ष का पदभार भी दिया गया है, लेकिन आयोग के क्रियाशील होने की स्थिति रफ्तार कब पकड़ेगी, इसकी इंतजार अभी भी बेरोजगार युवाओं के लिए पहेली बनी हुई है।

**बड़ी भर्तियों का विज्ञापन हो सकता है जारी, केवल होंगे 17 कर्मचारी, बाकी आउटसोर्स और मशीनरी से ही होगा काम**

दरअसल में जब यह आयोग भंग किया गया था, उसके बाद विजिलेंस को यहां से दर्ज मामलों के हिसाब से जिस-जिस रिकॉर्ड को संबंधित मामलों में आयोग से लेना था, उसी के लिए यहां पर तकरीबन 15 लोगों का स्टाफ अभी भी मौजूद है। बाकी का सारा स्टाफ सरकार के दूसरे विभागों में बदल दिया था।

सूत्रों के मुताबिक जो स्टाफ अभी आयोग में मौजूद है, उसे भी डिपार्टमेंट अलॉट हो चुके हैं। इनमें तकरीबन तीन सुपरिंटेंडेंट, सीनियर असिस्टेंट, एक एसओ, प्यून और क्लर्क के पद शामिल हैं। सवाल यह उठ रहा है कि अब जिस पुराने स्टाफ को रिटेन किया गया है, तो फिर, गड़बड़झाले के सवाल सारे स्टाफ पर आखिर क्यों उठाए गए।

सूत्रों के मुताबिक शिमला में डीआईटी आयोग की नई वेबसाइट को तैयार कर रही है या अंतिम चरण में है। इसमें कुछ दिक्कतें थी जो अब सॉल्व हो गई हैं। इसके सही काम पर आने के बाद ही सारा प्रोसेस मुकम्मल तौर पर शुरू हो जाएगा। ज्यादातर काम आउटसोर्स और मशीनरी के जरिए ही होगा अब आयोग के कर्ताधर्ता और सरकार अंदरुनी स्टॉफ पर ज्यादा विश्वास करने की स्थिति में नहीं आना चाह रही, यानी कुल-मिलाकर 15 से 17 लोगों का रेगुलर स्टाफ होगा जो स्टाफ अभी मौजूद है, पुराने आयोग का रिटेन किया गया है, उसे भी बाद में इधर-उधर भेजा जाएगा और यहां पर मुकम्मल तौर पर नए स्टाफ की तैनाती होगी, लेकिन इस प्रक्रिया में वक्त लगेगा। (अनंत ज्ञान)

### स्टाफिंग पैटर्न की खल रही अभी कमी

**किसी** भी संस्था को चलाने के लिए उसके स्ट्रक्चर में स्टाफिंग पैटर्न को सबसे पहले तैयार किया जाता है। उसके बाद काम आवंटित होगा। अभी इस नए आयोग में स्टाफिंग पैटर्न पर लगता है ज्यादा मशक्कत नहीं हुई है, इसीलिए सवाल हैं।

> कुछ समय तो लगेगा, लेकिन जो स्टाफ यहां है, उसे फिलहाल रिटेन किया जाएगा। उम्मीद यही है कि इस माह के अंत तक व्यावहारिक रूप में किसकी फंक्शनिंग को अमलीजामा पहना दिया जाए।
> -आरके पुरुथी, मुख्य प्रशासक आयोग

**NOTICE INVITING E-TENDERS**

NO.J.E.MCH/02/2024/3655

OFFICE OF THE MUNICIPAL COUNCIL HAMIRPUR DISTRICT HAMIRPUR (H.P)

DATED HAMIRPUR THE-.15-22024

Executive Officer, Municipal Council, Hamirpur do hereby invites online bids on the website: https://hptenders.gov.in from the eligible contractors/firms/NGO for the works as mentioned below:-

**General Condition**

1. The contractors/firms/NGO should inspect the site himself and make conversant with the site conditions.
2 If the opening day is holiday, the tenders shall be opened on next working day at the same time.
3. The contractors/firms/NGO has to carry out all the works under the guidance of ME/JE of the MC HAMIRPUR.
4. Contractors/firms/NGO must have PAN No. GST/TIN No and EPF number, Valid RC Fitness of Vehicle, Valid Insurance Copy and DL of Driver.
5. Executive Officer, Municipal Council, Hamirpurreserves the right to reject/cancel any or all the Tenders or reject/modify any term and condition without assigning any reason.
6. Detailed Terms and Conditions of the NIT can be seen in the office of Municipal Council Hamirpur on any working day within working hours.

**Name of Work :** Hiring of 14 No. Mahindra Jeep or Tata Yodha or Equiv with 1 driver for each vehicle having twin separate compartment for wet/dry waste door to door collection from all wards of MC HAMIRPUR and disposal at SWM Plant.

**Bid Document Fee (in Rs.) :** 2000/-
**EMD Contractors (in Rs.) :** 150000.00
**Tender download start date :** 17.02.2024
**Tender download end date :** 04.03.2024 till 10:00 PM
**Tender opening Date :** 05.03.2024 at 11:00 AM
**Time Limit :** 3years

Executive Officer,
Municipal Council, HAMIRPUR

# बिलासपुर में पनीर और वैनिला केक के सैंपल फेल

## निर्माता कंपनी को नोटिस जारी, शहर और कोटीपुरा क्षेत्र से फूड सेफ्टी विभाग ने भरे जांच के लिए सैंपल, आई रिपोर्ट, कई अन्य सैंपल की रिपोर्ट आना बाकी

**शुभम राही, बिलासपुर**

बिलासपुर जिले में पनीर और वैनिला केक के सैंपल फेल पाए गए हैं।

यह सैंपल कुछ समय पहले बिलासपुर शहर और कोठीपुरा क्षेत्र की दुकानों से भरे गए थे, जिसकी रिपोर्ट आने के बाद विभाग ने कार्रवाई करना शुरू कर दिया है, जिसके चलते विभाग ने पहले चरण में निर्माता कंपनी सहित दुकानदार को बतौर नोटिस भी जारी कर दिया है। ऐसे में इस नोटिस का 10 दिन के भीतर जवाब मांगा गया है। विभाग का कहना है कि इस नोटिस प्रक्रिया के बाद यह सारा मामला कोर्ट में पेश किया जाएगा, जिसके बाद आगामी कार्रवाई कोर्ट द्वारा पेश में लाई जाएगी।

खबर की पुष्टि करते हुए फूड सेफ्टी विभाग बिलासपुर के

### नोटिस प्रक्रिया के बाद यह सारा मामला कोर्ट में पेश किया जाएगा

सहायक आयुक्त महेश कश्यप ने बताया कि खाद्य पदार्थ बेचने वाले दुकानदारों की दुकानों में अगर गंदगी पाई जाती है, तो उनके खिलाफ भी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

उन्होंने फास्ट फूड बेचने वालों से अपील की है कि अपनी दुकानों के किचन एरिया को साफ-सुथरा रखें। इसी के साथ दुकान में कार्य करने वाले वर्कर्स का भी लाइसेंस अनिवार्य किया है।

अधिकारी का कहना है कि प्रतिदिन विभागीय टीम जिले के विभिन्न स्थानों में स्थित दुकानों में छापामारी कर रही है। प्रतिदिन विभाग सैंपल भी एकत्रित करता है, जिसको जांच के लिए कंडाघाट जिला सोलन लैब में भेजा जाता है। लैब से रिपोर्ट आने के बाद विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जाती है।

### लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा : महेश

अधिकारी महेश कश्यप का कहना है कि अब वह शहर में खाद्य पदार्थों की दुकानों का भी औचक निरीक्षण करेंगे। अगर किसी भी रेस्तरां सहित अन्य दुकानों में कोई खामियां पाई जाती हैं, तो मौके पर ही कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने वालों को बिल्कुल भी बख्शा नहीं जाएगा। इसी के साथ सहायक आयुक्त ने जिले के दुकानदारों को आदेश जारी किए हैं कि अगर किसी दुकानदार ने अपना लाइसेंस नहीं बनाया है, तो वह जल्द लाइसेंस बनाएं। ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से भी वह लाइसेंस बना सकते हैं। विभाग की बेवसाइट पर लाइसेंस संबंधित सभी जानकारी उपलब्ध हैं। विभाग ने एक विशेष रूप से जिला में अभियान भी शुरू किया है, जिसमें अब मिठाई की दुकानों की प्रतिदिन जांच की जाएगी। मिठाई में मिलावट सहित रेट लिस्ट जांच करने को लेकर एक टीम का भी गठन किया गया है। यह टीम प्रतिदिन जिले के विभिन्न स्थानों पर जाकर दुकानों का निरीक्षण कर रही है। इस दौरान अगर किसी भी मिठाई में मिलावट पाई जाती है, तो मौके पर ही यह मिठाई फैंकवाई सहित कार्रवाई की जाएगी।



### निर्माता कंपनी को बतौर नोटिस भी जारी किया

उधर, फूड सेफ्टी विभाग बिलासपुर के सहायक आयुक्त महेश कश्यप ने बताया कि दो सैंपल फेल पाए गए हैं। निर्माता कंपनी को बतौर नोटिस भी जारी कर दिया है। खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वालों को बिलकुल भी बख्शा नहीं जाएगा।

## प्राचीन परंपराओं के मुताबिक श्रद्धालु करवा रहे छोटे बच्चों के मुंडन संस्कार

**अनंत ज्ञान, श्री नयना देवी जी**

गुप्त नवरात्र के दौरान माता श्री नयना देवी के दरबार में जहां पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु माता जी के दर्शनों के लिए पहुंच रहे, वहीं पर अपनी प्राचीन परंपराओं के मुताबिक गुप्त नवरात्र के पावन उपलक्ष्य पर अपने छोटे-छोटे बच्चों के मुंडन संस्कार भी करवा रहे हैं।

गुप्त नवरात्र के पावन उपलक्ष्य पर पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और अन्य प्रदेशों से श्रद्धालु माता के दरबार में अपने छोटे-छोटे बच्चों के मुंडन संस्कार करने के लिए भी पहुंचते हैं। गुप्त नवरात्र के दौरान श्रद्धालु अपने बच्चों के मुंडन संस्कार करवाकर उनके बाल माता को अर्पित करते हैं और बच्चे की लंबी उम्र के लिए माता से मन्नत करते हैं। पुजारी नीलम शर्मा ने बताया कि जिन श्रद्धालुओं की माता श्री नयना देवी कुलदेवी है। उन्हें अपने बच्चों के पहले मुंडन संस्कार यहीं पर करवाने पड़ते हैं और बाल माता काली के मंदिर में अर्पित करने पड़ते हैं यह परंपराएं प्राचीन काल से चली आ रही हैं।



गुप्त नवरात्र के दौरान माता श्री नयना देवी में छोटे बच्चे का मुंडन संस्कार करते हुए।

## भाखड़ा जाने वाले मुख्य मार्ग पर पहाड़ी से गिरा तेंदुआ, मौत

**अनंत ज्ञान, श्री नयना देवी जी**

विधानसभा क्षेत्र श्री नयना देवी जी के अंतर्गत भाखड़ा जाने वाले मुख्य मार्ग पर आमली वाले घाट नामक स्थान पर पहाड़ी से तेंदुआ नीचे सड़क पर जोर से गिरने से सिर में चोट लगने के कारण घायल हो गया, जिसे कुछ स्थानीय लोगों ने वहां पर घायल अवस्था में देखा और उन्होंने इसकी सूचना वन विभाग को दी।

सूचना मिलते ही विभागीय अधिकारी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने मादा तेंदुए को घायल अवस्था में देखा, तो तुरंत पशु चिकित्सालय घवांडल में उपचार के लिए पहुंचाया। डॉक्टर अरुण नेगी पशु चिकित्सा अधिकारी तथा उनकी समस्त टीम ने घायल मादा तेंदुए का उपचार किया मगर कुछ समय के बाद मादा तेंदुए ने दम तोड़ दिया बाद में उसे पोस्टमार्टम के लिए वन विभाग कार्यालय श्री नयना देवी जी में ले जाया गया। जहां पोस्टमार्टम के बाद नियमानुसार मादा तेंदुए का विभागीय अधिकारियों द्वारा अंतिम संस्कार कर दिया गया।



### राज्यपाल ने की डोहकेश्वर धाम में मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा कहा-

## देश को 'मंदिर कल्चर' वाला मिला पीएम

**अनंत ज्ञान टीम, बिलासपुर/ऊना**

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा कि देश को 'मंदिर कल्चर' वाला प्रधानमंत्री मिल गया है।

जहां भी मंदिरों की स्थिति बदली है अथवा विस्थापन हुआ है वहां भव्य मंदिरों का निर्माण हो रहा है। डोहकेश्वर धाम के निर्माण से जहां आस्था, संस्कृति और धरोहर का पोषण होगा वहीं, धार्मिक पर्यटन और आर्थिक गतिविधियां भी बढ़ेंगी। राज्यपाल बिलासपुर जिले के झंडूता विधानसभा क्षेत्र में डोहक गांव में डोहकेश्वर धाम के मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम के पश्चात श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे। भाखड़ा बांध के निर्माण के कारण यह क्षेत्र भी उजड़ गया था और मंदिर भी पानी में डूब गए थे, लेकिन आज यहां पुन: निर्माण कार्य हो रहे हैं और मंदिर पुनर्स्थापित किए जा रहे हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृढ़ संकल्प से आज अयोध्या में राम मंदिर, काशी विश्वनाथ जैसे हमारे आस्था और संस्कृति के प्रतीक केंद्रों का पुनरूद्धार हुआ है, जो किसी ने नहीं सोचा था। अयोध्या में राममंदिर के निर्माण से अगर उत्तर प्रदेश की जीडीपी बढ़ सकती है तो, कुल्लू के दशहरे में 500 से अधिक देवता आते हैं। ऐसे में हिमाचल की जीडीपी क्यों नहीं बढ़ सकती है।



राज्यपाल डोहकेश्वर धाम में 36 देवी-देवताओं की प्राण-प्रतिष्ठा में भाग लेते हुए।

## आसमान में रहस्यमयी धमाके से सहमे लोग

**बिलासपुर।** वीरवार दोपहर करीब 12:30 पर एक जोर सा धमाका होता है और लोग अपने घरों से बाहर आ जाते हैं। धमाका इतनी जोर का होता है कि लोगों को ऐसा लगता है कि भूकंप आ गया। इस रहस्यमयी धमाके का अभी तक भी प्रशासन को कोई पता नहीं चला है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी इस धमाके से लोग डर गए। लोगों ने बताया कि पहले उन्हें लगा कि यह भूकंप है, लेकिन ऐसा नहीं था। आपको बता दें कि आसमानी धमाके के समय लोग अपने घरों और कार्यालयों में कामकाज में व्यस्त थे। एकाएक हुए धमाके से लोग हैरान हो गए। लोग फोन पर एक-दूसरे से धमाके के बारे में पूछते रहे, लेकिन किसी को इसके कारणों का पता नहीं लग पाया। उधर, इस संदर्भ में जब बिलासपुर एएसपी शिव कुमार चौधरी से बात की गई, तो उन्होंने बताया कि मामला ध्यान में आया है। पुलिस जांच कर रही है।

## सिम्मी संघर्षशील व साहसिक महिला : प्रेमी

**बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश स्वतंत्रता सेनानी आश्रित परिषद की प्रदेश अध्यक्ष प्रेमी देवी ने उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री की पत्नी के निधन पर गहरा शोक प्रकट किया है। पूरे प्रदेश के स्वतंत्रता सेनानी परिवारों की ओर से अपने संदेश में उन्होंने कहा कि इस दुख की घड़ी में सभी स्वतंत्रता सेनानी परिवार मुकेश अग्निहोत्री के साथ खड़े हैं। सिम्मी बड़ी ही संघर्षशील और साहसिक महिला थीं, जब अचानक व्यक्ति परिवार का चला जाता है, तो बहुत तकलीफ होती है।

## घुमारवीं में बस को किया जब्त

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**

बस संचालकों की लगातार मिल रही शिकायतों पर परिवहन विभााग बिलासपुर द्वारा वीरवार को औचक निरीक्षण किया। बसों तथा अन्य वाहनों के औचक निरीक्षण के लिए क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी बिलासपुर राजेश कौशल सड़क पर निकले।

इस दौरान करीब 30 बसों के कागज भी चेक किए। इस दौरान दो बसों को जब्त किया गया। बिलासपुर आरटीओ ने बिलासपुर व घुमारवीं में यातायात नियमों को अवहेलना करने वाले वाहन चालकों पर कड़ा शिकंजा कसते हुए इस कार्रवाई को अंजाम दिया। टीम ने बिलासपुर में निजी



### आरटीओ ने की कार्रवाई

बसों सहित अन्य बड़े वाहनों की जांच की। इस दौरान दो निजी बसों को जब्त किया गया, जबकि पांच वाहनों से जुर्माना वसूला गया। जानकारी के अनुसार क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी बिलासपुर कार्यालय में काफी समय से लगातार निजी पशुओं को बिना जरूरी कागजात तथा इंश्योरेंस के चलाए जाने की शिकायतें मिल रही थ, इसके बाद परिवहन अधिकारी द्वारा बसों की जांच की गई, जिसमें अधूरे कागजातों पर चल रही दो निजी बसों को जब्त भी किया। जब्त की गई बसों में एक बिना इंश्योरेंस व दूसरी अधूरे कागजातों पर चल रही थी, जिसके चलते उसे इंपाउंड किया गया है। उधर, आरटीओ बिलासपुर राजेश कौशल ने बताया कि टीम द्वारा की गई कार्रवाई में वाहनों की जांच की, जिसमें निजी बसें व बड़े वाहन शामिल रहे। इनमें से अनियमितताएं पाए जाने पर पांच वाहनों के चालान काटे हैं, जबकि एक निजी बस को घुमारवीं में और एक निजी बस को बिलासपुर में जब्त किया गया।

## कुएं में डूबा पांच वर्षीय बच्चा, मौत

**बिलासपुर।** नयना देवी विस क्षेत्र के तहत आने वाली पंचायत छड़ोल में एक पांच वर्षीय बच्चे की पानी के कुएं में डूबने में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बच्चा प्राथमिका पाठशाल लोअर छड़ोल में पढ़ने के बाद छुट्टी उपरांत अपने घर की तरफ आ रहा था। वहीं, रास्तें में पानी पीते समय उसका पांव फिसला जिसकी वजह से वह कुएं में डूब गया। बच्चे की पहचान आतिश सहगल गांव व डाकघर छड़ोल बिलासपुर के रूप में हुई है। खबर की पुष्टि बिलासपुर डीएसपी मदन धीमान ने की व थाना सदर बिलासपुर पुलिस द्वारा धारा 174 सीआरपीसी के अंतर्गत कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

## मां सरस्वती से स्टूडेंट्स के उज्ज्वल भविष्य की कामना की

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

सरस्वती विद्या मंदिर मेन मार्केट विद्यालय में वसंत पंचमी के पावन अवसर पर गुरुकुल प्रथा को कायम रखते हुए हिंदू धर्म के सोलह संस्कारों में महत्वपूर्ण विद्यारंभ संस्कार करवाया गया।

इस अवसर पर बच्चों के हाथ में अक्षत, फूल, रोली के साथ विधिवत मंत्रोंचरण के साथ गणपति और देवी सरस्वती की मूर्ति पर पूजा सामग्री अर्पित करवाई गई। संस्कार के दौरान स्कूल की सभी शिक्षिकाओं द्वारा मां सरस्वती से बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई, ताकि बच्चे विद्यारंभ संस्कार के माध्यम से अपने जीवन में शिक्षा और ज्ञान प्राप्त अपने भविष्य को संवार सके। इस अवसर पर विश्व कल्याण की भावना को लेकर हवन यज्ञ भी करवाया गया, जिसमे सभी नौनिहालों सहित अविभावकों ने अपनी सुख-समृद्धि की कामना करते हुए आहुतियां डाली।



## संस्कृति से संबंधित लेख आमंत्रित किए जा रहे

**बिलासपुर।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी राज्य स्तरीय नलवाड़ी मेला बिलासपुर का आयोजन बड़ी धूमधाम से किया जा रहा है। मेले की स्मृतियों को संजोए रखने के उद्देश्य से स्मारिका का प्रकाशन भी किया जा रहा है। स्मारिका प्रकाशन के लिए बिलासपुर की संस्कृति से संबंधित लेख आमंत्रित किए जा रहे हैं।

जिला भाषा अधिकारी रेवती सैनी ने बताया कि बिलासपुर की धरोहर, कला, शैली और संस्कृति से संबंधित लेखों व कविताओं को प्राथमिकता दी जाएगी तथा आए हुए लेखों व कविताओं की छंटनी स्मारिका उपसमिति द्वारा की जाएगी। समिति द्वारा लिया गया निर्णय अंतिम माना जाएगा। इच्छुक व्यक्ति एक मार्च, 2024 तक अपने लेखों व कविताओं को अपने फोटो सहित जिला भाषा अधिकारी कार्यालय भेज सकते हैं। एक मार्च के उपरांत प्राप्त लेखों को स्वीकृत नहीं किया जाएगा।

## विद्यार्थियों को आ रही समस्याओं का हल जल्द करे कॉलेज प्रशासन



घुमारवीं महाविद्यालय में एनएसयूआई के कार्यकर्ता प्रधानाचार्य को ज्ञापन सौंपते हुए।

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन 1971 से लगातार छात्र हितों के मुद्दों को लेकर निरंतर संघर्ष शील है। इसी कड़ी में एनएसयूआई घुमारवीं इकाई ने छात्र समुदाय से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर प्राचार्या को ज्ञापन सौंपा।

महाविद्यालय में पीने के स्वच्छ पानी की समस्या बहुत दिनों से चली आ रही है। छात्रों को स्वच्छ पानी पीने को नहीं मिल पा रहा है। कॉलेज परिसर में शौचालय की इतनी बुरी हालत है कि कोई उसकी ओर ध्यान नहीं दे रहा है इतनी गंदगी फैली हुई है कि जिससे विद्यार्थी बीमार पड़ सकते हैं। महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा को भी रंग किया जाना चाहिए। जिलाध्यक्ष अभिषेक भारद्वाज ने बताया कि छात्र समुदाय संबंधी कोई भी समस्या हो तो एनएसयूआई हमेशा आपको साथ में खड़ी मिलेगी, एनएसयूआई ने चेतावनी दी है कि जल्द से जल्द इन मांगों को पूरा किया जाए अन्यथा एनएसयूआई आंदोलन करेगी। इस मौके पर एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष अभिषेक भारद्वाज, पूर्व सोशल मीडिया राष्ट्रीय सह संयोजक नितिन चड्डा, शिवांश, अखिल, शिवांश, रितेश, आदर्श, कार्तिक, करण, बादल, सुशांत आदि उपस्थित रहे।

## 400 से अधिक खाते खोलने पर पूजा और कांता को मिला सम्मान

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

डाक मंडल हमीरपुर की तरफ से घुमारवीं में विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर बिशन सिंह निदेशक डाक सेवाएं, हिमाचल परिमंडल मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता हेमशंकर प्रवर अधीक्षक डाकघर हमीरपुर मंडल ने की। बचत बैंक महा अभियान नवंबर 2023 में पूरे मंडल में चलाया गया था। उसकी पूरी रिपोर्ट संदीप धर्माणी सहायक अधीक्षक डाकघर हमीरपुर मंडल ने प्रस्तुत की। बताया गया कि कैसे पूरे हमीरपुर मंडल में शाखा डाकघर के छोटे स्तर से प्रधान डाकघर तक लोगों के बीच में जाकर बचत अभियान के बारे में जागरूकता लाकर रिकॉर्ड स्तर पर 49000 से अधिक पोस्ट ऑफिस की विभिन्न बचत योजनाओं के खाते खोले गए। समारोह में बचत बैंक अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों, ग्रामीण डाक सेवकों, बचत अभिकर्ताओं व उपमंडल अधिकारियों को सम्मानित किया गया।





डाक मंडल हमीरपुर की तरफ से विशेष सम्मान समारोह पर सम्मानित करते हुए।

बिशन सिंह ने बताया कि अंतिम घर तक डाक बचत खाता पहुंचाना और अंतिम व्यक्ति तक डाक सुविधाएं पहुंचाना डाक विभाग का लक्ष्य है, ताकि सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाएं प्रत्येक व्यक्ति को लाभान्वित कर सके। इसमें हमीरपुर मंडल में महारल से कांता देवी व घुमारवीं से पूजा पटियाल ने एक माह में 400 से अधिक खाते खोलकर प्रथम स्थान प्राप्त किया।

### ये भी हुए सम्मानित

संदीप धर्माणी, मेनका वर्मा, विक्रांत नड्डा, संजीव कुमार, राजेश कुमार, संदीप कुमार, रजनीश कुमार,अनिल केशव, वंदना शर्मा, राज कुमार, विजय कुमार, रविंद्र कुमार, कमल देव, रवि शर्मा, सुरेश धीमान, राजीव कुमार, सुनील कुमार, रंजू शर्मा, सुशील कुमार, रंजना कुमारी, संजीव कुमार, अंकुश जसवाल, राम लाल, नीना देवी, अनिरुद्ध भारद्वाज, कांता देवी, पूजा कुमारी, उमा देवी, अनु शर्मा, संतोष कुमारी, दीपिका सोनी, कमला देवी, सुनील दत्त, पवन कुमार, परीक्षित चड्डा आदि को सम्मानित किया गया।

## बिलासपुर में सरकार व प्रशासन का तानाशाही रवैया : सुमित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

भाजपा प्रदेश सचिव व संसदीय क्षेत्र प्रभारी सुमीत शर्मा ने जारी संयुक्त बयान में कहा कि जिस प्रकार से बिलासपुर में चुने हुए जनप्रतिनिधियों के प्रति पुलिस और प्रशासन का रवैया रहा वह अति निंदनीय और दुर्भाग्यपूर्ण है।

व्यवस्था परिवर्तन के नाम पर चुने हुए विधायक, जिला परिषद सदस्य और बीडीसी सदस्य सभी पर पुलिस प्रशासन ने लाठियां बरसाई और हिंसक रवैया अपनाया, इसकी भारतीय जनता पार्टी कड़ी निंदा करती है। सुमीत ने कहा कि जनप्रतिनिधियों की आवाज का दमन करना कांग्रेस शासित प्रदेशों में ब्रिटिश शासनकाल की पुनरावृति का एक काला अध्याय है। लोकतांत्रिक मूल्यों के अनुसार अगर कोई जन प्रतिनिधि और

### प्रदेश आज इस प्रकरण को लेकर सरकार की निंदा कर रहा

जनता अपनी मांगों को लेकर आवाज उठाने का प्रयास कर रही है और लंबे समय से धरने पर बैठे हैं, तो उनकी आवाज को दबाना नहीं चाहिए, बल्कि सुनना चाहिए।

**व्यवस्था परिवर्तन के नाम पर लोकतांत्रिक मूल्यों का हनन कर रही सरकार**

भाजपा के वरिष्ठ नेता रणधीर शर्मा जो कि श्री नयना देवी से विधायक भी हैं, इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे थे और जनता की आवाज प्रशासन तक पहुंचने का प्रयास कर रहे थे पर प्रशासन सुनने को तैयार ही नहीं था। सरकार का यह तानाशाही रुख ठीक नहीं है, प्रदेश आज इस प्रकरण को लेकर सरकार की निंदा कर रहा है।

**खुशी** त्युं खास पंचायत में सड़क सुविधा से वंचित कई गांव अब बस सुविधा से जुड़ने जा रहे

## त्युं खास में सड़क सुविधा का किया सफल ट्रायल

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र की पंचायत त्युं खास में सड़क सुविधा से वंचित कई गांव अब बस सुविधा से जुड़ने जा रहे हैं, जिसके लिए स्थानीय प्रशासन की ओर से लोक निर्माण विभाग के साथ मिलकर सड़क को पास करने के लिए बस का सफल ट्रायल किया गया।

इस ट्रायल के तहत उपमंडलीय अधिकारी घुमारवीं गौरव चौधरी, लोक निर्माण विभाग परिवहन विभाग के अधिकारियों की अगुआई में इस बस का ट्रायल किया गया। एसडीएम घुमारवीं सहित अन्य विभाग के अधिकारी भी बस में बैठकर नैण गांव से मेहरन गांव पहुंचे। इस मौके पर ग्रामीणों ने निरीक्षक टीम का हार पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत किया। बताते चलें की पंचायत त्युं खास के लोग वर्षों से सड़क सुविधा की मांग कर रहे थे हालांकि अभी तक इस पंचायत के गांव में नैण तक तो बस सुविधा मौजूद थी, लेकिन इससे आगे के गांवों के लोग बरसों से सड़क सुविधा के साथ-साथ बस सुविधा से भी मरहूम थे, जिससे लोगों को करीब अढ़ाई किलोमीटर का सफर पैदल तय करना पड़ता था।

इस पंचायत के तहत पड़ने वाले गांव मेहरन, त्युं तथा साथ लगती पंचायत के करीब 2000 लोगों को इस सड़क सुविधा का लाभ मिलेगा, जिससे अब इन लोगों को कई मील पैदल चलने से भी राहत मिलेगी।



त्युं खास में सड़क सुविधा के सफल ट्रायल पर मौजूद लोग।

### मरीजों को पालकी में सड़क पर पहुंचाना पड़ता था

लोगों का कहना है कि आब उपमंडल मुख्यालय में पहुंचने के लिए यहां के लोगों को परेशान नहीं होना पड़ेगा साथ ही मरीजों को समय पर अस्पताल पहुंच के बेहतर इलाज मिल सकेगा क्योंकि इन लोगों को मरीजों को अभी तक पालकी में बिठाकर सड़क तक पहुंचाना पड़ता था, जिससे कई बार मरीज इलाज से महरूम में रहे जाते थे। इसके साथ ही स्कूली बच्चों को स्कूल पहुंचने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था, लेकिन इस सड़क निर्माण के बाद अब इन लोगों को भी राहत मिलेगी।

> नैण गांव से मैहरण तक सड़क निर्माण करवाने के बाद इस पर बस का एक सफल ट्रायल भी किया गया। इस मौके पर लोक निर्माण विभाग तथा अन्य विभागों की टीम मौजूद रही। बस के सफल ट्रायल के बाद परिवहन विभाग को पत्र जारी कर दिया गया है।। उम्मीद है कि जल्द ही लोगों को बस सुविधा मिलना शुरू हो जाएगी।
>
> **गौरव चौधरी एसडीएम घुमारवीं।**

## वसंत पंचमी एक ऐसा त्योहार, जो देवी सरस्वती के महत्व को दर्शाता



होली हार्ट पब्लिक स्कूल घुमारवीं में वसंत पंचमी के त्योहार पर मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए।

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

होली हार्ट पब्लिक स्कूल घुमारवीं में वसंत पंचमी का त्योहार बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

इस मौके पर स्कूल स्टाफ सदस्यों व विद्यार्थियों ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। इस मौके पर मुख्याध्यपिका नीलम संख्यान ने वसंत पंचमी के महत्व को समझाया व साथ ही सभी को वसंत पंचमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वसंत पंचमी हमारे देश का सबसे महत्वपूर्ण उत्सव है, जिसका मुख्य लक्ष्य मां सरस्वती के चरणों में विद्या का वरदान और प्राप्त करना है। वसंत पंचमी एक ऐसा त्योहार है जो देवी सरस्वती के महत्व को दर्शाता है। देवी सरस्वती बुद्धि, ज्ञान, संगीत, कला और विज्ञान की देवी है। इसके साथ ही उन्होंने बच्चों को बताया कि यह वसंत ऋतु की शुरुआत का भी एक प्रतीक है। इस मौके पर विद्यालय के सभी बच्चों ने मां सरस्वती का आशीर्वाद लिया।

# डोहकेश्वर धाम से बढ़ेगा धार्मिक पर्यटन : राज्यपाल

## कहा- मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा से धाम की दिव्य शक्ति और स्वयं चमत्कार सनातन संस्कार का प्रमुख उदाहरण

**अनंत ज्ञान, लठियानी ( ऊना )**

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा कि डोहकेश्वर धाम के निर्माण से जहां आस्था, संस्कृति और धरोहर का पोषण होगा वहीं धार्मिक पर्यटन और आर्थिक गतिविधियां भी बढ़ेगी। यह स्थल दिव्य होगा और आने वाले समय दे देश और दुनिया के धार्मिक नक्शे में प्रमुख होगा। जहां देश विदेश से अक्षत संग्रहित करके धाम में मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा हुई है इससे इस धाम की दिव्य शक्ति स्वयं चमत्कार करके सनातन संस्कार की प्रमुख उदाहरण होगी। राज्यपाल वीरवार को ऊना और बिलासपुर जिले के बीच झंडूता विधानसभा क्षेत्र में डोहकेश्वर धाम में मूर्ति प्राण


महामहिम राज्यपाल जनता को संबोधित करते हुए।

प्रतिष्ठा कार्यक्रम संपन्न होने के बाद श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा की धाम में 36 देवी-देवताओं की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा हुई है। पूरे वैदिक संस्कृति के तहत यहां अनुष्ठान चला है और यहां पूर्व में भी धार्मिक नगरी थी जिससे यहां की दिव्यता और बढ़ती है। इस अवसर पर, राज्यपाल ने कहा कि यह सब के लिये खुशी की बात है कि यहां एक ही स्थान पर अनेक देवी-देवताओं के दर्शन का सौभाग्य मिलेगा। राज्यपाल ने कहा कि डोहकेश्वर धाम में हर व्यक्ति को योगदान देकर इस स्थान को अद्वितीय बनाना चाहिए। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह स्थान भी धार्मिक आस्था का केंद्र बनेगा और लोग दूर दूर से यहां आएंगे।

इस अवसर पर, राज्यपाल ने प्रदेश में बढ़ते नशे पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यदि हम एक व्यक्ति को भी नशे से दूर कर सकेंगे तो बहुत बड़ी बात होगी। उन्होंने लोगों से गांव में नशामुक्ति के लिये अभियान चलाने का आग्रह किया तथा कहा कि ऐसा करने से देवभूम की प्रतिष्ठा और बढ़ेगी। राज्यपाल ने इस अवसर पर मंदिर निर्माण के श्रमजीवियों को सम्मानित भी किया। हरियाणा विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष नंदलाल शर्मा, देसराज मोदगिल, विधायक जीत राम कटवाल आदि मौजूद थे।


डोहकेश्वर धाम में मूर्तियों के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को सफल बनाने वाले वेद विद्यालयों के विद्यार्थी और आचार्य राज्यपाल के साथ।


मूर्तियों के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के पश्चात लोकार्पण करते राज्यपाल।

## न्यूज ब्रीफ

### विद्यार्थियों को सिखाए आपदा से निपटने के गुर

**अम्ब।** राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय अंब में बुधवार को जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण( डीडीएमए) ऊना, की प्रशिक्षण समन्वयक सुमन चाहल ने विद्यार्थियों को आपदा से निपटने के गुर सिखाए। उन्होंने समस्त विद्यार्थियों को आपदा से निपटने के लिए मॉक ड्रिल पर एक व्याख्यान दिया। उन्होंने इस दौरान आग से बचाव के तरीकों एवं अग्निशमन उपकरणों के प्रयोग के बारे में भी जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर करीब 60 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) के सौजन्य से करवाया गया। इस कार्यक्रम में प्रो. रेखा शर्मा, प्रो. अमित शर्मा, प्रो. अनिल वर्मा सहित सभी सदस्य उपस्थित रहे।

### ओंकार शर्मा होंगे हिमोत्कर्ष समारोह के मुख्यातिथि

**ऊना।** हिमोत्कर्ष साहित्य संस्कृति एवं जनकल्याण परिषद का राज्य स्तरीय 50 वां वार्षिक अधिवेशन 18 फरवरी, 2024 रविवार को सुबह 10.30 बजे एलजेएन हिमोत्कर्ष राजकीय कन्या महाविद्यालय कोटला खुर्द में आयोजित होगा। यह जानकारी परिषद के प्रादेशिक महासचिव डा.रविंद्र सूद ने दी। उन्होंने बताया कि समारोह में हिमाचल प्रदेश सरकार में अतिरिक्त मुख्य सचिव (जनजातीय विकास,राजस्व,जल शक्ति विभाग) व चेयरमेन हिमाचल प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ओंकार चंद शर्मा मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करेंगे, जबकि पूर्व कुलपति डा.राज बहादुर कार्यक्रम अध्यक्ष व पूर्व विधायक सतपाल रायजादा विशिष्टातिथि के रूप में शिरकत करेंगे। कार्यक्रम में उत्तरी भारत की 5 विभूतियों को हिमोत्कर्ष राष्ट्रीय एकात्मकता पुरस्कारों व 3 विभूतियों को हिमोत्कर्ष हिमाचलश्री पुरस्कारों से अलंकृत किया जाएगा। इसके अलावा दो अन्य विभूतियों को भी सम्मानित किया जाएगा।

### सीनियर महिला हॉकी टीम का चयन

**ऊना।** हिमाचल सीनियर महिला वर्ग की राज्य टीम का चयन करने के लिए हिमाचल प्रदेश की सीनियर हॉकी महिला खिलाड़ियों को आमंत्रित किया गया है। यह खिलाड़ी 14वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भाग लेंगी। महिलाओं की राष्ट्रीय चैंपियनशिप 14 मार्च से 23 मार्च 2024 तक पुणे (महाराष्ट्र) में आयोजित की जाएगी। चयन ट्रायल ऊना के एस्ट्रो टर्फ ग्राउंड में 18 फरवरी को सुबह 9 बजे आयोजित किया जाएगा, जिसमें महिला खिलाडियों को शारीरिक दक्षता में यो यो टैस्ट को पास करना अनिवार्य होगा। महिला खिलाड़ियों को हिमाचल प्रदेश का आयु प्रमाण पत्र और वास्तविक प्रमाण पत्र लाना अनिवार्य होगा। जो महिला खिलाड़ी हॉकी हिमाचल के पोर्टल में पंजीकृत होगी वही इस चयन प्रक्रिया में भाग ले सकती हैं। किसी भी अन्य स्पष्टीकरण के लिए, 70185 08117,87001-97848 नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।

### बीजापुर में निकाली शोभायात्रा

**गोंदपुर बनेहड़ा।** बीजापुर में कल से श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह शुरू हो रहा है। आज इस उपलक्ष्य पर विशाल शोभा यात्रा निकाली गई। इस शोभायात्रा में काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया, पूरा बीजापुर राधे-राधे श्याम मिला दे की धुन से गूंज रहा था। डिप्टी डायरेक्टर उना ने राम नगर स्कूल का दौरा किया।

### डिप्टी डायरेक्टर ने रामनगर स्कूल का किया निरीक्षण

**गोंदपुर बनेहड़ा।** डिप्टी डायरेक्टर शिक्षा उना देवेंद्र चंदेल ने आज राजकीय उच्च माध्यमिक पाठशाला रामनगर का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उनके साथ भद्रकाली के प्रिंसिपल सतपाल विशिष्ट भी उपस्थित रहे। डिप्टी डायरेक्टर ने मिड डे मील एवं अन्य स्कूल के दस्तावेजों की जांच की। इस अवसर रामनगर स्कूल के प्रिंसिपल एवं सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

### जेएनवी में विद्यालय मृदा स्वास्थ्य कार्यक्रम आयोजित

**ऊना।** कृषि विभाग द्वारा पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय पेखुबेला में गतविदस विद्यालय मृदा स्वास्थ्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान कृषि उपनिदेशक कुलभूषण धीमान ने विद्यालय मृदा स्वास्थ्य कार्यक्रम की महत्वता बताई व बच्चों का कार्यक्रम के प्रति उत्साह बढ़ाया। मृदा परिक्षण अधिकारी दीपिका भाटिया तथा कृषि विकास अधिकारी पूजा देवी ने मृदा स्वास्थ्य, मृदा परिक्षण, सॉइल हेल्थ कार्ड एप व पोर्टल के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इसके अतिरिक्त कृषि विज्ञान केंद्र से कृषि वैज्ञानिक डॉ. मीनाक्षी सैनी तथा आत्मा परियोजना के बीटीए अरुण ने भी छात्रों को स्वस्थ मृदा की महत्वता समझाई। कार्यक्रम में जेएनवी के विद्यार्थियों ने बढ़चढ़ के भाग लिया व साथ ही किसानों को जागरूक करने का भी संकल्प लिया।

### गुरुद्वारा नानकसर गलुआ में वसंत पंचमी समागम आज

**उना।** ऊना के वार्ड नंबर तीन गलुआ में स्थिन गुरुद्वारा नानकसर में गुरु गोबिंद सिंह जी के विवाह पर्व एवं वसंत पंचमी समागम को समर्पित गुरमत समागम का आयोजन गुरु नानक देव जी के वंशज बाबा सरबजोत सिंह जी बेदी व साध संगत द्वारा श्रद्धा पूर्वक 16 फरवरी को किया जा रहा है। बलिहार सिंह, बलविंदर सिंह ने बताया की इस उपलक्ष्य में 10 फरवरी से लड़ीवार श्री अखंड पाठ साहिब प्रारंभ किए गए हैं, जिनके भोग 16 फरवरी को प्रातकाल 9 बजे डाले जाएंगे, जिसके उपरान्त गुरमत समागम का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया की गुरमत समागम में विभिन्न रागी जत्थे, संत महांपुरुष संत बाबा बाल जी, संत मंगला नन्द जी, बाबा जीत सिंह सिंह जी देहलां , बाबा प्रितपाल सिंह, बाबा दलबीर सिंह वडभागी, बाबा अमनदीप सिंह, बाबा गुरबक्श सिंह, ढाडी जत्था बीबी जसबीर कोर जस्स, भाई बलविंदर सिंह, गोपाल सिंह बालीवाल, भाई भूपिंदर सिंह,भाई हरदीप सिंह, भाई गगनदीप सिंह सहत अन्य जत्थे कथा कीर्तन वा प्रवचनों द्वारा निहाल करेंगे। इस अवसर पर गुरु के लंगर का आयोजन किया जाएगा।

### निधन पर जताया शोक

**गोंदपुर बनेहड़ा।** गोंदपुर बनेहड़ा के व्यापारी एवं बी डी सी सदस्य कुलदीप ठाकुर की माता के निधन पर स्थानीय पंचायत के प्रतिनिधियों विधायक चैतन्य शर्मा पूर्व विधायक राजेश ठाकुर स्थानीय व्यापारी वर्ग कर्मचारी वर्ग आम जनमानस ने गहरा दुख व्यक्त किया है इस दुखी घड़ी में आज गोंदपुर बनेहड़ा बाजार पूर्ण बंद रहा स्थानीय बाजार के लोगों राजन शर्मा राजेंद्र ठाकुर जीवन कुमार गुरदेव सिंह संदीप चौहान हैप्पी कुमार, राजीव कुमार एवं समस्त व्यापारी वर्ग ने दुख व्यक्त किया है।

# राजस्व विभाग से संबंधित लंबित मामले न्यूनतम समय में निपटाएं अधिकारी : डीसी

**अनंत ज्ञान, ऊना**

जिला ऊना में राजस्व विभाग से संबंधित मामलों को सभी अधिकारी न्यूनतम समय अवधि में पूरा करना सुनिश्चित करें, ताकि आम व्यक्ति के समय व धन की बचत हो सके। यह निर्देश उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने राजस्व विभाग की जिला स्तरीय बैठक में उपस्थित राजस्व विभाग के अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग में निशानदेही, तक्सीम, रिकवरी, दो व तीन विस्वा भूमि आवंटन इत्यादि से संबंधित से मामलों को सर्वोच्च प्राथमिकता दे तथा उन्हें एक अभियान की तरह निर्धारित न्यूनतम समयावधि में पूरा करना सुनिश्चित करें। इसके अलावा सार्वजनिक सेवा के तहत किए जाने वाले कार्यों को पेशेवर विनम्रता, संवेदनशीलता व गंभीरता से करें तथा उनका यथाशीघ्र निष्पादन करें। उन्होंने कहा कि सभी राजस्व अधिकारी ई-डिस्टिक के


राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक करते डीसी।

माध्यम से जारी किए जाने वाले प्रमाण पत्रों को दो दिनों के भीतर जारी करना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्र में एक भूमि बैंक संबंधी डाटा तैयार करें ताकि भविष्य में खेल गतिविधियों सहित अन्य विकासात्मक परियोजनाओं के लिए भूमि की उपलब्धता के अनुसार स्थानों का चयन किया जा सके। उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग से संबंधित मामलों का समयबद्ध निष्पादन करना प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा सभी राजस्व अधिकारी इसे अत्यंत गंभीरता से लें। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार राजस्व विभाग संबंधी कार्य प्रगति को संबंधित राजस्व अधिकारी की वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट में भी दर्शाया जाएगा। उन्होंने कहा कि ऊना जिला का कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र स्वच्छ वातावरण तथा प्राकृतिक खूबसूरती से भरपूर है तथा यहां पर पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। उपायुक्त ने कहा कि रायपुर मैदान तथा अंदरोली क्षेत्र को पर्यटक गंतव्य के रूप में विकसित किया जा रहा है तथा भविष्य में इस क्षेत्र में पर्यटकों से संबंधित सुविधाओं में इजाफा किया जाएगा। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त ऊना महेंद्र पाल गुर्जर, एसडीएम ऊना विश्व मोहन देव चौहान, एसडीएम बंगाणा मनोज कुमार, एसडीएम हरोली राजीव ठाकुर, एसडीएम गगरेट शशी पाल शर्मा, एसडीएम अंब विवेक महाजन, जिला राजस्व अधिकारी अजय कुमार सिंह, तहसीलदार बंगाणा अमित कुमार शर्मा, तहसीलदार हरोली जयमल सिंह, तहसीलदार ऊना शिखा, तहसीलदार गगरेट (घनारी) कुलताज, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी संजीव कुमार सहित विभिन्न उप तहसीलों के नायद तहसीलदार तथा राजस्व विभाग के अन्य अधिकारी व कर्मचारी भी उपस्थित थे।

# प्रशिक्षुओं की विदाई पर भावुक हुआ हटली स्कूल स्टाफ

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हटली में बीएड प्रशिक्षुओं को चार महीने का अध्यापक प्रशिक्षण कम्पलीट करने पर स्कूल स्टाफ द्वारा बिदाई पार्टी पार्टी दी गई। इस दौरान स्कूल प्रिंसिपल भूपेंद्र सिंह ठाकुर ने छात्रों के उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि चार माह के कार्यकाल में जो कुछ सीखा है। उसे गहनों की तरह संभाल कर रखें और अपने जीवन को सार्थक बनाने के लिए वह कार्य करें। वहीं प्रशिक्षु के रूप में आए समूर बीएड कॉलेज छात्राओं ने अपने संबोधन में स्कूल प्रिंसिपल भूपेंद्र सिंह ठाकुर एवं अन्य स्टाफ का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि आपके द्वारा दिए गए हर उपदेश और सिखाए गए हर क्षण का सिमरन हमारे सदैव दिल में रहेगा। बिदाई समारोह में हटली स्कूल का हर अध्यापक छात्र और खुद प्रशिक्षु भावुक देखा गया। इस मौके पर प्रवक्ता बिबेकशील शर्मा, प्रवक्ता सुशील शर्मा, प्रवक्ता इंद्रजीत सिंह के अलावा बीएड प्रशिक्षु नेहा, प्रियंका, मीरांजुल, मोनिका, नंदनी और शिल्पा मौजूद रहे।


बिदाई पार्टी पार्टी में मौजूद स्कूल स्टाफ व प्रशिक्षु।

# बसोली में गुरुद्वारा साहिब की नई इमारत का शिलान्यास

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

ऊना विधान सभा क्षेत्र के तहत गावं बसोली में गुरुव्वारा साहिब की नई निर्मित होने वाली इमारत के लिए शिलान्यास समागम का आयोजन किया गया।

जानकारी देते हुए अंतर्जीत सिंह मट्टू ने बताया की गुरुद्वारा साहिब की नई इमारत के शिलान्यास के अवसर पर गुरमत समागम का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया की इस अवसर पर विशेष तौर पर गुरु नानक देव जी के वंशज बाबा सरबजोत सिंह जी बेदी समागम में में शामिल हुए । उन्होंने बताया की इस अवसर पर बाबा सरबजोत सिंह जी बेदी द्वारा बाबा जीत सिंह जी देहलां,बाबा अमनदीप सिंह गुरुद्वारा धर्मशाला महंत भाई जवाहर सिंह जी ऊना तथा अन्य द्वारा की उपस्थिति में गुरुद्वारा साहिब के नएं भवन का बोले सो निहाल सत श्री अकाल के जयकारों के बीच रखा। इस अवसर पर बाबा सरबजोत सिंह जी


गुरुद्वारा साहिब के शिलान्यास के अवसर पर बाबा सरबजोत सिंह जी बेदी तथा अन्य।

बेदी ने कहा की गुरुद्वारा साहिब हमारी धार्मिक शिक्षा के स्कूल हैं । यहाँ हमें धर्म की शिक्षा मिलती है, जिसे गृहंण कर हम अपने जीवन में अपना-कर सुखी और खुशहाल जीवन व्यतीत कर सकते है।

उन्होंने कहा की गुरुद्वारा साहिब में सेवा संभाल करना हम सभी का नैतिक फर्ज है।इस अवसर पर भाई कुलदीप सिंह एवं भाई गोपाल सिंह बालीवाल के जत्थे ने शब्द कीर्तन व ढाडी कीर्तन द्वारा उपस्थित संगत को निहाल किया।इस अवसर पर गुरुद्वारा साहिब की कमेटी द्वारा बाबा सरबजोत सिंह जी बेदी तथा अन्य संत महापुरुषों को सिरोपा देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर गुरदयाल सिंह, राम असरा सिंह, अवतार सिंह, उजागर सिंह, बलबीर सिंह, शीतल सिंह,संतोख सिंह, केसर सिंह, गुरदेव सिंह, सुखविंद्र सिंह सहत अन्य उपस्थित थे।

# हिमाचली धाम के चर्चे के बीच गगरेट से राशन लेकर तीसरा ट्रक अयोध्या रवाना

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

श्रीरामलला की जन्मभूमि अयोध्या में राम भक्तों के लिए प्रदेश भाजपा द्वारा हिमाचली धाम के लगाए गए लंगर में देशभर में हो रहे चर्चे के बीच बुधवार को गगरेट से राशन लेकर एक और ट्रक अयोध्या के लिए रवाना किया गया है। इस ट्रक को वर्ष 1992 में अयोध्या में कारसेवक के रूप में उपस्थिति दर्ज करवाने वाले दौलतपुर चौक के मोहन लाल द्वारा पूर्व विधायक राजेश ठाकुर की मौजूदगी में विधिवत पूजा अर्चना कर रवाना किया गया। खास बात यह है कि द विशाल हिमाचल गुड्स ट्रांसपोर्ट सोसायटी द्वारा इस राशन को लंगर स्थल तक पहुंचाने के लिए लगातार तीसरा निशुल्क ट्रक भेजा गया है।

अयोध्या में राम भक्तों के लिए लगाए जा रहे हिमाचली धाम के लंगर को देश भर में ख्याति मिल रही है। हिमाचली धाम ने इस कद्र राम भक्तों को अपनी ओर आकर्षित किया है कि लंगर स्थल पर राम भक्तों की लाइन टूटने का नाम तक नहीं ले रही है। हिमाचली धाम में


गगरेट से राशन भरे ट्रक को अयोध्या के लिए रवाना करते लोग।

परोसे जा रहे खट्टे के लोग दीवाने हुए जा रहे हैं। हिमाचली धाम का लंगर निर्बाध चल सके इसके लिए विधानसभा क्षेत्र गगरेट के लोग दिल खोलकर राशन सामग्री दान कर रहे हैं। इसमें द विशाल हिमाचल गुड्स ट्रांसपोर्ट सोसायटी का अविस्मरणीय योगदान है। प्रदेश भाजपा की ओर से लगाए गए हिमाचली धाम के इस लंगर के व्यवस्था प्रमुख पूर्व विधायक एवं प्रदेश भाजपा सचिव राजेश ठाकुर ने बताया कि जिस प्रकार इस लंगर के लिए अकेले ही विधानसभा क्षेत्र गगरेट के लोगों ने राशन की व्यवस्था संभाली है उसकी जितनी तारीफ की जाए कम है। हिमाचली धाम के जरिए आज देश के कोने-कोने के लोगों ने जाना कि यूं ही हिमाचल को देवभूमि नहीं कहा जाता बल्कि यहां की जनता भी देवतुल्य है। इससे पहले वर्ष 1992 में अयोध्या में बतौर कारसेवक गए मोहन लाल ने कहा कि जो सपना कई साल पहले देखा गया उसे आज पूरा होते देख मन हर्षित होता है। श्रीराम भगवान ही नहीं बल्कि लोगों के लिए आदर्श के समान हैं। उधर द विशाल हिमाचल गुड्स ट्रांसपोर्ट सोसायटी के अध्यक्ष सतीश गोगी ने कहा कि श्रीराम की सेवा करने का सौभाग्य जिन्हें प्राप्त हुआ है उनकी जितनी प्रशंसा की जाए कम है।

# परीक्षा आवेदन के लिए तिथि बढ़ाने की मांग

**अनंत ज्ञान, अम्ब**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई अम्ब द्वारा हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रण को अंब महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दर्शन के माध्यम से विश्वविद्यालय प्रशासन को ज्ञापन भेजा है। इस ज्ञापन में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई अंब के कार्यकर्ताओं द्वारा यह मांग प्रस्तुत की गई कि हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक द्वारा विद्यार्थियों के परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि को बढ़ाया जाए। उन्होंने यह मांग रखी कि विद्यार्थियों की प्रवेश परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि को 29 फरवरी तक बढ़ाया जाए, ताकि जो विद्यार्थी किसी भी कारण से अपने परीक्षा होने भरने से रह गए हैं या किसी भी कारण से अपना परीक्षा फॉर्म नहीं भर पाएं है। वह अपना परीक्षा फॉर्म भर सके। इस ज्ञापन को सौंपते समय विशेष तौर से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई अंब के अध्यक्ष आयुष, इकाई मंत्री अखिल, समर्थ, निखिल, अंश, प्रिया, कोमल, नेहा व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


अंब महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दर्शन को ज्ञापन सौंपते विद्यार्थी।

**विकास**

## कुटलैहड़ के विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने निभाया अपना वादा, कम समय में हल की 20 वर्ष पुरानी समस्या

# 60 लाख की लागत से गांव अजनोली में नाला बनकर तैयार

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**

जबसे देवेंद्र कुमार भुट्टो को लोगों ने विधायक बनाकर कुलैहड़ हलके की कमान सौंपी है, तबसे विस क्षेत्र में करोड़ों रुपए के विकास कार्यों को तेज गति मिली है। इसी कड़ी के तहत गांव अजनोली के वार्ड नंबर तीन में 60 लाख रुपए की लागत से गंदे पानी की निकासी हेतु लगभग 200 मीटर लंबा नाला बनकर तैयार हो गया है। विस चुनावों में जब देवेंद्र भुट्टो वोट मांगने इस क्षेत्र में पहुंचे। तो उन्होंने यहां की हालत देखकर प्रण लिया था कि विधायक बनने के बाद इस कार्य को प्राथमिकता के आधार पर करवाकर लोगों को नर्क जैसे हालातों से बाहर निकाला जाएगा। विधायक ने इस कार्य को प्राथमिकता के आधार पर करवाकर यहां चुनावों में किया गया अपना वादा पूरा किया, वहीं लोगों को गंदी दुर्गंध से निजात मिली। इलाके के


गंदे पानी की निकासी हेतु बनाया गया नाला।

लोग विधायक भुट्टो का धन्यवाद करते नहीं थक रहे। लोगों ने कहा कि हमारे विधायक हमारे लिए फरिश्ता बनकर आए हैं। बताते चलें कि विस क्षेत्र के गांव अजनोली में वार्ड नंबर 3 के निवासी पिछले बीस वर्षों से नरक जैसी की जिंदगी जीने को मजबूर थे। बीस वर्षों में कई सरकारें आई और गई, यहां के वाशिंदों ने प्रशासनिक अधिकारियों से लेकर नेताओं, मंत्रियों तक से कई बार यहां खड़े गंदे पानी की निकासी को लेकर गुहार लगाई, लेकिन किसी के कान पर जूं नहीं रेंगी। हैरानी कि बात यह भी थी कि यहां पर नाले का निर्माण किया जाना था, वह सारी जमीन सरकारी है, लेकिन फिर भी बीस वर्षों तक यहां के वाशिंदों को नर्क जैसा जीवन जीने पर मजबूर होना पड़ा। यहां तक कि यहां के वासियों ने प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति को पत्र के जरिए इस समस्या को हल करने के लिए निवेदन किया, लेकिन प्रशासनिक अधिकारी मौके पर आने के बाद क्या रिपोर्ट बनाकर भेजते थे, किसी को कोई पता नहीं। सन 2021 में यहां के वासी स्वर्गीय सुदेश राज ने जिलाधीश राघव शर्मा से प्रार्थना की। राघव शर्मा के आदेश पर फाइल तैयार भी हो गई थी, लेकिन बजट का प्रावधान कहीं से नहीं हो पाया, जिसके कारण काम शुरू नहीं हो सका। देवेंद्र कुमार भुट्टो के विधायक बनने के बाद इलाके के हालात बदले और 60 लाख से नाले का निर्माण करवाकर इलाकवासियों को इस गंदगी से निजात दिलाई। (अनंत ज्ञान)

### जनता की समस्याओं का समाधान करना हमारा उद्देश्य : भुट्टो



**कुटलैहड़** विस क्षेत्र के विधायक भुट्टो ने कहा कि जब वह वोट मांगने यहां पहुंचे थे तो लोगों के घरों तक पहुंचना मुश्किल था। गंदे पानी से होकर लोगों के पास पहुंचना पड़ा था। इस समस्या बारे यहां के लोगों ने बताया तो हमने वादा किया था कि विधायक बनने के बाद हम लोगों को इस समस्या से निजात दिलवाएंगे। हमने अपना वादा पूरा कर, 60 लाख से नाले का निर्माण करवा कर यहां की जनता को नर्क जैसे हालातों से बाहर निकाल लिया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू के निर्देशानुसार विस क्षेत्र में विकास कार्यों को अस्लीजामा पहनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि कुटलेहड़ में विकास कार्यों के लिए धन की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी।

### जनता के सच्चे सेवक बनकर काम कर रहे विधायक भुट्टो : सुरिंद्र



**राज्य** रेडक्रॉस सोसायटी के प्रदेश सयोजक एवम कुटलैहड़ में चुनाव प्रभारी रहे ठेकेदार सुरिंद्र ठाकुर ने कहा कि बीते 14 माह के कार्यकाल में विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने कुटलैहड़ विस क्षेत्र की जनता की समस्याओं के समाधान जरूरतमंद परिवारों को आर्थिक सहायता देकर वह करके दिखाया है। जो एक फरिश्ता ही कर सकता है। और आज के समय में स्त्रलैहड़ विस क्षेत्र की जनता का विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो से बड़ा को कोई सच्चा सेवक नहीं है। जो अपने कुटलैहड़ की जनता के प्रति पूरा समर्पण की भावना से दिन-रात कार्य कर रहे हैं।

